आदर्श संस्कृत दर्पण

मथुरा प्रकाशन मंदिर

उत्तर-प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत नवीन पाठ्य क्रमानुसार

आदर्श

संस्कृत दर्पण

द्वितीय भाग

हाईस्कूल कक्षा ९ व १० के लिये

संस्कृत विषय के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित व्याकरण, अनुवाद तथा निबन्ध रचना की अद्वितीय पुस्तक

Yogesh Kumar Achary
K. K. College, MATHUR

लेखक :

चन्द्रप्रकाश आचार्य

एम. ए. (हिन्दी व संस्कृत), एल. टी.

किशोरी रमण इन्टर कालेज, मथुरा

प्रकाशक :

मथुरा प्रकाशन मन्दिर, मथुरा

प्रथम संस्करण १९७०] [मूल्य २·५०

प्रकाशक :
मथुरा प्रकाशन मन्दिर,
मीतल निवास, डेम्पीयर पार्क,
मथुरा ।

संस्करण : १९७०

सर्वाधिकार प्रकाशक के आधीन

मूल्य : २·५०

मुद्रक :
त्रिलोकीनाथ मीतल,
अग्रवाल प्रेस, मथुरा ।

दो शब्द

संस्कृत हमारे देश की बहुत प्राचीन भाषा है। लेकिन इस भाषा का बहुत कम प्रसार है। इस पुस्तक को लिखने का उद्देश्य संस्कृत भाषा को सरल, सुबोध तथा सर्व प्रिय बनाना है तथा संस्कृत व्याकरण की कठिनाईयों को दूर कर सुगम मार्ग प्रदर्शन करना है।

प्रस्तुत पुस्तक में नवीन शैली द्वारा संस्कृत व्याकरण जैसे—सन्धि, समास, शब्दरूप, धातुरूप, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, सूक्तियाँ वाक्य रचना सम्बन्धी आवश्यक एवं विस्तृत नियम, परीक्षोपयोगी निबन्ध सरल रीति से प्रस्तुत किये गये हैं। यह पुस्तक कतिपय नवीनतम विशेषताओं के साथ प्रस्तुत की गई है।

आशा है यह पुस्तक हाईस्कूल के छात्रों के लिये परम प्रिय तथा उपयोगी सिद्ध होगी।

प्रस्तुत संस्करण में जो भी त्रुटियाँ यदि शीघ्रता के कारण रह गई हों तो विद्वद्जन क्षमा करेंगे तथा अपने संशोधन एवं सुझाव प्रकाशक अथवा मेरे पास भेजने की कृपा करेंगे। हम उनके इस सहयोग का सहर्ष स्वागत करेंगे।

सहयोग के लिये धन्यवाद।

—लेखक

उत्तर प्रदेशीय परीक्षा के संस्कृत विषय का पाठ्य-क्रम *Syllabus*

(१) सन्धियाँ निम्न सूत्रों पर आधारित

(अ) स्वर सन्धि—(१) इकोयणिच, (२) एचोऽयवायावः, (३) आद्गुणः (४) वृद्धिरेचि. (५) एङ् पदान्तादति, (६) अंकः सवर्णे दीर्घः।

(ब) हल सन्धि—(१) स्तोश्चुनाश्चुः, (२) ष्टुनाष्टुः, (३) झलां जशोन्ते, (४) झलांजश झशि। (५) खरि च, (६) मोऽनुस्वार।

(स) विसर्ग सन्धि—(१) विसर्जनी यस्स सः, (२) सषजुषो रुः। (३) अतोरोरप्लुता-दप्लुते, (१) हशि च, (५) एतत्तदोः सुलोपोऽकोस अ समासे हलि, (६) भो भगो अघोअपूर्वस्योऽशि।

(२) शब्दरूप प्रकरण

(अ) संज्ञा—पुल्लिग—राम, हरि, सखि, गुरू, पितृ, गो, भूमृत, भगवत, करिन्।

स्त्रीलिंग—रमा, मति, नदी, धेनु, वधू, वाच्, सरित्।

नपुंसकलिंग—गृह, वारि, दधि, मधु, पयस्, शर्मन, जगत्, नामन्, मनस।

सर्वनाम—सर्व, पूर्व, तद्, यद्, किम्, युष्मद्, अस्मद, इदम्

विशेषण—एक से दस तक।

(३) धातुरूप प्रकरण

लट् लकार, लङ्, लोट्, विधिलिङ्, लृट्लकार में—

(अ) भ्वादिगण—(परस्मैपदी)—भू, हस्, पठ्, रक्ष, वद्, पच्, नम्, गम्, दृश्, सद्, स्था, स्मृ, पा, जि, सेव्, (आत्मनेपदी) लभ्, वृध्, मुद, सह्, (उभयपदी) याच्, नी, हृ,।

(ब) अदादि—(प०) अद, अस्, रुद, स्वप्, हन्, ई, (आ०) आस, शा (उ०) ब्रू, दुह।

(स) जुहोत्यादि—(प) हु, भो, (उ०) दा ।
(द) दिवादि —(प०) दिव्, नृत, नश्, (आ०) युध, जन् ।
(ङ) स्वादि— (प०) आप्, शक्, (उ०) सु ।
(क) तुदादि— (प०) तुद्, इष्, स्पृश्, प्रच्छ (आ०) मृ, (उ०) मुच् ।
(ख) रुधादि— (उ०) रुध्, भूज् ।
(ग) तनादि (उ०) तन्, कृ ।
(घ) क्र्यादि-- (प०) ज्ञा (उ०) क्रीङ् ग्रह ।
(ञ) चुरादि —(उ०) चुर्, चित्त, कथ्, भक्ष् ।

(४) समास—तत्पुरुष, कर्मधारय, बहुव्रीहि, द्वन्द ।

द्वितीय पत्र

अनुवाद—निबन्ध तथा पाठ्य पुस्तक ।

विषय-सूची

विषय पृष्ठ

प्रथम प्रश्न पत्र

अध्याय-प्रथम १—२५

व्याकरण

प्रस्तावना

व्याकरण तथा वर्ण विचार १

पारिभाषिक शब्द ३

सन्धि प्रकरण ४

अ—स्वर सन्धि ५

ब—व्यंजन सन्धि १०

स—विसर्ग सन्धि १३

समास के भेद—तत्पुरुष, द्विगु, कर्मधारय, द्वन्द १७

द्वितीय अध्याय

शब्द प्रकरण

शब्द विचार— २६

लिंग का विवरण, वचन, पुरुष, कारक, २६

शब्दरूप-पितृ, गौ, संज्ञा, राम, हरि, सखि, कर्तृ, भूमृत्, भगवत्, ३२

करिन् आत्मन्, राजन, विद्वान् ३३

स्त्रीलिंग—रमा, मति, नदी, धेनु, वधू, वाच्, सरित्, ४१

नपुंसकलिंग—गृह, वारि, दधि, मधु, पयस् शर्मन्, जगत्, नामन्, मनस, ४५

सर्वनाम—सर्व, पूर्व, तत्, यत्, किम्, इदम्, युमष्द, अस्मद ४८

विशेषण—संख्यावाचक, एक, द्वि, त्रि, चतुर्थ, पंचम् षष्ठ्, सप्तम्, अष्ठम्, ५४

नवम्, दशम् संस्कृत की गिनती १ से करोड़ ५६

विशेषणों की अवस्था ६०

शब्दरूप अभ्यास

विषय पृष्ठ

चतुर्थ अध्याय

क्रिया धातु विचार

	६१
१. क्रिया के भेद	६१
२. लकार, पुरुष, वचन, लिंग, पद, गण	६२
३. भ्वादिगण—भ, हस्, रक्ष, वद्, पठ्, नम, गम्, हृश्, सप, तिष्ठ्, स्म्, पा, जि, सेव, लभ्, वृध् मुद्, सद्, पच्, याच्, भी, हृ,	६८
४. अदादिगण—अद्, अस्, ब्रू, पा, कद्, दुह, स्वप्, हन्, इ, आस्, शी, सू,	८४
५. जुहोत्यादिगण—हु, भी, दा, धा,	९२
६. दिवादिगण—दिव्, नृत, नश् भ्रम्, युध्, जन्	९७
७. स्वादिगण—सु, आप्, शक्	१०२
८. तुदादिगण—तुद्, इषे, स्पृश्, पुच्छ, मृ, मुच्	१०५
९. रुधादिगण—रुध्, भुंज	११०
१०. तनादिगण—तन्, कृ	११३
११. क्रयादिगण—की, गृह, ज्ञा,	११५
१२. चुरादिगण—चुर, चिन्त्, कथ, भक्ष्,	११९
१३. अभ्यास	१२६

पंचम अध्याय

अविकारी शब्द 'अव्यय'

१. उपसर्ग	१२७
२. क्रियाविशेषण	१२८
३ समुच्चय बोधक	१३२
४. मनोविकार	१३३

द्वितीय प्रश्न पत्र

प्रथम अध्याय

वाक्य विभाग

१. रचना प्रकरण
अनुवाद के नियम १
२. क्रिया-वर्तमान, भविष्य, भूत ४
३. अव्ययों का प्रयोग ११
४. सर्वनामों का प्रयोग ११
५. लोट् तथा विधि० १२
६. कारक-प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, सम्बोधन १४
७. लिंग का विवरण ३०
८. वचन का विवरण ३०
९. पुरुष का विवरण ३१
१०. उपसर्ग युक्त धातुओं का प्रयोग ३२
११. विशेषण का प्रयोग, संख्यावाचक विशेषण ३३
१२. कर्मवाच्य तथा भाव वाच्य ३६
१३ समास का प्रयोग ३७
१४. प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग ३८
१५. कृदन्त प्रयोग-क्तवतु, क्त तयत्, अनीयर, शतृ, शानच्, तुमन् क्त्वा, ल्यप ३९
१६. कुछ व्यावहारिक नियम ४८
१७. कारकों के नियम एक दृष्टि में ५०
१८. मुख्य क्रियाओं के संक्षिप्त रूप ५४
१९. अभ्यास के प्रश्न ५७

द्वितीय अध्याय

निबन्ध प्रकरण

१. इन्दिरा गान्धी १
२. जवाहरलाल नेहरू २
३. लाल बहादुर शास्त्री ३
४. मम अध्यापकः ५
५. विद्यालयस्य वार्षिकोत्सवः ६
६. कृषकः ८
७. प्रिय पुस्तकम्

८.	यात्रा	१०
९.	प्रसिद्ध मेलकं	१२
१०.	वैज्ञानिक आविष्काराणि	१३
११.	संघे शक्ति कलौयुगे	१५
१२.	कः परः प्रियवादिनम्	१७
१३.	जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादिपि गरीयसी	१८
१४.	जन्तुशाला	२०
१५.	अस्माक राष्ट्रपति	२१
१६.	देशाटनं	२२
१७.	गोपालनम्	२४
१८.	महात्मा गान्धेः मार्गत्	२५
१९.	स्वार्थ त्याग	२७
२०.	संस्कृतस्य कश्चित् कपिः	२८
२१.	पठनं क्रीडनं च	२९
२२.	सत्संगति	३१
२३.	उद्योगः	३३
२४.	भगवान बुद्ध	३४
२५.	वायुयानम्	३६
२६.	सत्पुरुष के लक्षण	३७
२७.	सदाचार	३९
२८.	परोपकार	४१
२९.	विद्या सर्वस्व भूषणम्	४२
३०.	विद्या धर्मेण शोभते	४४
३१.	वसन्त ऋतु	४६
३२.	वर्षा ऋतु	४७
३३.	शरद ऋतु	४९
३४.	ग्रीष्म ऋतु	५०
३५.	शिक्षायाः महत्व	५१
३६.	संस्कृत भाषा	५३
३७,	दानम्	५४
३८.	गौः	५६
३९.	गजः	५८
४०.	मयूरः	५९
४१.	उद्यान	६०
४२.	व्यायाम	६२

संस्कृत

संस्कृत भारत की बहुत प्राचीन भाषा है। इसका साहित्य अत्यन्त समृद्ध एवं विशाल साहित्य है। आर्य सभ्यता के परिचालक अधिकांश ग्रन्थ इसी भाषा में पाये जाते हैं। क्योंकि यह समस्त भारतीय भाषाओं की जननी है। अतः भारतीयों के लिये संस्कृत का अध्ययन अत्यन्त आवश्यक समझा जाता है।

व्याकरण

भाषा और व्याकरण में बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध होता है। किसी भी भाषा का पूर्ण ज्ञान तब तक नहीं हो सकता जब तक कि उसके व्याकरण का ठीक-ठीक ज्ञान न हो। अतः संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिये तो उसके व्याकरण का अध्ययन और भी आवश्यक है, क्योंकि वह व्याकरण प्रधान भाषा।

भाषा वाक्यों का समूह होती है। वाक्य शब्दों से बनते हैं और शब्द अक्षरों (वर्णों) से। इसलिए व्याकरण शास्त्र में भाषा के इन्हीं तीनों अंगों वर्ण (अक्षर, शब्द और वाक्य पर ही विचार किया है।

वर्णविचार

वर्ण का अर्थ है, अक्षर या ध्वनि। ध्वनियों में वह छोटी से छोटी मुख से निकली हुई ध्वनि को वर्ण कहते हैं, जिसका विभाग न हो सके। जैसेः—अ, इ, उ, क, च, ट, त, प आदि।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं—(१) स्वर (अच्), (२) व्यंजन (हल्)।

(१) स्वर—जिस वर्ण का उच्चारण स्वयं विना किसी अन्य की वर्ण की सहायता से होता है, उसे स्वर कहते हैं। जैसेः—

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ।

स्वर तीन होते हैं—(१) ह्रस्व, (२) दीर्घ, (३) प्लुत।

(१) ह्रस्व स्वर-- जिन स्वरों के उच्चारण में कम समय लगे। जैसे—अ इ, उ, ऋ, लृ।

(२) दीर्घ स्वर- जिन स्वरों को बोलने में कुछ अधिक समय (दुगना) समय लगे। जैसे—आ, ई, ऊ, ॠ, ऐ, ओ, औ।

(३) प्लुत स्वर—जिन स्वरों के बीच ह्रस्व या दीर्घ से अधिक समय लगे वे लुप्त स्वर कहलाते हैं। इनके आगे '३' का अंक बना होता है जैसे—ओ३म् में 'ओ' प्लुत है। इसके बोलने में अधिक (तिगुना) समय लगता है।

(२) व्यंजन—जिन वर्णों का उच्चारण बिना स्वर की सहायता से न हो वे व्यंजन अथवा हल् कहलाते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं—

(१) स्पर्श, (२) अन्तस्थ, (३) ऊष्म।

स्पर्श व्यंजन ये हैं—

कवर्ग—क, ख, ग, घ, ङ।	अन्तस्थ—य, र, ल, व।
चवर्ग—च, छ, ज, झ, ञ।	ऊष्म—श, ष, स, ह।
टवर्ग—ट, ठ, ड, ढ, ण।	संयुक्त व्यंजन—ज्+ष=क्ष।
तवर्ग—त, थ, द, ध, न।	त्+र=त्र
पवर्ग—प, फ, ब, भ, म।	ज्+ञ=ज्ञ

क से लेकर म तक २५ व्यंजन होते हैं इनमें पाँच वर्णों की पंक्तियों को कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग और पवर्ग कहते है। य, र, ल, व को अन्तस्थ और श, ष, स, ह को ऊष्म कहते हैं।

अनुस्वार—स्वर के ऊपर (ं) जो विन्दु लगा होता है, उसे अनुस्वार कहते हैं। जैसे—हंस, कंस, वंश आदि।

विसर्ग—स्वर के आगे (:) के दो विन्दुओं को विसर्ग कहते हैं जैसे—प्रातः, रामः आदि।

अनुनासिक—ङ, ञ, ण, न तथा म को अनुनासिक व्यंजन कहते हैं।

किसी व्यंजन को स्वर में मिलाते समय हल् (्) चिन्ह हटा देते हैं और उसे जिस स्वर से मिलाना हो, उसकी मात्रा व्यंजन के साथ जोड़ देते है। जैसे--प्+ए=पे, य्+उ=यु।

स्वरों की मात्रायें ये हैं—

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ए, ऐ, ओ, औ।

× ा ि ी ु ू ृ ॄ े ै ो ौ

व्यंजनों के साथ मात्राओं का संयोग—

क, का, कि, की, कु, कू, कृ, कॄ, के, कै, को, कौ।

पारिभाषिक शब्द

संस्कृत व्याकरण में स्थान-स्थान पर बहुत से परिभाषिक शब्दों का प्रयोग होता है। जिन्हें जान लेना छात्रों के लिये आवश्यक है। जैसे—

पद—शब्द अथवा धातुओं के साथ जब प्रत्यय लगकर उनका एक रूप बन जाता है, तब उसे पद कहते हैं। जैसे—रामः पठति आदि। 'राम' में सु प्रत्यय लगा और 'पठति' में ति प्रत्यय।

पदान्त—पद के अन्त वाले वर्ण को पदान्त कहते हैं। जैसे—'रामः' और 'पठति' में क्रमशः 'मः' और 'ति' पदान्त हैं।

मात्रा—जब स्वरों के चिन्ह व्यंजनों में जुड़ते हैं तब वे मात्रा कहलाते हैं। जैसे—अ की मात्रा जब क् से मिलती है तब 'क' बन जाता है।

सम्प्रसारण—य्, व्, र्, ल् के स्थान पर आने वाले इ, उ, ऋ लृ, वर्ण की सम्प्रसारण संज्ञा होती है।

लोप—प्रत्यय आदि का अपने स्थान पर न दिखाई पड़ना लोप कहा जाता है।

आदेश—किसी वर्ण को हटाकर उसके स्थान पर किसी दूसरे वर्ण का शत्रुवत् आना आदेश कहलाता है। जैसे—सुधी+उपास्यः में 'इ' के स्थान पर 'य' होकर 'सुध्युपास्यः' रूप बन गया है।

आगम—किसी वर्ण के साथ अन्य वर्ण का मित्रवत् आकर जुड़ना आगम कहलाता है। जैसे—लक्ष्मी+छाया=लक्ष्मीच्छाया। यहाँ 'च्' का आगम हुआ।

उपधा—अन्तिम वर्ण के ठीक पहले वाले वर्ण को उपधा कहते हैं।

पररूप—पूर्व और पर वर्णों के मिलने पर जहाँ पर वर्ण ही हो वहाँ पररूप कहलाता है। जैसे—प्र+एजते=प्रेजते।

पूर्वरूप—पर और पूर्व वर्ण के मिलने पर जहाँ पूर्व वर्ण हो जाय वहाँ पूर्वरूप होता है। जैसे—हरे+अव=हरेऽव में ए और अ मिलकर ए के रूप में वदल गये।

प्रकृतिभाव—जहाँ दो स्वरों की परस्पर सन्धि का निषेध कर दिया गया हो वहाँ प्रगृह्य संज्ञा होती है। जैसे—विष्णू+एतौ=विष्णूएतौ।

सुप्—संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण शब्दों में जुड़कर जो प्रत्यय क्रिया से उनके विभिन्न प्रकार के सम्वन्धों को प्रकट करते हैं उन्हें 'सुप्' प्रत्यय कहते हैं। सुप् प्रत्यय से युक्त शब्द के 'सुवन्त' कहते हैं। जैसे—राम+सु=रामः। यहाँ 'सु' प्रत्यय सुप् प्रत्यय हैं और इसके मिलने से वना हुआ 'रामः' सुवन्त पद है।

तिङ्—जो प्रत्यय धातुओं से जुड़ कर क्रिया पद वनाते हैं उन्हें तिङ् प्रत्यय कहते हैं। जैसे—पठ+ति=पठति। यहाँ 'ति' प्रत्यय तिङ् प्रत्यय है और इससे मिलकर वना हुआ 'पठति' पद तिङन्त पद है।

कृत्—जो प्रत्यय धातु क साथ जुड़ कर संज्ञा, विशेषण अथवा अपव्यय वनाते हैं उन्हें कृत् प्रत्यय और उनसे मिलकर वने हुए को कृदन्त शव्द कहते हैं। जैसे—कृ+क्त प्रत्यय है और इससे मिलकर वना हुआ 'कृत' शव्द कृदन्त शव्द है।

तद्धित—जो प्रत्यय संज्ञा सर्वनाम और विशेषण शव्दों के साथ जुड़कर अन्य अर्थ प्रकट करते हैं उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं। जैसे—दिति+राय=दैत्य। यहाँ 'राय' प्रत्यय तद्धित प्रत्यय है। दिति शव्द के साथ 'राय' प्रत्यय के लग जाने से 'दैत्य' शव्द वनता है जिसका अर्थ होता है—दिति की सन्तान।

सन्धि प्रकरण

जब दो शव्द एक दूसरे के समीप आ जाते हैं तो अति निकटता के कारण प्रथम शव्द के अन्तिम वर्ण में अथवा द्वितीय शव्द के प्रथम वर्ण में अथवा दोनों में कुछ परिवर्तन हो जाता है। इस परिवर्तन को सन्धि कहते हैं। जैसे—विद्यालयः (विद्या+आलयः) यहाँ 'विद्या' के अन्त का "अ" और 'आलयः' के आरम्भ का 'आ"का मिलकर "आ" होगया है। अन्तः यहाँ सन्धि है।

सन्धि के भेद

सन्धिया तीन प्रकार की होती हैं—(१) स्वर या अच् सन्धि, (२) व्यंजन या हल् सन्धि, (३) विसर्ग सन्धि।

१—स्वर सन्धि

स्वर के साथ स्वर के मिलने से जो विकार होता है, उसे स्वर सन्धि कहते हैं। जैसे—विद्या + आलयः = विद्यालयः।

यहाँ 'आ' और 'आ' मिलकर "आ" होगया है 'आ' और 'आ' दोनों ही स्वर हैं। अतः यहाँ स्वर सन्धि है।

(१) दीर्घ सन्धि (सूत्र—अकः सवर्णे दीर्घः)

नियम—(क) यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद इनका समान वर्ण आये तो दोनों का मिलकर दीर्घ (बड़ा) हो जाता है।

अ और आ, इ और ई, उ और उ और ऊ तथा ऋ और लृ आपस में समान स्वर कहे जाते हैं।

अ + अ = आ, धन + अर्थी = धनार्थी।
अ + आ, = आ, शुभ + आगमनम् = शुभागमनम्।

नियम—(ख) यदि इ या ई के बाद इ या ई आये तो दोनों मिलकर दीर्घ (बड़ी) 'ई' हो जाती है। जैसे—

इ + इ = ई, कपि + इन्द्रः = कपीन्द्रः
ई + इ = ई, नदी + इन्द्रः = नदीन्द्रः

नियम—(ग) यदि उ या ऊ के बाद उ या ऊ आवे तो दोनों का मिलकर दीर्घ (बड़ा) 'ऊ' हो जाता है। जैसे—

उ + उ = ऊ, भानु + उदयः = भानूदयः
ऊ + उ = ऊ, वधू + उत्सवः = वधूत्सवः

नियम—(घ) यदि ऋ, ॠ या लृ के बाद ऋ, ॠ या लृ आयें तो दोनों का मिलकर 'दीर्घ (बड़ा) 'ॠ" हो जाता है।

ऋ + ऋ = ॠ, पितृ + ऋणम् = पितॄणम्।
ऋ + लृ = ॠ, होतृ + लृकारः = होतॄकारः।

अभ्यास—१

(क) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि कीजिए :—

शरण + आगतः । पुस्तक + अध्यक्षः । मुर + अरिः । तथा + अपि । मही + ईशः । श्री + ईशः । मही + ईश्वरः । द्रोपदी + इतिः । साधु + उन्नतिः । मधु + उत्सवः । गुरु + उपदेशः । लघु + ऊर्मिः । मातृ + लृकारः । पितृ + ऋषिः ।

(ख) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

परीक्षार्थी । छात्रावासः । पठनार्थम् । रामाज्ञा । गिरीशः । महीन्द्रः । विष्णुदयः । त्रिपुरारिः । सत्याग्रहः । गगनाकारम् ।

(२) गुणस्वर सन्धि (सूत्र—आद्गुणः) ।

नियम—(क) यदि अ अथवा आ के बाद ह्रस्व (छोटा) या दीर्घ (बड़ी) इ, उ, ऋ, लृ आयें तो अ+इ=ए, अ+उ=ओ, अ+ऋ=अर् और अ+लृ=अल् हो जाते हैं। जैसे—

अ + इ = ए, सुर + इन्द्रः = सुरेन्द्रः ।
आ + ई = ए, महा + ईश्वर = महेश्वरः ।

सारांश—ह्रस्व या दीर्घ (छोटा या बड़ा) किसी तरह का 'अ' और ह्रस्व या दीर्घ (छोटी या बड़ी) किसी प्रकार की 'ई' मिलकर "ए" हो जाती है ।

अन्य उदाहरण—

अ + उ = ओ, पर + उपकारः = परोपकारः ।
आ + उ = ओ, गंगा + उदकम् = गंगोदकम् ।
अ + ऋ = अर्, देव + ऋषिः = देवर्षिः ।
अ + लृ = अल्, तव + लृकारः = तवल्कारः ।

अभ्यास—२

(क) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि कीजिए—

महा + ईशः । देव + ईशः । नर + इन्द्रः । महा + इन्द्रः । परम + ईश्वरः । हित + उपदेशः । सरल + उपायः । महा + उपदेशकः । विद्यालय + उद्घाटनम् । पुत्र + उत्सवः । सुर + ऋद्धिः । मम + लृकारः ।

(ख) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि विच्छेद कीजिए—

ज्ञानेन्दुः । उपेन्द्रः । मन्दोदरी । सज्जनोन्नतिः । चन्द्रोदयः । शुभेच्छा । राजर्षिः । सर्वोदयः । गंगार्मिः । गणेशः । ममोदयः । यमुनेशः ।

(३) वृद्धिस्वर सन्धि (सूत्र—वृद्धिरेचि)

नियम—(क) यदि 'अ या आ' के बाद 'ए या ऐ' आये तो दोनों मिलकर "ऐ" हो जाता है । जैसे—

आ+ए=ऐ, सदा+एव=सद्+आ+एव=सद्+ऐव=सदैव ।

आ+ऐ=ऐ, सदा+ऐक्यम्=सद्+आ+ऐक्यम=सदैक्यम् ।

नियम—(ख) यदि 'अ या आ' के बाद 'ओ या औ' आये तो दोनों मिलकर "औ" जाता है । जैसे—

अ+ओ=औ, जल+ओकः = जल्+अ+ओकः = जल्+औकः = जलौकः ।

आ+औ=औ, महा + औषधिः=मह् + आ+औषधिः=मह्+औषधिः=महौषधिः ।

सारांश—यदि 'अ अथवा आ' के बाद 'ए अथवा ऐ' आवे तो दोनों मिलकर "ऐ" हो जाते हैं तथा 'ओ अथवा औ' आवे तो दोनों मिलकर "औ" हो जाते हैं ।

अभ्यास—३

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

मम+एव । सदा+एव । मम+एकता । पुत्र एषणा । जन+एकता । न+एतत् । गंगा+ओघः । सुर+ओकः । शीत+औषधम् ।

(ख) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि विच्छेद कीजिए—

अत्रैव । अनौघः । ममैष । तथैक्यम् । रामैकत्वम् । तस्यैव । शिवौदार्यम् । काष्ठौषधम् ।

(४) यणस्वर सन्धि (सूत्र—इकोयणचि) ।

नियम—(क) यदि 'इ अथवा ई' के बाद कोई असमान स्वर आये, तो 'इ या ई' का "य्" हो जाता है । जैसे—

इ+आ=य्+आ = या, इति+आदिः = इत् + इ+आदिः=इत्+ य्+आदिः=इत्यादिः ।

ई+ओ=य्+ओ=यो, नदी + ओघः=नद्+ई+ओघः=नद्+य्+ ओघः= नद्योघः ।

नियम—(ख) यदि 'उ अथवा ऊ' के बाद कोई असमान स्वर आये, तो 'उ या ऊ' का "व" हो जाता है । जैसे—

उ+आ=व्+आ=वा, सु+आगतम् =स्+उ+आगतम्=स्+व्+ आगतम्=स्वागतम् ।

नियम—(ग) यदि 'ऋ' के बाद कोई असमान स्वर आये, तो 'ऋ' का "र्" हो जाता है । जैसे—

ऋ+आ=र्+आ=रा, पितृ+आज्ञा=पित् + ऋ+आज्ञा=पित्+ र्+आज्ञा=पित्राज्ञा ।

नियम—(घ) यदि 'लृ' के बाद कोई असमान स्वर आये, तो 'लृ' का "ल्" हो जाता है । जैसे—

लृ+आ=ल्+आ=ला,लृ+आकृतिः=ल् + ल्+आकृतिः=लाकृतिः ।

सारांश—यदि ह्रस्व या दीर्घ (छोटी या बड़ी) इ या ई, उ या ऊ; ऋ या ॠ तथा लृ के बाद असमान स्वर आये तो इनके स्थान पर क्रमशः य्, व्, र् तथा ल् हो जाता है ।

अभ्यास—४

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

यदि + अपि । हरि+आगमनम् । नदी+अम्बु । रवि + उदयः । जननी+ अपि । अति+उदारः । हरि+आज्ञा । अनि+अत्र । भानु+अस्त्रः । मातृ+उत्सवः ।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

इत्यत्र । पित्रधिकारः । अत्यावश्यकः । मध्वरिः । नद्यम्बु । अध्यादेशः । यद्यपि । गुर्वादेशः । भान्वन्तः ।

(५) अयादिस्वर सन्धि (सूत्र—एचोऽयवायावः) ।

नियम—(क) यदि 'ए' के बाद कोई स्वर आये तो 'ए' का "अय्" हो जाता है। जैसे—

ए+अ=अय्+अ=अय, ने+अनम्=न्+ए+अनम्=न्+अय्+अनम्=नयनम्।

ए+ए=अय्+ए=अये, हरे+ए=हर्+ए+ए=हर्+अय्+ए=हरये।

नियम—(ख) यदि ऐ के बाद कोई स्वर आये, तो 'ऐ' का "आय्" हो जाता है। जैसे—

ऐ+अ=आय्+अ=आय, नै+अकः=न्+ऐ+अकः=न्+आय्+अकः=नायकः।

नियम—(ग) यदि ओ के बाद कोई स्वर आये तो 'ओ' का "अव्" हो जाता है। जैसे—

ओ+इ=अव्+इ=अवि, पो+इत्रः=प्+ओ+इत्रः=प्+अव्+इत्रः=पवित्रः।

नियम—(घ) यदि औ के बाद कोई स्वर आये तो 'औ' का "आव्" हो जाता है। जैसे–

औ+अ = आव्+अ = आव, पौ+अकः = प्+औ+अकः=प्+आव्+अकः=पावकः।

सारांश—यदि 'ए, ऐ, ओ, औं' के बाद कोई स्वर आयें, तो उनके स्थान पर क्रमशः 'अय्, आय्, अव् तथा आव्' हो जाते हैं।

अभ्यास—५

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

कवे+ए। पो+अनः। गुरौ+अपि। नै+अनः। मौ+उकः। गौ+इकः। रै+ए। मतौ+अपि। करौ+इव।

(ख) नियम निदश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

मुनये। मतये। जयः। पवित्रम्। शयनम्। भावकः। दायकः। पावनम्। चयनम्। गायनम्।

(६) पूर्वरूप स्वर सन्धि (सूत्र—एङः पदान्तादति)।

नियम—जिन शब्दों के अन्त में 'ए या ओ' के बाद ह्रस्व 'अ' आये तो 'अ' अपने पूर्व स्वर के रूप में मिल जाता है। उस लुप्त 'अ' के स्थान पर ऽ चिन्ह लगा देते हैं। जैसे—

ए + अ = ए, हरे + अव = हरेऽव ।
ओ + अ = ओ, प्रभो + अव=प्रभोऽव ।

अभ्यास—६

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए--

पुस्तके+अस्मिन् । प्रभो+अत्र । गते+अपि । देवो+अपि । हरे + अव । गृहे+अस्मिन् ।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए--

एकोऽपि । शेषेऽस्मिन् । ग्रामेऽस्मिन् । प्रभोऽनुकम्पा । विष्णोऽव ।

स्वर सन्धियों का अभ्यास—७

(१) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए--

शुभ+इच्छुः । वधू+आगमनम् । भो+अनम् । द्वौ+अपि । राम+ऋद्धिः । लते+इमे । शिष्ट+आचारः । मोक्ष+इच्छा । हेमन्त+ऋतुः । कन्ये+इमे । इति+एतत् । प्र+एधते । गै+अनम् । लोके+अस्मिन् ।

(२) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि विच्छेद कीजिए—

स्वरोदयः । एकैव । उपैधते । भानोऽत्र । वनौषधि । सुरेशः । वारीशः । शीततुः । अध्यस्तु । भावुकः । विष्णुदयः ।

२—व्यंजन सन्धि

जब कोई व्यंजन वर्ण किसी स्वर या व्यंजन वर्ण के साथ मिलकर कोई विकार उत्पन्न करता है तो उसे व्यंजन सन्धि कहते हैं । जैसे— वाक्+ ईशः =वागीशः ।

इसके प्रधान भेद निम्न हैं—

(१) श्चुत्व सन्धि । (२) ष्टुत्व सन्धि । (३) जश्त्व सन्धि । (४) अपदान्त जश्त्व सन्धि । (५) चर्त्व सन्धि । (६) अनुस्वार सन्धि ।

(१) श्चुत्व सन्धि (सूत्र—स्तोः श्चुनाश्चुः) ।

नियम—यदि सकार अथवा तवर्ग (त, थ, द, ध, न) से पहले या पीछे शकार या चवर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) के आने पर स का श् तथा तवर्ग का चवर्ग होता है । जैसे—

सत् + चित् = सच्चित् (त् + च = च) ।

सद् + जनः = सज्जनः (द् + ज = ज)।
निस् + चयः = निश्चयः (स् + च = च)।

विशेष—इस सन्धि में तवर्ग का जो वर्ण होता है उसके स्थान पर चवर्ग का वही वर्ण क्रम से होता है। जैसे—विद्वन+जयः=विद्वञ्जयः। यहाँ 'न' तवर्ग का पाँचवां वर्ण है, अतः इसके स्थान पर चवर्ग का पाँचवां वर्ण 'ञ' होगा।

अभ्यास—८

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

रामस्+शेते। सत्+चरित्रम्। निस्+छलः। तपस्+चर्या। महान्+जयः। महत्+जालम्। जगत्+जननी। हरिस्+चिनोति।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

सच्छात्रः। शरच्चन्द्रः। अन्यच्च। तज्जतः। मज्जयः। दुश्चरित्रः। कश्चित्। भवज्जेत।

(२) ष्टुत्व सन्धि (सूत्र—ष्टुनाष्टुः)।

नियम—यदि स अथवा तवर्ग के योग में प या ट वर्ग आवे तो स् का ष् और त वर्ग का ट वर्ग हो जाता है। जैसे—

रामस् + टीकते = रामष्टीकते (स् + ट = ष्)।
भवत् + टीका = भवट्टीका (त् + ट = ट्)।
इष् + तम् = इष्टम् (ष + त = ट)।

विशेष—इस सन्धि में भी त वर्ग का जो वर्ण होता है उसके स्थान पर टवर्ग का वही वर्ण होता है। जैसे—उद्+डीयते=उड्डीयते। यहाँ तवर्ग का तीसरा वर्ण 'द' है अतः उसके स्थान पर ट वर्ग का तीसरा वर्ण 'ड' होगया है।

अभ्यास—९

(क) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि कीजिए—

तत्+टीका। रामस्+षष्ठः। धनुस्+टंकारः। पप्+थः। पृष्+तवान्। धन्+टा। दृस्+तः।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

दुष्टः। पुष्टः। उड्डीनम्। तट्टीकते। दृष्टवान्। उड्डयनम्।

(३) जश्त्व सन्धि (सूत्र—झलां जशोऽन्ते)।

नियम—यदि पदान्त (शब्द के अन्त) में वर्ग के प्रथम वर्ण (अक्षर) के बाद स्वर या मृदु व्यंजन (वर्ग का तृतीय, चतुर्थ और पंचम वर्ण तथा य, र, ल, व, ह) आवे तो प्रथम वर्ण का अपने वर्ण का तृतीय वर्ण हो जाता है। जैसे—सत्+आचारः=सदाचारः।

यहाँ पर 'त' त वर्ग का प्रथम वर्ण (अक्षर) है अतः उसके स्थान पर तृतीय वर्ण (अक्षर) 'द' हो गया है।

जगत् + ईशः = जगदीशः (त् + इ = द्)।
दिक् + अम्बरः = दिगम्बरः (क् + अ = ग्)।
सुप् + अन्तः = सुबन्तः (प् + अ = ब्)।

अभ्यास—१०

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

वाक्+ईशः। जगत्+अम्बा। सत्+बन्धु। जगत्+आधारः। अच्+अन्तः। सत्+धर्मः। वाक्+हरिः। वाक्+जालम्।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

उद्गमः। सद्गतिः। जयद्रथः। कृदन्तः। वाग्यतः। जगद्बन्धु।

(४) अपदान्त जश्त्व सन्धि (सूत्र—झलांजश्झशि)।

नियम—यदि वर्ग का प्रथम या द्वितीय अथवा चतुर्थ वर्ण (अक्षर) के बाद किसी वर्ग का तीसरा या चौथा वर्ण (अक्षर) आवे तो प्रथम, द्वितीय या चतुर्थ अपने वर्ग का तृतीय वर्ण (अक्षर) हो जाता है। जैसे—

भवत्+भ्याम्=भवद्भ्याम् (त्+भ=द्) वर्ग का तीसरा वर्ण
लभ्+धम्=लब्धम् (भ्+ध=ब्) वर्ग का तीसरा वर्ण

अभ्यास—११

(क) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि कीजिए—

बुध्+धः। सिध्+धम्। क्रुध्+धः। क्षुभ्+धः। सरित्+भिः।

(ख) नियम निर्देशपूर्वक सन्धि विच्छेद कीजिए—

भगवद्भ्याम्। सिद्धि।

(५) चर्त्व सन्धि (सूत्र—खरिच)।

नियम—यदि वर्ग के तृतीय अथवा चतुर्थ वर्ण के आगे कोई कठोर व्यंजन (वर्ग के प्रथम और द्वितीय वर्ण और श, ष, स) आवें तो तृतीय और चतुर्थ का अपने वर्ग का प्रथम वर्ण (अक्षर) हो जाता है। जैसे—

लिभ्+सा=लिप्सा (भ्+स=प्)
भवद्+सु=भवत्सु (द्+स=त्)

अभ्यास—१२

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—
लभ+स्यते। तद्+पत्रम्। तद्+कृतम्। हृद+स्थलम्। युध्+सु।
(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—
छेत्ता। तत्कारणम्।

(६) अनुस्वार सन्धि (सूत्र—मोऽनुस्वारः)।

नियम - यदि शब्द के अन्त (पदान्त) में स्थित म् के बाद कोई व्यंजन आवे, तो म् का अनुस्वार (ं) हो जाता है। जैसे—

रामम्+वन्दे=रामंवन्दे (म्+व=ं)।
मातरम्+वन्दे=मातरंवन्दे (म्+व=ं)।

अभ्यास—१३

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—
रामम्+नमामि। त्वम्+करोषि। गृहम्+गच्छति। जलम्+पिवति।
(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—
हरिवन्दे। गृहंगत। कृष्णं वन्दे। कार्यंकरोति।

व्यंजन सन्धियों के अभ्यास—१४

(१) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—
एतत्+जलम्। पुष्+तः। त्वत्+शरीरम्। उत्+गमः। छेद्+ता। वाक्+दानम्। अन्यत्+च। तत्+श्रुत्वा। तत्+जलम्। भवान्+जयतु।
(२) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—
एतज्जलम्। शत्रूञ्जयति। पृष्टवान्। छेता। ककुबन्तः। उच्चारणम्।

(३) विसर्ग सन्धि

विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मिलने से जो विकार होता है उसे विसर्ग सन्धि कहते हैं। जैसे – मनः+रथः=मनोरथः।

विसर्ग सदा किसी न किसी स्वर के बाद ही आता है। जैसे—'दुखः' तथा 'रामः' में विसर्ग क्रमशः 'उ' और 'अ' के बाद है। अतः विसर्ग सन्धि में विसर्ग से पहले आने वाले स्वर तथा बाद के स्वर अथवा व्यंजन दोनों का ही ध्यान रखा जाता है।

इसके प्रधान नियम निम्न हैं।

(१) सूत्र—विसर्जनीयस्य सः।

नियम—यदि विसर्ग के बाद चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग के प्रथम या द्वितीय वर्ण (अक्षर) आवें, तो विसर्ग का 'स्' हो जाता है। जैसे—

नमः + ते = नमस्ते (: + त = स्)

भवतः + थूत्कारः = भवतस्थूत्कार (: + थ = स्)।

नियम—(क) यदि विसर्ग के बाद च, छ आये, तो विसर्ग का 'श्' हो जाता है। जैसे—

मृगाः+चरन्ति=मृगास्+चरन्ति=मृगाश्चरन्ति।

तरोः+छाया=तरोस्+छाया=तरोश्छाया।

नियम--(ख) विसर्ग के बाद ट, ठ आयें, तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है। जैसे –

धनुः+टङ्कारः=धनुस्+टङ्कारः=धनुष्टङ्कारः।

वृद्धः+ठक्कुरः=वृद्धस्+ठक्कुरः=वृद्धष्ठक्कुरः।

अभ्यास—१५

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

इतः+ततः। निः+चलः। हरिः+तरति। भानुः+छलति।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

रामस्तिष्ठति। नद्यास्तीरम्। यशस्तनोति। निष्ठरः। भूमेस्तलम्।

(२) सूत्र—ससजुषोरुः।

नियम—यदि पदान्त (शब्द के अन्त) में स आवे, तो 'स' का र् (रु) हो जाता है। अगर 'र्' के बाद यदि वर्गों के प्रथम, द्वितीय वर्ण या स, ष, श में से कोई वर्ण हो या कोई भी वर्ण न हो तो 'र्' के स्थान में विसर्ग (:) हो जाता है। जैसे—

मुनिस्+आगतः=मुनिरागतः (स्+अः=र्)।

बालकस्+पठति=बालकर्+पठति=बालकःपठति।

अभ्यास--१६

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

श्वेस्+दर्शनम्। कविस्+अयम्। गोस्+इव। मुनिस्+उवाचः।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

मुनिरिव। प्रभोराज्ञा। विधेराज्ञया।

(३) सूत्र—अतो रोरप्लुतादप्लुते।

नियम—यदि विसर्ग के पूर्व (पहले) और पश्चात् (बाद में) दोनों ओर ह्रस्व 'अ' हो तो विसर्ग (:) का 'उ' हो जाता है। इसके पश्चात् 'उ' का गुण और 'ल' का पूर्व रूप हो जाता है। जैसे—

रामः+अत्र=राम+उ+अत्र=रामोऽत्र (:+अ=ओ)।
कः+अपि=क+उ+अपि=कोऽपि (:+अ=ओ)।

अभ्यास-१७

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

रामः+अस्ति। कः+अयम्। सिंहः+अपि। विघ्नः+अत्र। कः+अत्र।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

सोऽपठत्। रामोऽवदत्। जनोऽपि। सर्वोऽयम्। नरोऽयम्।

(४) सूत्र—हशि च।

नियम—यदि ह्रस्व 'अ' के बाद विसर्ग हो और उसके बाद कोई मृदु व्यंजन (वर्ग के तृतीय, चतुर्थ, पंचम वर्ण तथा य, र, ल, व, ह) हो तो विसर्ग का "उ" हो जाता है। इसके बाद गुण सन्धि के द्वारा "ओ" हो जाता है। जैसे—

रामः+रथः=(मन+उ+रथः)=मनोरथ (:+र=ओ)।
बालः+हसति=(बाल+उ+हसति)=बालोहसति (:+ह=ओ)।

अभ्यास-१८

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

पुत्रः+वदति। देवः+जयति। नृपः+रक्षति। नरः+याति। कृष्णः+लिखति।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

को मनुष्यः । अद्योजातः । रामोगतः । नृपोजयति । वयोवृद्ध ।

(५) सूत्र—एतत्तदोः सुलोपोऽकोऽनञ् समासेहलि ।

नियम—सः (तद्), एषः (एतद्) के विसर्ग के बाद यदि कोई भी व्यंजन आवे तो विसर्ग का लोप हो जाता है । जैसे—

सः+गच्छति=स गच्छति (:+ग =विसर्ग का लोप) ।

एषः+वदति=एष वदति (: +व=विसर्ग का लोप) ।

अभ्यास--१९

(क) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

सः+लिखति । एषः+पुरुष । सः+पठति । एषः+करोति ।

(ख) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

स शिव । एष कवि । स शेते । एष गच्छति । सयाति ।

(६) सूत्र—(भो भगो अघो अपूर्वस्य योऽशि ।

नियम—भगोः, भोः, अघोः के बाद कोई स्वर या व्यंजन हो तो उनके विसर्ग का लोप हो जाता है । जैसे—

भोः+देवाः=भोदेवाः । अघोः+यादि=अघो यादि ।

भगोः+नमस्ते=भगो नमस्ते ।

विसर्ग सन्धि का अभ्यास—२०

(१) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

श्यामः+कथयति । कः+अत्र । नद्याः+तटम् । रमेशः+आयाति । गजः+अयम् । शिवः+वन्द्यः । कविः+रटति । मतिः+भ्रमति । सः+अपि ।

(२) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि-विच्छेद कीजिए—

कोऽपि । मनोरमा । यशस्तनोति । नमश्शिवाय । कश्चलति । इतस्ततः । गुरुर्गतः । कृष्णोनमति । गौरागच्छति ।

सन्धियों का अभ्यास

(यू० पी० बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में पूछी गयी सन्धियाँ)

(१) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सन्धि-विच्छेद कीजिए—

१—करम्यहम्, गत्वैतत्, एतन्निशम्य, प्रथमोपगतस्य, तस्मादयम्, येनैषः, एष दोषः, तत्वज्ञोऽपि, वनैकदेशे, देवेन्द्रातिकरान् । (१९६३)

२—किन्त्वबुद्धिः, स्वकीयोहेन, योऽहर्निशम्, भिक्षार्जितैः, नागदन्तेऽवलम्ब्य, अचिराच्च, धनाढ्यः, सोऽत्र, सदैवादर्शभूतम्, अत्याश्चर्यम् । (१९६४)

३—सर्वोच्छेदनम्, आश्चर्यान्विता, अद्यापि, जन्मशतेष्वपि, प्रत्युद्गम्य, निर्विण्णोऽस्मि, अर्थैभिः, नोपसर्पति, गुणाञ्छ्रुत्वा । (१९६५)

४—इन्द्रादयोऽपि, राजाऽपि, रात्रावेव, भवतेति, कस्मिश्चिदपि, सत्स्वपि । (१९६६)

५—ततोऽहम्, ततश्चाहम्, जानात्येव, प्रत्युपकारेण, तस्योद, राभ्यन्तरे, कुत्राऽपि, ममेति, दत्तास्तस्य । (१९६७)

६—दुष्टवचसा, श्मशानाश्रयः, करुणार्द्रचित्तास्तेन, सिहायोऽयं, षडदोषाः, पुरुषेणेह, समोवीर्ये, निष्क्रियाश्च, गतायुषः । (१९६८)

७—तस्मादुत्तिष्ठाय, उत्थायाचम्य,आवासमायान्ति, जगच्यक्षुः । (१९६९)

(२) नियम निर्देश पूर्वक सन्धि कीजिए—

(१) भव + ईशः, वारि+आनय, विष्णु + उदकम्, सुर+ वन्द्यः, भव+ऐश्वर्यम् । (१९६३)

(२) जल + ओघः, रिक्तः + असि, पुष्प + अवचयः, रमा+ ईश, कः+निवत् । (१९६४)

(३) तेन+उक्तम्, यः+अपि, सुर + ऐश्वर्यम्, कथयामि + इति, देवः+याति । (१९६५)

निम्नांकित शब्दों में से किन्हीं दो में नियम बतलाते हुए सन्धि कीजिए–

(४) यदि+अपि । रमा+ईशः । द्वौ+एव । सत् + चित् । कः+चित् । (१९६६)

(५) सदा + एव, पितृ + आज्ञा, विद्युत + लते, जगत् + नाथः, नृपः+अवदत्, रामः+वदहि । (१९६७)

(६) पर+उपदेशः, नृप + अपत्यम्, समित्+ लता, गौ+चरति, तत्+श्रृणोति, हरिः+शेते, रामः+अगच्छत् नृपः+अहपत् । (१९६८)

(७) तस्मिन्+ अरण्ये, वि + अतिगच्छतु, वीरवरः + चिन्तयामास, जयतु+आयुष्मान्, प्रीतिमान्+चक्रवाकः । (१९६९)

समास

परिभाषा—जब दो या दो से अधिक शब्दों (पदों) की विभक्तियों (कारकों) का लोप करके एक शब्द बना लिया जाता है । दो या दो से अधिक

पदों को मिलाकर एक शब्द बनाने की इस क्रिया को समास कहते हैं। समास का अर्थ होता है—संक्षेप।

दो या दो से अधिक पदों के मेल से बने हुए एक पद को समस्त पद या सामासिक शब्द कहते हैं। समस्त पदों (शब्दों) को अलग कर विभक्ति-चिन्ह सहित लिखने की प्रक्रिया (रीति) को "विग्रह" कहते हैं। जैसे—राजपुत्रः एक समस्त पद है। राजः पुत्रः (राजा का पुत्र) इसका विग्रह है।

समस्त पद का पहला पद 'पूर्वपद' कहलाता है और दूसरा पद 'उत्तरपद'। जैसे 'राजः' पूर्वपद और 'पुत्रः' उत्तरपद है।

समास भेद

समास के सामान्यतया ६ भेद होते हैं—(१) अव्ययीभाव, (२) तत्पुरुष, (३) कर्मधारय, (४) द्विगु, (५) बहुव्रीहि, (६) द्वन्द्व।

हाईस्कूल पाठ्यक्रम में स्वीकृत न होने के कारण अव्ययीभाव का विवरण नहीं दिया जा रहा है।

(२) तत्पुरुष समास

परिभाषा—उत्तर पद प्रधानः तत्पुरुषः।

जिस समास में उत्तर पद (अन्तिम शब्द) प्रधान होता है। अर्थात् अन्तिम पद के अनुसार ही लिंग, वचन और विभक्ति (कारक) होती है। जैसे—रामजननी (रामस्य जननी—राम की जननी) इसमें राम और जननी दो पद हैं, किन्तु रामजननी का अर्थ कौशल्या होने से इसका जननी पद ही प्रधान है और किसी वाक्य में प्रयोग करने पर उस वाक्य में इसके विशेषण, क्रिया आदि 'जननी' के ही अनुसार होंगे 'राम' के अनुसार नहीं।

प्रथमा विभक्ति को छोड़कर शेष सभी विभक्तियों के नाम से तत्पुरुष समास प्रसिद्ध हैं।

(क) **द्वितीया तत्पुरुष**—इसका पहला पद (पूर्वपद) द्वितीया विभक्ति का होता है। जैसे—

समास का नाम	शब्द	विग्रह
द्वितीया तत्पुरुष	गजारूढ़ः	गजम् आरूढ़ः (हाथी पर आरूढ़)।
,, ,,	धनप्राप्त	धनं प्राप्तः (धन को प्राप्त)।
,, ,,	शरणागतः	शरणम् आगतः (शरण में आगया)।

(ख) **तृतीया तत्पुरुष**—इसमें पहला पद तृतीया विभक्ति का होता है। जैसे—

तृतीय तत्पुरुष	नेत्रहीनः	नेत्रेण हीनः (नेत्र से हीन)।
,, ,,	बुद्धि रहितः	बुद्ध्या रहितः (बुद्धि से रहित)।
,, ,,	हरित्रातः	हरिणा त्रातः(हरि से रहित अर्थात् हरि द्वारा रक्षा की)

(ग) चतुर्थी तत्पुरुष—इसमें पहला पद चतुर्थी विभक्ति का होता है। जैसे—

चतुर्थी तत्पुरुष	दानपात्रम्	दानाय पात्राम् (दान के लिए पात्र)।
,, ,,	सुखार्थम्	सुखाय इदम् (सुख के लिए)।
,, ,,	भूतबलिः	भूतेभ्यः बलिः (भूतों के लिए बलि)।

(घ) पंचमी तत्पुरुष—इसमें पहला पद पंचमी विभक्ति का होता है। जैसे—

पंचमी तत्पुरुष	धर्मभ्रष्टः	धर्मात् भ्रष्टः (धर्म से भ्रष्ट)।
,, ,,	वृक्षपतितः	वृक्षात् पतितः (वृक्ष से पतित)।
,, ,,	गुरुपठितम्	गुरोः पठितम् (गुरु से पठित)।

(ङ) षष्ठी तत्पुरुष—इसमें पहला पद षष्ठी विभक्ति का होता है। जैसे—

,, ,,	राजपुत्रः	राज्ञः पुत्रः (राजा का पुत्र)।
,, ,,	वृक्षच्छाया	वृक्षस्य छाया (वृक्ष की छाया)।
,, ,,	देवपतिः	देवानां पतिः (देवों का पति)।

(च) सप्तम तत्पुरुष—इसमें पहला पद सप्तमी विभक्ति का होता है। जैसे—

सप्तमी तत्पुरुष	नरोत्तमः	नरेषु उत्तमः (नरों में उत्तम)।
,, ,,	पितृस्नेहः	पितरि स्नेहः (पिता पर स्नेह)।
,, ,,	शास्त्रनिपुणः	शास्त्रे निपुणः(शास्त्र में निपुण)।

तत्पुरुष के उक्त भेदों के अलावा अन्य ३ भेद हैं—

(१) उपपद तत्पुरुष, (२) नञ् तत्पुरुष, (३) अलुक् तत्पुरुष।

(१) उपपद तत्पुरुष—जब तत्पुरुष समास में उत्तर पद (दूसरा पद) किसी क्रिया का होता है, तब उसे उपपद तत्पुरुष कहते हैं। जैसे—कुम्भं करोति-इति कुम्भकारः—घड़ा को बनाने वाला।

समास का नाम	शब्द	विग्रह
उपपद तत्पुरुष	जलदः	जलं ददाति (जो जल देता है)।
,, ,,	धर्मज्ञः	धर्मं जानाति(जो धर्म को जानता है)।
,, ,,	आसनस्थः	आसने तिष्ठति(जो आसन पर बैठा है)

(२) नञ् तत्पुरुष--जिस समास के आदि में निषेधवाचक 'न' का कोई रूप (आ अथवा अन्) होता है, उसे नञ् तत्पुरुष कहते हैं। जिन शब्दों के आदि में कोई स्वर होता है, उनमें 'अन्' और अन्यों में 'अ' जुड़ता है। जैसे—न धर्मः—अधर्मः।

समास का नाम	शब्द	विग्रह
नञ् तत्पुरुष	अगजः	न गजः (जो हो न गज)।
,, ,,	अनर्थः	न अर्थः (जो ठीक न हो)।
,, ,,	अब्राह्मणः	न ब्राह्मण (जो ब्राह्मण न हो)।

(३) अलुक् तत्पुरुष--जब तत्पुरुष में पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता, तब उसे अलुक् तत्पुरुष कहते हैं।

समास का नाम	शब्द	विग्रह
अलुक् तत्पुरुष	दिवंगतः	दिवंगतः (दिवं स्वर्ग को गत)।
,, ,,	युधिष्ठिरः	युधि स्थिरः (युद्ध में स्थिर)।
,, ,,	वाचस्पतिः	वाचः पतिः (वाच का पति)।

अभ्यास—२०

विग्रह पूर्वक समास बताइए--

रथकारः। वनवासः। धनहीनः। विप्रधेनुः। रोगमुक्तः। अश्वपतितः। जलमग्नः। सुरसरित्। नदीशः। राजगृहम्। स्वर्गप्राप्तः। श्येनभीतः।

३—कर्मधारय समास

परिभाषा--विशेषणं विशेष्येण बहुलम्।

इस समास में पहला पद (पूर्व पद) विशेषण तथा दूसरा पद (उत्तर पद) विशेष्य (संज्ञा) होते हैं।

विशेष–इस समास में विग्रह करने में विशेष्य की विभक्ति, वचन, लिंग के अनुसार तत्, इदम् अथवा एतत् के रूप लगाये जाते हैं। इनके न लगाने पर भी काम चल जाता है। जैसे—

समास का नाम	शब्द	विग्रह
कर्म धारय	कुपुत्रः	कुः च असौ पुत्रः (खराब जो लड़का)।
,, ,,	महापुरुषः	महाः च ते पुरुषाः (महान जो पुरुष)।
,, ,,	कृष्ण सर्पः	कृष्णः च असौ सर्पः (कृष्ण जो सर्प)।

विशेष—कर्मधारय समास निम्न रूपों में भी होते हैं। जैसे—

(१) **उभयपद विशेषण कर्मधारय**—इस समास में विशेषण का विशेषण के साथ समास होता है अर्थात् दोनों पद विशेषण होते हैं। जैसे—

समास का नाम	शब्द	विग्रह
कर्म धारय	पीत कृष्णः	पीतः कृष्णः (पीला और काला)।
,, ,,	सुप्तोत्थितः	पूर्वसुप्तः पश्चात् उत्थितः (पहले सोया फिर उठा)।

(२) **रूपक कर्मधारय**—इसमें एक पद उपमेय (जिससे उपमा दी जाती है।) और दूसरा पद उपमान होता है। जैसे—

समास का नाम	शब्द	विग्रह
कर्मधारय	विद्या धनम्	विद्या एवं धनम् (विद्या रूपी धन)।
,, ,,	मुख कमलम्	मुखमेव कमलम् (मुख रूपी कमल)।

(३) **उपमान कर्मधारय**—इस समास में पूर्व पद (पहला पद) में उपमान रहता है और उत्तर पद (दूसरा पद) में सामान्य धर्म रहता है इसके विग्रह 'इव' या 'वत्' का प्रयोग होता है। जैसे—

समास का नाम	शब्द	विग्रह
कर्मधारय	घनश्यामः	घनव श्यामः (घन के समान श्याम)
,, ,,	नरसिंह	नरः सिंहः इव (मनुष्य सिंह के सम)

अभ्यास—२१

(४) **विग्रह पूर्वक समास बतलाइए**—

महादेवः। मधुर स्वभावः। श्वेत वाहनः। देवपुरुषः। मुखचन्दः शोकाग्नि। नरव्याघ्रः। नीलोत्पलम। मुख कमलम्। सुफलम्।

४—द्विगु समास

परिभाषा—संख्या पूर्वो द्विगुः।

जिस समास में पूर्व पद (पहला पद) संख्यावाचक हो, उसे द्विगु समास कहते हैं।

जब द्विगु समास का अर्थ समूह वाचक होता है और सम्पूर्ण पद स्त्रीलिंग या नंपुसकलिंग एकवचन होता है तब समाहार द्विगु होता है। जैसे—

समास नाम	शब्द	विग्रह
द्विगु	पञ्चगम्	पञ्चानां गवां समाहारः (पाँच गायों का समूह)
,,	त्रिलोकी	त्रयाणां लोकानां समाहारः (तीनों लोकों का समूह)

(क) तद्वित द्विगु—जब द्विगु समास के पश्चात तद्वित प्रत्यय हो या वह किसी और शब्द के साथ समास में आता हो। जैसे—

समास नाम	शब्द	विग्रह
द्विगु	पञ्चगु.	पञ्चभिः गोभिः क्रीतः (पाँच गायों से खरीदा गया)
,,	पञ्चगवधनः	पञ्चगावः धनं यस्य सः

(ख) उत्तर द्विगु—जब द्विगु समास में कोई उत्तर पद रहता है तब उसे उत्तर द्विगु कहते हैं। जैसे—

त्रिमास जातः—त्रयाणां मासानां जातः (तीनों मासों में उत्पन्न)

अभ्यास—२२

२—विग्रह पूर्वक समास बतलाइए

सप्ताह। त्रिफला। त्रिवेणी। सप्तशती। नवरत्नम्
अष्टाध्यायी। त्रिभवनम्। सप्ताहजातः। पञ्चवटी। पञ्चपात्रम्

५—बहुव्रीहि समास

परिभाषा—अनेक मन्य पदार्थे।

जिस समास में अन्य पद प्रधान हो, अर्थात् जहाँ अनेक प्रथमान्त पद किसी अन्य शब्द के विशेषण के रुप में आते हैं, उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। इसके विग्रह करने पर 'यत्' शब्द के रुप (यस्य, येन, यस्मिन्) लगते हैं। जैसे महान आत्मा यस्य सः—महात्मा (महान हैं आत्मा जिसकी)।

इनके निम्न भेद हैं। १. समानाधिकरण बहुव्रीहि। व्यधिकरण बहुव्रीहि।

(क) **समानाधिकरण बहुव्रीह**—जिस बहुव्रीहि समास के दोनों पदों में समान विभक्ति होती है, अर्थात् विग्रह दशा में दोनों पद प्रथमान्त हों उसे

समानाधिकरण कहते हैं। इसका विग्रह करते समय 'यत्' शब्द की द्वितीया आदि विभक्तियों का प्रयोग होता है। इस तरह का सम्पूर्ण समस्त शब्द एक विशेषण की तरह प्रयुक्त होता है। जैसे—

द्वितीया—प्राप्तम् उदकं यं सः—प्राप्तोदकः (मिल गया है जल जिसको)
तृतीया—हताःशत्रवः येन सः—हतशत्रुः (जिसने शत्रुओं को मारा है, ऐसा राजा)
चतुर्थी—दत्तं भोजनं यस्मै सः—दत्त भोजनः [जिसको भोजन दिया गया है, ऐसा भिक्षुक]
पंचमी—पतितं पर्णं यस्मात् सः—पतितपर्णं (जिसके पत्ते गिर गये है, ऐस वृक्ष)
षष्ठी—दश आननानि यस्य सः—दशाननः (दसमुँह वाला, रावण)
सप्तमी—वीराः पुरुषाः यस्मिन् सः—वीरपुरुषः (वीरपुरुषों वाला ग्राम)

(ख) **व्याधिकरण बहुव्रीहि**—जिस बहुव्रीह समास में दोनों पद अलग २ विभक्ति के हों अर्थात् दोनों शब्द समान [प्रथमान्त] न हों। उसे व्याधिकरण बहुव्रीहि समास कहते हैं। जैसे—

बहुव्रीहि चन्द्रशेखरः चन्द्रशेखरे यस्य सः (चन्द्र हैं शेखर पर जिसके, ऐसे शिव)
,, गदा हस्तः गदा हस्ते यस्य सः (गदा है हाथ में जिसके ऐसे, भीम)

अभ्यास—२३

१—विग्रह पूर्वक समास बतलाइये—

लम्बोदरः, । पीयूषपाणिः । वक्रदन्तः । सकुलः । कृतकार्यः । कृत प्रतिज्ञः । कल्पीपाणिः । वज्रदेहः । महाशयः । वृकोदरः ।

६—द्वन्द समास

परिभाषा—उभय पद प्रधानो द्वन्द्वः, चार्थे द्वन्द्वोवा।

जिस समास में दोनों पद या सभी पद प्रधान होते हैं तथा विग्रह करने पर च (और) से जुड़े रहते है उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। इस समास में बाद वाले पद (शब्द) का लिंग होता है। यदि दो पदों में समास होता है तब द्विवचन का शब्द बनता हैं और दो से अधिक पदों में समास होता है तब बहुवचन का शब्द बनता है। जैसे—

स्त्री च पुरुषश्च—स्त्रीपुरुषौ-स्त्री और पुरुष।

रामश्च कृष्णश्च मोहनश्च-रामकृष्ण मोहनाः-राम, कृष्ण और मोहन।

द्वन्द समास तीन प्रकार के होते हैं-(१) इतरेतर द्वन्द, (२) समाहार-द्वन्द; (३) एक शेष द्वन्द।

(१)इतरेतर द्वन्द—इस समास में दो या दो से अधिक पदों का योग होता है। इसमें दो का बोध होने पर द्विवचन और दो से अधिक होनेपर बहुवचन होता है। इसमें लिंग अन्तिम पद के अनुसार होता है। जैसे—

द्वन्द गंगायमुने गंगा च यमुना च (गंगा और यमुना)
,, माता पितरौ माता च पिता च (माता और पिता)
,, रामकृष्णमोहनाः रामश्च कृष्णश्च मोहनश्च (राम-कृष्ण और मोहन)

(२) समाहार द्वन्द्व—जिस द्वन्द्व समास में अनेक पदों के योग से समहार (समूह) सूचित हो, वह समाहार द्वन्द्व कहलाता है। तथा सम्पूर्ण समस्त पद नपुंसक लिंग एक वचन में होता है। जैसे—

द्वन्द हस्तापादम् हस्तौ च पादौ च (हाथ और पैर)
,, रथाश्वरम् रथाश्च अश्वाश्च (रथ और घोड़े)

(३) एक शेष द्वन्द्व—जिस समास में समान रुप से आने वाले शब्दों में से केवल एक ही पद शेष रह जाता है। तब उसे एक शेष द्वन्द कहते हैं। इसमें सम्पूर्ण पद अपनी विभक्ति के द्वारा अपने भाव को बतलाता है।

द्वन्द पितरौ माता च पिता च (माता और पिता)
,, ब्राह्मणौ ब्राह्मणी च ब्राह्मणश्च (ब्राह्मणी और ब्राह्मण)

अभ्यास—२४

१—विग्रह पूर्वक समास बतलाइये—

भ्रातरौ। नरनार्यः। बालवृद्धौ। स्त्रीपुरूषौ। मूनिमूषको। मार्जारौ। भीमार्जुनौ। शीतोष्णम्। श्वसुरौ। भगिन्यौ।

(समासों का अभ्यास)

नीचे लिखे समस्त पदों में से किसी एक का विग्रह करके समास का नाम बतलाइए।

१—अजापुत्रः, पीताम्बरः, पितरौ, चन्द्रमुखम्। (हाई० स्कूल १९६०)

२—वटपत्रम्, शुक्लश्वरा, घटपटौ, नीलोत्पलम् । (,, ,, १९६१)
३—वृक्षच्छाया, कृपोदरः, दीर्घआष्ठम्, मुद्गभाषौ । (,, ,, १९६२)
४—राजपुरुषः, शिवकेशवौ, वीणापणिः, नीलाम्बरम् । (,, ,, १९६३)
५—धनाढ्यः, पीताम्बरः कृतकृत्यः पार्वतीपरमेश्वरो । (,, ,, १९६४)
६—भार्यासहायः, सन्तोषवारिणा, अवाप्त मनोरथः, रामलक्ष्मणौ, सर्व-शास्त्रविचक्षणः ।(,, ,, १९६५)
७—रामकृष्णौ, नीलकमलम्, कविकुलगुरुः, त्रिभुवनम्, विशालवाहुः (,, ,, १९६६)
८—न्यायनिपुणः, घनश्याम, पीताम्बरः, कृष्णार्जुनौ, अज्ञानम् । (,, ,, १९६७)
९—श्वशुरभवने, सुधामधुरायाः स्वल्पयोयं, (,, ,, १९६८)
१०—ईशस्तुतिः चिन्तामुक्तः, महर्षिदयानन्द, रामलक्ष्मणौ, कृष्णकेशः अशुभम् । (,, ,, १९६९)

द्वितीय अध्याय | शब्द विचार

भाषा का आधार वाक्य होते हैं और वाक्यों के आधार शब्द। दो या दो से अधिक अक्षरों के एक जगह मिलने से शब्द बनता है। शब्द दो प्रकार के होते हैं। —जैसे —र+अ + मः = रामा।

शब्द दो प्रकार के होते हैं — (१) सार्थक, (२) निरर्थक।

सार्थक — जिन शब्दों का कोई अर्थ निकलता है, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं। जैसे— यमुना (एक नदी का नाम)।

निरर्थक — जिन शब्दों का कोई अर्थ न जाना जाय, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं। जैसे — बादल की गर्जना।

व्याकरण में सार्थक शब्दों का प्रयोग होता है इनके दो भेद होते हैं — (१) विकारी (२) अविकारी।

(१) **विकारी** — जिन शब्दों के रूप बदलते हैं, उन्हें विकारी कहते हैं। जैसे — बालकः (लड़का), बालकौ (दो लड़के)।

(२) **अविकारी**— जिन शब्दों के रूप सदा एक ही तरह रहते हैं, जिनमें कभी कोई परिवर्तन नहीं होते हैं। जैसे— यदा कदा आदि। अविकारी शब्दों को अव्यय कहते हैं।

विकारी शब्द चार प्रकार के होते हैं-(१) संज्ञा (२) सर्वनाम (३) विशेषण और (४) क्रिया।

संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण शब्दों के रूपों में परिवर्तन लिंग, वचन और कारक के कारण होते हैं और क्रिया के रूपों में परिवर्तन काल, पुरुष तथा वचन के कारण होते हैं।

(लिंग का विवरण)

संज्ञा और सर्वनाम के स्त्री या पुरुष, दो जातियों को बतलाने वाले रूप लिंग कहलाते हैं।

संस्कृत में तीन लिंग होते हैं— (१) पुलिंग, (२) स्त्रीलिंग, (३) नपुंसकलिंग ।

संस्कृत भाषा में लिंग का ज्ञान एक कठिन विषय है । क्योंकि संस्कृत में एक ही अर्थ वाले विभिन्न शब्द भिन्न-भिन्न लिंगों में पाये जाते हैं । उदाहरण — भार्या के समानार्थक दार, शब्द पुल्लिग, 'पत्नी', शब्द स्त्रीलिंग और 'मित्र शब्द नपुंसकलिंग हैं। इसी प्रकार , सखा शब्द पुल्लिग और मित्र शब्द नपुंसकलिंग है । अतः लिंग सम्बन्धी साधारण ज्ञान के लिए कुछ नियम लिखे जा रहे हैं —

(१-पुल्लिग)

१—कृदन्त घञ्, अप प्रत्यय से बने शब्द पुल्लिग होते हैं। जैसे — पाकः (भोजन), गोचरः ।

२—इमनिच प्रत्यय वाले शब्द पुल्लिग होते हैं। जैसे—महिमा लघिमा।

३—देवता (स्त्रीलिंग) शब्द को छोड़ कर देववाचक शब्द, राक्षस (नपुंसकलिंग) शब्द की छोड़कर असुरवाची शब्द तथा सुर और असुरों के नाम। पुल्लिग होते हैं। जैसे—अमरः; सुरः; दानवः; रावणः; असुरः आदि।

४—अच् प्रत्ययान्त शब्द । जैसे - चोरः, करः, सर्पः, ।

५—अण् प्रत्ययान्त शब्द । जैसे—स्वर्णकारः, कलाकारः, आदि ।

६—घन और कि प्रत्ययान्त शब्द । जैसे— स्वच्छंदः, निधिः, ।

७—अन् में अन्त होने वाले शब्द । जैसे— राजन् , आत्मन आदि ।

८—दिन तथा अहन (नंपु०) को छोड़कर शेष कालवाचक शब्द । जैसे— मासः, पक्षः, कालः, समयः. दिवसः, आदि ।

(९) यज्ञ, पर्वत तथा समुद्र के पर्यायवाची शब्द । जैसे—मरवः, शैलः, गिरि आदिः, सिन्धूः. आदि ।

(२—स्त्रीलिंग)

(१) आकारान्त, ईकारान्त, ऊकारान्त (आ, ई, उ से समाप्त होने वाले) शब्द प्रायः स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे – रमा, कन्या, नदी, पृथ्वी, वधू आदि ।

(२) क्तिन् (ति) ता प्रत्यय से युक्त शब्द स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे— मति देवताः लघुता, सुन्दरता आदि ।

(३) एक अक्षर वाले ईकारान्त ओर अकारान्त शब्द । जैसे — श्रीः, भू ।

(४) विंशति से लेकर नवतिः तक संख्यावाचक शब्द स्त्रीलिंग होते हैं । जैसे—त्रिंविशत्, चत्वार्विंशत् ।

३—नपुंसकलिंग

१— क्रिया पदों से बने हुऐ (ल्युट प्रत्ययान्त) नकारान्त शब्द और प्रायः अन्य शब्द जिनके अन्त में न या ला हो, नपुंसकलिंग होते हैं । जैसे – गमनम्, कमलम्, वसनम् आदि ।

(२) त्व, क्त, और ष्यत्र (य) प्रत्ययान्त शब्द । जैसे - महत्वम्, रक्तम् माधुर्यम् आदि ।

(३) अस से अन्त होने वाले शब्द जिनमें दो स्वर हों । जैसे—पयः, मनः तपः, आदि ।

वचन

संज्ञा और सर्वनाम के संख्या (गिनती) बतलाने वाले रूप वचन कहलाते हैं ।

संस्कृत में वचन तीन होते हैं – १) एक वचन, (२)द्विवचन, (३) बहु वचन ।

एक के लिए एक वचन, दो के लिए द्विवचन और दो से अधिक के लिए बहुवचन का प्रयोग होता है । जैसे—सः (वह), तौ (वे दोनों), ते (वे सब) ।

संस्कृत में वचनों के प्रयोग में निम्न विशेषताएं हैं --

(१) एक–वचन

(१) जाति के अर्थ में एक वचन का प्रयोग होता है, परन्तु कभी–कभी बहुवचन भी होता है । जैसे–बालः चपलः भवति एवं (बालक जाति-चंचल होती है) । – अस्माभि; अत्र किं कर्तव्यम् (हम यहाँ क्या करेंगे)

(२) द्वयम्, द्वितयम्, युगम्, युग्मम् आदि शब्द द्विवचन बोध कराने पर तथा त्रयम्, त्रितयम् आदि शब्द तीन का बोध कराने पर भी एकवचन में प्रयुक्त होते हैं । जैसे—करद्वयम्, कन्या युगलम्. मुनित्रियम् ।

(३) वर्ग, गण, समुदाय, चतुष्टय आदि शब्द बहुवचन होते हुऐ भी

एकवचन में प्रयुक्त होते हैं। जैसे—अध्यापक वर्गः, छात्रगणः, जन समुदाय वेद चतुष्टम्।

(४) आस्पद, पद, पात्र. प्रमाण, भाजन और स्थान आदि शब्द जब 'विधेय' के रूप में आते हैं, तब वे नपुंसकलिंग एक वचन में होते हैं। जैसे—सज्जनाः विश्वास पात्राः भवन्ति— गुणः पूजा स्थानं भवन्ति।

(५) समाहार द्विगु बहुत्व बोधक होते हुए भी एक वचन में प्रत्युक्त होता है। जैसे— पंचपात्रम् (पाँच बर्तन)।

(२) द्विवचन

(१) नेत्र,श्रोत्र, हस्त, पाद वाचक शब्द प्रायः द्विवचन में प्रत्युक्त होते हैं। जैसे — अहम् नेत्राभ्यां पश्यामि— मैं आँखों से देखता हूँ।

(२) एक शेष द्वन्द समास से बने हुए शब्द एक पुरुष और एक स्त्री के बोधक होते हुए सदा द्विवचन पुल्लिग में प्रत्युक्त होते है। जैसे-—भ्रातरौ — भाई बहिन।

(३) बहुवचन

(१) दारा (पत्नी), अक्षत् (चावल), प्राण आदि शब्द पुल्लिग बहुवचन में ही आते हैं। जैसे –रामस्य दाराः (राम की पत्नी) अक्षतान् उरानय (चावलों को लाओ)

(२) प्रदेशों के नाम प्रायः बहुवचन में आते है। जैसे– अस्ति काश्मीरेषु विजयास्व्यं क्षेत्रम्।

(३) सिकता (बालू) सभा (वर्ष) अप (जल), वर्षा, दशा आदि शब्द नित्य बहुवचन और स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे – वर्षासु मेघाः गर्जन्ति (बरसात में बादल गरजते हैं)।

(४) कति (कितने) यति (जितने) तति (उतने) शब्द बहुवचन में आते हैं। जैसे – तत्र विद्यालये कति अध्यापकाः सन्ति ? (उस विद्यालय में कितने अध्यापक हैं)।

(५) जब एक शब्द का अर्थ कोई कोई या कुछ लोग होते हैं तब उसका प्रयोग बहुवचन में होता है। जैसे — एके इत्थं कथयन्ति (कुछ लोग ऐसा कहते हैं)

(६) आदर सूचित करने लिये एकवचन में भी बहुवचन का प्रयोग है। जैसे —गुरुवः समागताः (गुरूजी आ गये)।

(७) त्रि से लेकर अष्टादशन् तक के सभी संख्यावाचक शब्द बहुवचन में आते हैं। जैसे=नवतिः पुरुषाः।

पुरुष

कहने वाले, सुनने वाले और जिसके बारे में बात की जाती है, उसके लिए जो संज्ञा या सर्वनाम हों वे पुरुष कहलाते हैं।

पुरुष तीन प्रकार के होते हैं— (१) प्रथम पुरुष,(२) मध्यम पुरुष, (३) उत्तम पुरुष।

(१) **प्रथम पुरुष**—जिसके विषय में बात की जाय, उसके लिए प्रथम पुरुष (अन्य पुरुष) आता है।

प्रथम पुरुष के लिए तद् (वह) इदम्(यह) किम् किम् (कौन) यद् (जो) भवत् (आप) आदि सर्वनाम शब्द और सभी संज्ञा शब्द आते हैं। जैसे — सः (वह) तौ (वेदों को) ते (वे सब), रामः आदि।

(२) **मध्यम**— जिससे बात की जाती है, उसके लिए कहा गया शब्द मध्यम पुरुष कहलाता है जैसे— त्वम् (तुम, तू) आवाम् (तुम दोनों) वयम् (तुम सब)।

(३) **उत्तम पुरुष**— जो शब्द बात कहने वाले के लिऐ आते हैं, उन्हें उत्तम पुरुष कहते हैं। जैसे—अहम् (में), आवाम् (हम दोनों) वयम् (हम सब)।

विशेष—संस्कृत में उत्तम पुरुष के लिए 'अस्मद्', शब्द के रूप तथा मध्यम पुरुष के लिए 'युष्मद्' शब्द के रूप आते हैं।

(पुरुष चक्रम्)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम	सः (वह)	तौः (वे दोनों)	ते (वे सब)
	कः (कौन)	कौ (कौन दोनों)	के (कौन सब)
	सा (वह) स्त्री०	ते (वे दोनों)	ताः (वे सब)
	रामः (राम)	रामौ (दो राम)	रामाः (बहुत राम)

बालकः (लड़का) बालकौ (दो लड़के) बालकाः(बहुतसेलड़के)
भवान् (आप) भवन्तौ (आप दोनों) भवन्तः (आप सब)
मध्यम त्वम् (तू, तुम) युवाम् (तुम दोनों) यूयम् (तुम सब)
उत्तम अहम् (मैं) आवाम् (हम दोनों) वयम् (हम सब)

कारक विभक्ति

क्रिया से साक्षात् (सीधा) सम्बन्ध रखने वाले विभक्ति युक्त पदों को कारक कहते हैं। जैसे–''ऋषी ने स्कूल में पशपाल के लिए पेन से पत्र लिखा।''

ऊपर के वाक्य में 'लिखा' क्रिया है। ऋषी ने इसे किया है, इसका फल 'पत्र' पर पड़ा है पेन इसमें सहायक है 'स्कूल' इसका आधार है और 'यशपाल' इसका प्रयोजन है।

इस प्रकार ''ऋषी, पत्र, पेन स्कूल तथा यशपाल'' का क्रिया से साक्षात् (सीधा) सम्बन्ध है, अतः ये सब कारक हैं।

हिन्दी मे कारकों की संख्या आठ हैं लेकिन संस्कृत में इनमें से ६ को कारक कहा जाता है अर्थात् सम्बन्ध और सम्बोधन का क्रिया से सीधा सम्बन्ध न होने के कारण कारक नहीं कहा जाता हैं।

इस प्रकार संस्कृत में छः कारक (कर्त्ता, कर्म. करण, सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण) तथा सात विभक्तियों (प्रथमा, द्वितीया, तृतीया चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी एवं सप्तमी) होती हैं।

हिन्दी में कारकों के चिन्ह निम्नलिखित हैं—

	विभक्ति	कारक	हिन्दी चिन्ह
१	प्रथमा	कर्ता	ने
२	द्वितीया	कर्म	को
३	तृतीया	करण	से, के, द्वारा
४	चतुर्थी	सम्प्रदान	के, लिए
५	पंचमी	अपादान	से
६	षष्ठी	सम्बन्ध	का, के, की, रा, रे, री, ना, ने, नी

७	सप्तमी	अधिकरण	में, पर
८	सम्बोधन	सम्बोधन	हे, अरे, ओ आदि।

संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण शब्दों के रूपों में परिवर्तन इन्हीं लिंग, वचन और कारक के कारण ही होते हैं।

(शब्द रूप)

विकारी शब्दों के रूप, लिंग तथा अन्तिम स्वर या व्यजन के अनुसार वदलते हैं। लेकिन वदलने वाले शब्दों के साथ कर्त्ता, कर्म, करण आदि का सम्वन्ध दिखाने के लिए हिन्दी में 'ने, को, से' आद्रि शब्द जोड़े जाते हैं, किन्तु संस्कृत में यह सम्वन्ध शब्दों (संज्ञा, सर्वनाम आदि) का रूप वदल कर ही प्रकट किया जाता है। जैसे– वालक ने=वालकः, वालक को—वालकम्, वालक से–वालकेन आदि। इसी प्रकार एक ही शब्द के कई रूप हो जाते हैं। अतः कुछ साधारण नियम दिवे जा रहे हैं–

(१) नपुंसकलिङ्ग के केवल अकारन्त तथा पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग के सम्पूर्ण शब्दों के द्वितीया एकवचन के अन्त में 'म्' आता है।

(२) नपुंसकलिंग में प्रथमा और द्वितीया विभक्ति एक सी होती हैं।

(३) सर्वनाम, संख्यावाचक विशेषण और अकारान्त पुल्लिग शब्दों को छोड़ कर अन्य शब्दों में पंचमी तथा षष्ठी के एकवचन एक से होते हैं।

(४) सम्बोधन के द्विवचन और वहुवचन प्रायः प्रथमा के द्विवचन और वहुवचन के अनुकूल होते हैं।

(५) प्रायः चतुर्थी तथा पंचमी के वहुवचन एकसे होते हैं।

(६) षष्ठी के वहुवचन में अन्त में अधिकतर 'नाम्' या 'णाम' आता है।

(७) प्रायः प्रथमा और द्वितीया के द्विवचन, तृतीया, चतुर्थी तथा पंचमी के द्विवचन तथा षष्ठी तथा सप्तमी के द्विवचन एकसे होते हैं।

(८) सप्तमी के वहुवचन में अन्त में 'सु' या 'षु' का प्रयोन होता है।

(९) प्रायः सम्पूर्ण सर्वनामों के रूप एक समान ही चलते हैं।

विशेष–ऊपर के नियमों के अपवाद (विपरीत नियम) भी होते हैं।

रूपों को स्मरण करने का तरीका भी यह है कि पहले किसी एक शब्द या धातु को अच्छी तरह समझ कर याद कर लिया जाय, फिर अन्य शब्द को या धातुओं के रूपों को समझते समय पहले वाले रूपों से शब्द का क्या लिंग हैं और उसके अन्त में कौनसा स्वर या व्यंजन को अन्त में रखने वाले शब्द के अनुसार उसके रूप चला देने चाहिये। जैसे–हमें 'विद्यालय' शब्द का पंचमी के 'एकवचन' का रूप ज्ञात करना है अतः 'विद्यालयात्' हुआ।

(संज्ञा)

किसी के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे–हरिः, लता, वाक् आदि।

संज्ञा में तीन लिंग (पुल्लिग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग), तीनों वचन (एकवचन, द्विवचन तथा बहुवचन) तथा सम्पूर्ण विभक्तियां होती हैं और इनके कारण इनमें परिवर्तन होता हैं। जैसे–रामः, रामौ, रामाः आदि।

कुछ शब्द अपने अन्त में स्वर रखते हैं, इन्हें अजन्त या स्वरान्त कहते हैं। जैसे—राम, हरि, लता, गुरु आदि।

कुछ शब्दों के अन्त में व्यंजन होते हैं, इन्हें हलन्त या व्यंजनान्त कहते है। जैसे–दिश्, वाक् आदि।

स्वरान्त (अजन्त) संज्ञाओं में भी अलग-अलग नाम हैं। जिस शब्द के अन्त में जो स्वर रहता है उसी मे 'अन्त' जोड़ देने से उसका नाम बन जाता है। जैसे– 'राम' संज्ञा में अन्त में 'अकार' है, 'अकार' में 'अन्त' जोड़ देने से 'अकारान्त' हो गया। अतः 'राम' को हम अकारान्त संज्ञा कह सकते हैं।

स्वरान्त संज्ञाओं में प्रायः अकारान्त, आकारान्त, इकारान्त, ,ईकारान्त उकारान्त, ऊकारान्त और ऋकारान्त ही हुआ करती हैं।

एकारान्त, ऐकारान्त, ओकारान्त आदि संज्ञायें बहुत कम पायी जाती हैं।

सम्पूर्ण शब्दों को ६ भागों में बाँटा जाता है, जिन्हें षड्लिंग कहते हैं–
(१) अजन्त पुल्लिग, (२) हलन्त पुल्लिग, (३) अजन्त स्त्रीलिंग,

(४) हलन्त स्त्रीलिंग, (५) अजन्त नपुंसकलिंग, (६) हलन्त नपुंसकलिंग।

अजन्त (स्वरान्त) पुल्लिग शब्द

(अकारान्त पुल्लिग शब्दों के लिए संक्षिप्त रूप)

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	अः	औ	आः
द्व०	अम्	,,	आन्
तृ०	एन, एण	आभ्याम्	ऐ
च०	आय	,,	एभ्यः
प०	आत्	,,	,,
ष०	अस्य	अयोः	आनाम्, आणाम्
स०	ए	,,	एषु
सम०	अ	औ	आः

विशेष—र् और ष् के बाद न का ण हो जाता है, यदि बीच में स्वर ह, य, व, र, कवर्ग, पवर्ग, न् बीच में हो तो भी। इन शब्दों में यह नियम लगेगा—राम, ईश्वर, नृप, ग्राम, पुत्र, नर, सूर्य, चन्द्र, शिष्य। अतः इनमें तृतीया एकवचन में 'एण' और षष्ठी बहुवचन में 'आजाम्' लगेगा।

निर्देश—सभी अकारन्त पुल्लिग शब्दों का अन्तिम 'अ' हटाकर उसमें उपयुक्त प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ने से, इनके रूप सुगमता से बन जाते हैं—

'राम' अकारान्त पुल्लिग के साथ सक्षिप्त रूप जोड़ने पर—

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	राम+अ	राम+औ	राम+आः
द्व०	राम+अम्	राम+औ	राम+आन्
तृ०	राम+एण	राम+आभ्याम्	राम+ऐः
च०	राम+आय	राम+आभ्याम्	राम+एभ्यः
प०	राम+आत्	राम+आभ्याम्	राम+एभ्यः
ष०	राम+अस्य	राम+अयोः	राम+आणाम्
स०	राम+ए	राम+अयोः	राम+एषु
सम०	हे राम+अ	हे+राम+औ	हे रासे+आः

मिलाकर रखने पर 'राम' शब्द के रूप—

विभक्ति	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	राम	रामौ	रामाः
द्वितीया	रामम्	रामौ	रामान्
तृतीया	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
चतुर्थी	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पंचमी	रामात्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
षष्ठी	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
सप्तमी	रामे	रामयोः	रामेषु
सम्बोधन	हे राम	हे रामौ	हे रामाः

विशेष—निम्न अकारान्त शब्दों के रूप भी "राम" की तरह चलते हैं। (केवल 'र' और 'ष' नहीं रखने वाले शब्दों के तृतीया एक वचन तथा षष्ठी बहुवचन में 'ण' के स्थान पर 'न' ही रहता है। जैसे—बालक शब्द का तृतीया एक वचन में "बालकेन" तथा षष्ठी बहुवचन में "बालकानाम्" होता है।)

मनुष्यः	=	आदमी	पुत्रः	=	पुत्र	जनकः	=	पिता
चतुरः	=	चतुर	गजः	=	हाथी	कुक्कुरः	=	कुत्ता
सर्पः	=	साँप	मीनः	=	मछली	पवनः	=	हवा
विद्यालयः	=	स्कूल	नृपः	=	राजा	मूर्खः	=	मूर्ख
अश्वः	=	घोड़ा	मूषकः	=	चूहा	हंसः	=	हंस
सूर्यः	=	सूर्य	पर्वतः	=	पहाड़	शिक्षकः	=	अध्यापक
छात्रः	=	विद्यार्थी	खरः	=	गदहा	सिंहः	=	शेर
शुकः	=	तोता	खगः	=	पक्षी	चन्द्रः	=	चन्द्रमा
देवः	=	देवता	ग्रामः	=	गाँव	नखः	=	नाखून आदि।

इकारान्त-हरि (भगवान) शब्द

एक०	द्वि०	बहु०
हरि	हरी	हरय
हरिम्	,,	हरीन्

इकारान्त के संक्षिप्त रूप

विभक्ति	एक०	द्वि०	बहु०
प्र०	इ	ई	अयः
द्वि०	इम्	,,	ईन्

हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः	तृ०	इना	इभ्याम्	इभिः
हरये	,,	हरिभ्यः	च०	अये	,,	इभ्यः
हरेः	,,	,,	पं०	एः	,,	,,
,,	हर्योः	हरीणाम्	ष०	,,	योः	ईनाम्
हरौ	,,	हरिषु	स०	औ	,,	इषु
हे हरे	हे हरी	हे हरयः	सं०	ए	ई	अयः

निर्देश—सभी इकारान्त पुल्लिग शब्दों का अन्तिम 'इ' हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ देने से इनके रूप सुगमता से बन जाते हैं।

निम्न इकारान्त शब्दों के रूप भी 'हरि' की तरह ही चलते हैं। (केवल 'र' तथा 'ष' नहीं रखने वाले शब्दों के तृतीया एक० तथा बहु० में 'ण' के स्थान पर 'न' ही रहेगा।

मुनिः	=	तपस्वी	कपिः	=	बन्दर	ऋषिः	=	ऋषि
गिरिः	=	पर्वत	अग्निः	=	आग	रविः	=	सूर्य
निधिः	=	खजाना	कविः	=	कवि	भूपतिः	=	राजा
अतिथिः	=	मेहमान	यतिः	=	सन्यासी	अरिः	=	शत्रु आदि।

अपवाद—यद्यपि सभी इकारान्त पुल्लिग शब्दों के रूप 'हरि' की तरह चलते हैं, किन्तु 'पति' और 'सखि' के रूप निम्न प्रकार से चलते हैं—

इकारान्त पुल्लिग—सखि (मित्र) शब्द (अपवाद) (पति)

प्रथमा	सखा	सखायौ	सखायः
द्वितीया	सखायम्	,,	सखीन्
तृतीया	सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः
चतुर्थी	सख्ये	,,	सखिभ्यः
पंचमी	सख्युः	,,	,,
षष्ठी	,,	सख्योः	सखीनाम्
सप्तमी	सख्यौ	,,	सखिषु
सम्बोधन	हे सखा	हे सखायौ	हे सखायः

उकारान्त पुं०—गुरू (अध्यापक) शब्द **उकारान्त के संक्षिप्त रूप**

गुरुः	गुरू	गुरवः	प्र०	उः	उ	अवः

गुरुम्	,,	गुरून्	द्वि०	उम्	,,	ऊन्
गुरुणा	गुरुभ्याम्	गुरुभिः	तृ०	उना	उभ्याम्	उभिः
गुरवे	,,	गुरुभ्यः	च०	अवे	,,	उभ्यः
गुरोः	,,	,,	पं०	ओः	,,	,,
,,	गुर्वो	गुरूणाम्	ष०	,,	वोः	ऊनाम्
गुरौ	,,	गुरुषु	स०	औ	,,	उषु
हे गुरो	हे गुरू	हे गुरवः	सं०	ओ	ऊ	अवः

निर्देश—सभी उकारान्त पुल्लिग शब्दों का अन्तिम 'उ' निकाल कर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ देने से इनके रूप सुगमता से बन जाते हैं।

निम्न उकारान्त पुल्लिग शब्दों के रूप 'गुरु' के समान ही चलते हैं। (केवल 'र' ओर 'ष' रखने वाले शब्दों में तृ० एक० तथा षष्ठी बहु० में 'न' की जगह 'ण' रहेगा)।

भानुः	= सूर्य	शिशुः	= बालक	साधुः	= सज्जन
वायुः	= हवा	पशुः	= जानवर	तरुः	= पेड़
इन्दुः	= चन्द्रमा	प्रभुः	= भगवान	मृदुः	= कोमल
ऋतुः	= मौसम	बाहुः	= भुजा	मृत्युः	= मौत आदि।

पुं०—ऋकारान्त—कर्तृ (करने वाला) शब्द पुं० ऋकारान्त के सं० रूप

कर्ता	कर्तारौ	कर्तारः	प्र०	आ	आरौ	आरः
कर्तारम्	,,	कर्तॄन्	द्वि०	आरम	,,	ऋन्
कर्त्ता	कर्तृभ्याम्	कर्तृभिः	तृ०	रा	ऋभ्याम्	ऋभिः
कर्त्रे	,,	कर्तृभ्यः	च०	रे	,,	ऋभ्यः
कर्तुः	,,	,,	पं०	उः	,,	,,
,,	कर्त्रोः	कर्तॄणाम्	ष०	,,	रोः	ऋणाम्
कर्तरि	,,	कर्तृषु	स०	अरि	,,	ऋषु
हे कर्तः	हे कर्तारौ	हे कर्तारः	सं०	अः	आरौ	आरः

निर्देश—सभी ऋकारान्त पुं० शब्दों का अन्तिम 'ऋ' हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ देने से इनके रूप सुगमता से बन जाते हैं।

इसी प्रकार अन्य ऋकारान्त शब्दों के रूप 'कर्तृ' के समान चलेंगे।

दातृ = दाता श्रोतृ = सुनने वाला भर्तृ = स्वामी
नेतृ = नेता धातृ = ब्रह्मा सवितृ = सूर्य आदि।

(पिता) पितृ—ऋकारान्त पुं० शब्द

				संक्षिप्त रूप		
पिता	पितरौ	पितरः	प्र०	आ	अरौ	अरः
पितरम्	,,	पितॄन्	द्वि०	अरम्	,,	ऋन्
पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः	तृ०	शेष 'कर्तृवत्' की तरह		
पित्रे	,,	पितृभ्यः	च०			
पितुः	,,	,,	पं०			
,,	पित्रोः	पितॄणाम्	ष०			
पितरि	,,	पितृषु	स०			
हे पितः	हे पितरौ	हे पितरः	सं०			

विशेष—इसी प्रकार भ्रातृ (भाई), नृ (मनुष्य), जामातृ (दामाद), देवृ (देवर) आदि शब्दों के रूप 'पितृ' के समान चलेंगे।

ओकारान्त—गो (गाय या बैल) पुं० स्त्री०

गोः	गावौ	गावः	प्र०
गाम्	,,	गाः	द्वि०
गवा	गोभ्याम्	गोभिः	तृ०
गवे	,,	गोभ्यः	च०
गोः	,,	,,	पं०
,,	गवोः	गवाम्	ष०
गवि	,,	गोषु	स०
हे गौः	हे गावौ	हे गावः	सं०

सूचना

साधारणतया (द्यो शब्द को छोड़कर) अन्य शब्द गो शब्द के तुल्य नहीं चलता।

(हलन्त (व्यंजनान्त) पुल्लिग)

तकारान्त—भूभृत् (राजा, पहाड़) शब्द

भूभृत्	भूभृतौ	भूभृतः	प्र०	त्	तौ	तः
भूभृतम्	,,	,,	द्वि०	तम्	,,	,,

भूभृता	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भिः	तृ०	ता	द्भ्याम्	द्भिः
भूभृते	,,	भूभृद्भ्यः	च०	ते	द्भ्याम्	द्भ्यः
भूभृतः	,,	,,	पं०	तः	,,	,,
,,	भूभृतोः	भूभृताम्	ष०	,,	तोः	ताम्
भूभृति	भूभृतोः	भूभृत्सु	स०	ति	,,	त्सु
हे भूभृत्	हे भूभृतौ	हे भूभृतः	सं०	त्	तौ	तः

विशेष—महीभृत् (राजा, पर्वत), परभृत् (कोयल), मरुत् (वायु), हरित्, इन्द्रजित्, शशभृत् (चन्द्रमा) आदि तकारान्त पुल्लिग शब्दों के रूप 'भूभृत्' के समान ही होते हैं।

तकारान्त—भगवत् (भगवान) शब्द पुं० संक्षिप्त रूप

भगवान्	भगवन्तौ	भगवन्तः	प्र०	आन्	अन्तौ	अन्तः
भगवन्तम्	,,	भगवतः	द्वि०	अन्तम्	,,	अतः
भगवता	भगवद्भ्याम्	भगवद्भिः	तृ०	ता	द्भ्याम्	द्भिः
भगवते	,,	भगवद्भ्यः	च०	ते	,,	द्भ्यः
भगवतः	,,	,,	पं०	तः	,,	,,
,,	भगवतोः	भगवताम्	ष०	,,	तोः	ताम्
भगवति	,,	भगवत्सु	स०	ति	,,	त्सु
हे भगवन्	हे भगवन्तौ	हे भगवन्तः	सं०	अन्	अन्तौ	अन्तः

विशेष—जिन शब्दों के अन्त में 'वत् या मत्' होता है उन सबके रूप प्रायः इसी प्रकार चलते हैं। जैसे—

भवत्	= आप	गतवत्	= गया हुआ	गुणवत्	= गुणी
श्रीमत्	= श्रीमान्	धनवत्	= धनी	रूपवत्	= सुन्दर
बुद्धिमत्	= बुद्धिमान	विद्यावत्	= विद्वान	ज्ञानवत्	= ज्ञानी

भवत्, श्रीमत् आदि शब्दों का स्त्रीलिंग भवती, श्रीमती आदि होते हैं। इनके रूप 'नदी' की तरह चलते हैं।

इन्नत पुं०—करिन् (हाथी) शब्द संक्षिप्त रूप

करी	करिणौ	करिणः	प्र०	ई	इनौ	इनः

Fanardan upadhyay

करिणम्	करिणौ	करिणः	द्वि०	इनम्	इनौ	इनः
करिणा	करिभ्याम्	करिभिः	तृ०	इना	इभ्याम्	इभिः
करिणे	,,	करिभ्यः	च०	इने	,,	इभ्यः
करिणः	,,	,,	पं०	इनः	,,	,,
,,	करिणोः	करिणाम्	ष०	,,	इनोः	इनाम्
करिणि	,,	करिषु	स०	इनि	,,	इषु
हे करिन्	हे करिणौ	हे करिणः	सं०	इन्	इनौ	इनः

विशेष - निम्न शब्दों के रूप भी इसी प्रकार चलते हैं—

धनिन्	= धनी	गुणिन्	= गुणी	पक्षिन्	= पक्षी
मन्त्रीन्	= मन्त्री	दुःखिन्	= दुःखी	ज्ञानिन्	= ज्ञानी
तपस्विन्	= तपस्वी	स्वामिन्	= मालिक	साक्षिन्	= गवाह

स्त्रीलिंग में 'इन्' अन्त में रखने वाले शब्दों के अन्त में 'इनी' हो जाता है और उसके रूप 'नदी' की तरह चलते हैं, अतः 'धनिनी, 'मानिनी' आदि ।

अन्नन्त पुं —आत्मन् (आत्मा) शब्द संक्षिप्त रूप

आत्मा	आत्मानौ	आत्मानः	प्र०	आ	आनौ	आनः
आत्मानम्	,,	आत्मनः	द्वि०	आनम्	,,	अनः
आत्मना	आत्मभ्याम्	आत्मभिः	तृ०	अना	अभ्याम्	अभिः
आत्मने	,,	आत्मभ्यः	च०	अने	,,	अभ्यः
आत्मनः	,,	,,	पं०	अनः	,,	,,
,,	आत्मनोः	आत्मनाम्	ष०	,,	अनोः	अनाम्
आत्मनि	,,	आत्मसु	स०	अनि	,,	असु
हे आत्मन्	हे आत्मानौ	हे आत्मानः	सं०	अन्	आनौ	आनः

विशेष—नकारान्त शब्द जिनके नकार से पूर्व 'म' या 'व' से युक्त वर्ण हों उनके रूप 'आत्मन्' के समान होंगे । जैसे —बह्मन्, अध्वन्, यज्वन्, द्विजमन् आदि ।

अन्नन्त पुं०—राजन् (राजा) शब्द

राजा	राजानौ	राजानः	प्र०	आ	आनौ	आनः

राजानम्	राजानौ	राज्ञः	द्वि०	आनम्	आनौ	नः
राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः	तृ०	ना	अभ्याम्	अभिः
राज्ञे	,,	राजभ्यः	च०	ने	,,	अभ्यः
राज्ञः	,,	,,	पं०	नः	,,	,,
,,	राज्ञोः	राज्ञाम्	ष०	,,	नोः	नाम्
राज्ञि, राजनि	,,	राजसु	स०	नि, अनि	,,	असु
हे राजन्	हे राजानौ	हे राजानः	सं०	अन्	आनौ	आनः

(अतिरिक्त) सकारान्त—विद्वस् (विद्वान्) शब्द

विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः	प्र०	
विद्वांसम्	,,	विदुषः	द्वि०	सूचना–साधारणतया
विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः	तृ०	अन्य किसी शब्द के रूप
विदुषे	,,	विद्वद्भ्यः	च०	विद्वस् के तुल्य नहीं चलते
विदुषः	,,	,,	पं०	हैं।
,,	विदुषोः	विदुषाम्	ष०	
विदुषि	,,	विद्वत्सु	स०	
हे विद्वन्	हे विद्वांसौ	हे विद्वांसः	सं०	

(स्वरान्त (अजन्त) स्त्रीलिंग शब्द)

रमा (लक्ष्मी) आकारान्त स्त्री० संक्षिप्त रूप—आरान्त स्त्री०

रमा	रमे	रमाः	प्र०	आ	ए	आः
रामाम्	,,	,,	द्वि०	आम्	,,	,,
रमया	रमाभ्याम्	रमाभिः	तृ०	अया	आभ्याम्	आभिः
रमायै	,,	रमाभ्यः	च०	आयैः	,,	आभ्यः
रमायाः	,,	,,	पं०	आयाः	,,	,,
,,	रमयोः	रमाणाम्	ष०	,,	अयोः	आनाम
रमायाम्	,,	रमासु	स०	आयाम्	,,	आसु
हे रमे	हे रमे	रे रमाः	सं०	ए	ए	आः

निर्देश—आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों का अन्तिम 'आ' हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ देने से इनके रूप सुगमता से बन जाते हैं।

लता, विद्या, कथा, कला आशा, प्रभा, चिन्ता, लज्जा, भार्या, प्रजा, गंगा, सेवा, बालिका, देवता, कन्या, आदि के रूप 'रमा' के समान ही चलते हैं।

इकारान्त—मति (बुद्धि) शब्द संक्षिप्त रुप

मतिः	मती	मतय	प्र०	इ	ई	अयः
मतिम्	,,	मती	द्वि०	इम्	,,	ईः
मत्या	मतिभ्याम्	मतिभिः	तृ०	या	इभ्याम्	इभिः
मत्यै,मतये	,;	मतिभ्यः	च०	यै,अये	,,	इभ्यः
मत्याः,मतेः	,,	,,	पं०	याः,एः	,,	,,
,, ,,	मत्योः	मतीनाम्	ष०	,,	योः	ईनाम्
मत्याम्,मतौ	,,	मतिषु	स०	याम्,औ	,,	इषु
हे मते	हे मती	हे मतयः	सं०	ए	ई	अयः

निर्देश—इकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों का अतिन्म 'इ' हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रुप) जोड़ने से इनके रूप बासानी से बन जाते हैं—

रीति, जाति कीर्ति, गति, बुद्धि, भक्ति, प्रीति, स्मृति, भूमि, रुचि, अवनि, नीति, रात्रि, ओषधि धूलि आदि शब्दों के रूप इकारान्त 'मति' के समान चलते हैं।

ईकारान्त—नदी (नदी) स्त्री० संक्षिप्त रुप

नदी	नद्यौ	नद्यः	प्र०	ई	यौ	यः
नदीम्	,,	नदीः	द्वि०	ईम	,,	ईः
नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः	तृ०	या	ईभ्याम्	ईभिः
नद्यै	,,	नदीभ्यः	च०	यै	,,	ईभ्यः
नद्याः	,,	,,	पं०	याः	,,	,,
,,	नद्योः	नदीनाम्	ष०	,,	योः	ईनाम्
नद्याम्	,,	नदीषु	स०	याम्	,,	ईषु
हे नदि	हे नद्यौ	हे नद्यः	सं०	इ	यौ	यः

निर्देश—ईकारान्त स्त्री० शब्दों की अन्तिम 'ई' हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रुप) जोड़ने से इनके रुप सुगमता से बन जाते हैं—

पृथ्वी, जननी, दासी, गौरी, पत्नी, मही, देवी, कुमारी सखी, रजनी, सुन्दरी, सिंही, मृगी, नगरी आदि शब्दों के रूप ईकारान्त नदी के समान चलेंगे।

सूचना—लक्ष्मी, श्री, स्त्री आदि शब्दों के रूप कुछ भिन्न होते हैं।

उकारान्त—धेनु (गाय) शब्द संक्षिप्त रूप

धेनुः	धेनू	धेनवः	प्र०	उः	ऊ	ऊवः
धेनुम्	,,	धेनूः	द्वि०	उम्	,,	ऊः
धेन्वा	धेनुभ्याम्	धेनुभिः	तृ०	वा	उभ्याम्	उभिः
धेन्वै,धेनवे	,,	धेनुभ्यः	च०	वै,उवे	,,	उभ्यः
धेन्वा-,धेनोः	,,	,,	प०	वाः,ओः	,,	,,
,, ,,	धेन्वोः	धेनूनाम्	ष०	,, ,,	वोः	ऊनाम्
धेन्वाम्,धेनौ	,,	धेनुषु	स०	वाम्,औ	,,	उषु
हे धेनो	हे धेनू	हे धेनवः	स०	ओ	ऊ	अवः

निर्देश—उकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों का अन्तिम (उ) हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रुप) जोड़ने से इनके रूप सुगमता से बन जाते हैं।

निम्न शब्दो के रूप (धेनु) की तरह चलेंगे—

तनुः = शरीर रज्जुः = रस्सी हनुः = ठोड़ी

रेणुः = धूल चञ्चुः = चोंच उडुः = नक्षत्र

ऊकारान्त—वधू (बहू) स्त्री संक्षिप्त रूप

वधूः	वध्वौ	वध्वः	प्र०	ऊः	वौ	वः
वधूम्	,,	वधूः	द्वि०	ऊम्	,,	ऊः
वध्वा	वधुभ्याम्	वधूभिः	तृ०	वा	ऊभ्याम्	ऊभिः
वध्वै	,,	वधूभ्यः	च०	वै	,,	ऊभ्यः
वध्वाः	,,	,,	पं०	वा	,,	,,
,,	वध्वोः	वधूनाम्	ष०	,,	वोः	ऊनाम्
वध्वाम्	,,	वधूषु	स०	वाम्	,,	ऊषु
हे वधु	हे वध्वौ	हे वध्वः	सं०	उ	वौ	वः

विशेष—निम्न शब्दों के रूप 'वधू' की तरह चलेंगे।

चमूः = सेना तनूः = शरीर जम्बूः = जामुन
श्वश्रूः = सास श्मश्रूः = दाढ़ी

(हलन्त (व्यंजनान्त) स्त्रीलिंग)

चकारान्त—वाच् (वाणी) शब्द				संक्षिप्त रूप		
वाक्–ग्	वाचौ	वाचः	प्र०	क्–ग्	चौ	चः
वाचम्	,,	,,	द्वि०	चम्	,,	,,
वाचा	वाग्भ्याम्	वाग्भिः	तृ०	चा	भ्याम्	भिः
वाचे	,,	वाग्भ्यः	च०	चे	,,	भ्यः
वाचः	,,	,,	पं०	चः	,,	,,
,,	वाचोः	वाचाम्	ष०	,,	चोः	चाम्
वाचि	,,	वाक्षु	स०	चि	,,	क्षु
हे वाक्–ग्	वाचौ	वाचः	सं०	क्,ग्	चौ	चः

निर्देश—चकारान्त स्त्री० शब्दों को अन्तिम "च्" हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ने से इनके रूप आसानी से बन जाते हैं।

शुच् (शोक), रुच् (कान्ति), सृच् (माला), ऋच् (ऋचा) आदि के रूप "वाच्" के समान चलेंगे।

तकारान्त—सरित् (नदी) शब्द				संक्षिप्त रूप		
सरित्	सरितौ	सरितः	प्र०	अत्	अतौ	अतः
सरितम्	,,	,,	द्वि०	अतम्	,,	,,
सरिता	सरिद्भ्याम्	सरिद्भिः	तृ०	अता	अद्भ्याम्	अदभिः
सरिते	,,	सरिद्भ्यः	च०	अते	,,	अद्भ्यः
सरितः	,,	,,	पं०	अतः	,,	,,
,,	सरितोः	सरिताम्	ष०	,,	अतौ	अताम्
सरिति	,,	सरित्सु	स०	अति	,,	अत्सु
हे सरित्	हे सरितौ	हे सरितः	सं०	अत्	अतौ	अतः

विशेष—विद्युत् (बिजली), तडित् (बिजली), योषित् (स्त्री) आदि तकारान्त शब्दों के रूप "सरित्" के समान होंगे।

(नपुंसकलिंग)

नपुंसकलिंग अकारान्त शब्दों के रूप प्रथमा तथा द्वितीया को छोड़कर शेष सब विभक्तियों में अकारान्त पुल्लिग राम शब्द के समान होते हैं तथा प्रथमा एवम् द्वितीया में सभी शब्दों के रूप समान होते हैं ।

अकारान्त – गृह (घर) नपुं० संक्षिप्त रूप

गृहम्	गृहे	गृहाणि	प्र०	अम्	ए	आनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
गृहेण	गृहभ्याम्	गृहैः	तृ०	एन	आभ्याम्	ऐः
गृहाय	,,	गृहेभ्यः	च०	आय	,,	एभ्यः
गृहात्	,,	,,	पं०	आत्	,,	,,
गृहस्य	गृहयोः	गृहाणाम्	ष०	अस्य	अयोः	आनाम्
गृहे	,,	गृहेषु	स०	ए	,,	एषु
हे गृह	हे गृहे	हे गृहाणि	सं०	अ	ए	आनि

विशेष—जल, फल, दल, बल, वन, पत्र, पुष्प, पुस्तक, नेत्र, सुख, कमल, धन, मित्र आदि के रूप नपुं० अकारान्त (गृह) के समान चलेंगे ।

इकारान्त—वारि (जल) नपुं० संक्षिप्त रूप

वारि	वारिणी	वारिणि	प्र०	इ	इनी	ईनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
वारिणा	वारिभ्याम्	वारिभिः	तृ०	इना	इभ्याम्	इभिः
वारिणे	,,	वारिभ्यः	च०	इने	,,	इभ्यः
वारिणः	,,	,,	पं०	इनः	,,	,,
,,	वारिणोः	वारीणाम्	ष०	,,	इनोः	ईनाम्
वारिणि	,,	वारिषु	स०	इनि	,,	इषु
हे वारि, वारे	हे वारिणी	हे वारीणि	सं०	इ,ए	इनी	ईनि

इकारान्त—दधि (दही) (अपवाद) संक्षिप्त रूप

दधि	दधिनी	दधीनि	प्र०	इ	इनी	ईनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,

दध्ना	दधिभ्याम्	दधिभिः	तृ०	ना	इभ्याम्	इभिः
दध्ने	,,	दधिभ्यः	च०	ने	,,	इभ्यः
दध्नः	,,	,,	पं०	नः	,,	,,
,,	दध्नोः	दध्नाम्	ष०	,,	नोः	नाम्
दधि, दधनि	,,	दधिषु	स०	नि, अनि	,,	इषु
हे दधि दधे	दधिनी	दधीनि	सं०	इ, ए	इनी	ईनि

नपुं० उकारान्त—मधु (शहद) शब्द संक्षिप्त रूप

मधु	मधुनी	मधूनि	प्र०	उ	उनी	ऊनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,	,,
मधुना	मधुभ्याम्	मधुभिः	तृ०	उना	उभ्याम्	उभिः
मधुने	,,	मधुभ्यः	च०	उने	,,	उभ्यः
मधुनः	,,	,,	पं०	उनः	,,	,,
,,	मधुनोः	मधूनाम्	ष०	,,	उनोः	ऊनाम्
मधुनि	,,	मधुषु	स०	उनि	,,	उषु
हे मधु, मधो	हे मधुनी	हे मधूनि	सं०	उ, ओ	उनी	ऊनि

विशेष—वस्त्रु, वसु, अश्रु, जानु, जतु, सानु आदि के शब्दों के रूप नपुं० 'मधु' के समान चलते हैं।

(हलन्त—नपुंसकलिंग शब्द)

सकारान्त—पयस (दूध, जल) शब्द संक्षिप्त रूप

पयः	पयसी	पयांसि	प्र०	अ	असी	आंसि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
पयसा	पयोभ्याम्	पयोभिः	तृ०	असा	ओभ्याम्	ओभिः
पयसे	,,	पयोभ्यः	च०	असे	,,	ओभ्यः
पयसः	,,	,,	पं०	असः	,,	,,
,,	पयसोः	पयसाम्	ष०	,,	असोः	असाम्
पयसि	,,	पयस्सु, पयःसु	स०	असि	,,	अःसु, अस्सु
हे पयः	हे पयसी	हे पयांसि	सं०	अः	असी	आंसि

निर्देश—सकारान्त नपुं० शब्दों का अन्तिम 'स' हटाकर उनमें प्रत्यय (संक्षिप्त रूप) जोड़ने से उनके रूप सुगमता से बन जाते हैं।

तपस् (तपस्या) वचस् (वाणी) नभस् (आकाश) रजस् (धूल) रक्षस् (राक्षस्) आदि के रूप 'पयस्' की तरह चलेंगे।

नकारान्त—शर्मन (कल्याण, सुख) संक्षिप्त रूप

शर्म	शर्मणी	शर्माणि	प्र०	अ	अनी	आनि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
शर्मणा	शर्मभ्याम्	शर्मभिः	तृ०	अना	अभ्याम्	अभिः
शर्मणे	,,	शर्मभ्यः	च०	अने	,,	अभयः
शर्मणः	,,	,,	पं०	अनः	,,	,,
,,	शर्मणोः	शर्मणाम्	ष०	,,	अनोः	अनाम्
शर्मणि	,,	शर्मसु	स०	अनि	,,	असु
हे शर्म, शर्मन्	हे शर्मणी	हे शर्माणि	सं०	अ, अन्	आनी	आनि

नकारान्त—जगत् (संसार) शब्द संक्षिप्त रूप

जगत्	जगती	जगन्ति	प्र०	अत्	अती	अन्ति
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
जगता	जगद्भ्याम्	जगद्भिः	तृ०	अता	अद्भ्याम्	अद्भिः
जगते	,,	जगद्भ्यः	च०	अते	,,	अद्भ्यः
जगतः	,,	,,	पं०	अतः	,,	,,
,,	जगतोः	जगताम्	ष०	,,	अतोः	अताम्
जगति	,,	जगसु	स०	अनि	,,	असु
हे जगत्	हे जगती	हे जगन्ति	सं०	अत्	अती	अन्ति

विशेष—गच्छत्, ददत्, पठन्, श्रीमत्, आदि शब्दों के रूप नपुंसक लिंग में "जगत्" के समान होते हैं।

नकारान्त—नामन् (नाम) शब्द संक्षिप्त रूप

नाम	नाम्नी, नामनी	नामानि	प्र०	अ	नी, अनी	आनि
,,	,, ,,	,,	द्वि०	,,	,, ,,	,,
नाम्ना	नामभ्याम्	नामभिः	तृ०	ना	अभ्याम्	अभिः
नाम्ने	,,	नामभ्यः	च०	ने	,,	अभ्यः

नाम्नः	नामभ्याम्	नामभ्यः	पं०	नः	अभ्याम्	अभ्यः
नाम्नः	नाम्नोः	नाम्नाम्	ष०	,,	नोः	नाम्
नाम्नि,नामनि	,,	नामसु	स०	नि,अन	,,	असु
हे नान,नामन्	हे नामी,नामनी	हे नामानि	सं०	अ,अन्	आनी	जानि

विशेष—व्योनन्, आकाश, प्रेमन् (प्रेम) आदि शब्दों के रूप भी इसी प्रकार के होते हैं।

सकारान्त (मनस्) मन शब्द — संक्षिप्त रूप

मनः	मनसी	मनांसि	प्र०	अः	असी	आंसि
,,	,,	,,	द्वि०	,,	,,	,,
मनसा	मनोभ्याम्	मनोभिः	तृ०	असा	ओभ्याम्	ओभिः
मनसे	,,	मनोभ्यः	च०	असे	,,	ओभ्यः
मनसः	,,	,,	पं०	असः	,,	,,
,,	मनसोः	मनसाम्	ष०	,,	असोः	असाम्
मनसि	,,	मनःसु, स्सु	स०	असि	,,	अःसु, अस्सु
हे मनः	हे मनसी	हे मनांसि	सं०	अः	असी	आंसि

(सर्वनाम)

जो शब्द संज्ञाओं के स्थान पर प्रयोग होते हैं उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे—सः, किम्, अस्मद् आदि।

सर्वनाम शब्दों के रूप तीनों लिंगों में चलते हैं, और इनमें सम्बोधन नहीं होता, तथा नपुंसकलिंग में प्रथमा, द्वितीया के अतिरिक्त शेष विभक्तियों के रूप पुल्लिंग के समान होते हैं। प्रयोग के अनुसार कभी-कभी विशेषण भी हो जाते हैं।

पुल्लिंग–सर्व (सब) — स्त्रीलिंग–सर्व (सब)

सर्वः	सर्वौ	सर्वे	प्र०	सर्वा	सर्वे	सर्वाः
सर्वम्	सर्वौ	सर्वान्	द्वि०	सर्वान्	सर्वे	सर्वाः
सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः	तृ०	सर्वया	सर्वाभ्याम्	सर्वाभिः
सर्वस्मै	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः	च०	सर्वस्यै	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
सर्वस्मात्	सर्वाभ्याम	सर्वेभ्यः	पं०	सर्वस्याः	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः

सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्	ष०	सर्वस्याः	सर्वयोः	सर्वासाम्
सर्वेस्मिन्	सर्वयोः	सर्वेषु	स०	सर्वस्याम्	सर्वयोः	सर्वासु

नपुंसकलिंग—सर्व (सब)

प्रथमा—	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि
द्वितीया—	,,	,,	,,

शेष विभक्तियाँ (सर्व) पुल्लिग के समान होती हैं।

पुल्लिग—पूर्व (पूर्व दिशा—पहले) स्त्रीलिंग—पूर्व

पूर्वः	पूर्वौ	पूर्वे	प्र०	पूर्वा	पूर्वे	पूर्वाः
पूर्वम्	,,	पूर्वान्	द्वि०	पूर्वाम्	,,	,,
पूर्वेण	पूर्वाभ्याम्	पूर्वैः	तृ०	पूर्वया	पूर्वाभ्याम्	पूर्वाभिः
पूर्वस्मै	,,	पूर्वेभ्यः	च०	पूर्वस्यै	,,	पूर्वाभ्यः
पूर्वस्मात्	,,	,,	प०	पूर्वस्याः	,,	,,
पूर्वस्य	पूर्वयोः	पूर्वेषाम्	स०	,,	पूर्वयोः	पूर्वासाम्
पूर्वस्मिन्	,,	पूर्वेषु	स०	पूर्वस्याम्	,,	पूर्वासु

नपुंसकलिंग—पूर्व

प्रथमा—	पूर्वम्	पूर्वे	पूर्वाणि
द्वितीया—	,,	,,	,,

शेष पुल्लिग शब्द 'पूर्व' के समान होते हैं।

तत् (वह)—पुल्लिग त्यो

प्रथमा—	सः (वह)	तौ (वे दोनों)	ते (वे सब)
द्वितीया—	तम् (उसको)	तौ (उन दोनों को)	तान् (उनको)
तृतीया—	तेन (उससे, उसके द्वारा)	ताभ्याम् (उन दोनों के द्वारा)	तैः (उनके द्वारा)
चतुर्थी—	तस्मै (उसके लिये)	ताभ्याम् (उन दोनों के लिये)	तेभ्यः (उनके लिये)

पंचमी—तस्मात् (उससे)	ताभ्याम् (उन दोनों से)	तेभ्यः (उनसे)
षष्ठी—तस्य (उसका)	तयोः (उन दोनों का)	तेषाम् (उनका)
सप्तमी—तस्मिन् (उसमें)	तयोः (उन दोनों में)	तेषु (उनमें)

तत् (वह)-स्त्रीलिंग त्यो

				नपुंसकलिंग तत्-(वह)		
सा	ते	ताः	प्र०	तद्	ते	तानि
ताम्	ते	ताः	द्वि०	तद्	ते	तानि
तया	ताभ्याम्	ताभिः	तृ०	तेन	ताभ्याम्	तैः
तस्यै	ताभ्याम्	ताभ्यः	च०	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
तस्याः	ताभ्याम्	ताभ्यः	प०	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
तस्याः	तयोः	तासाम्	ष०	तस्य	तयोः	तेषाम्
तस्याम्	तयोः	तासु	स०	तस्मिन्	तयोः	तेषु

विशेष—तत् शब्द के रूपों से पहले 'ए' लगा देने से एतत् (वह) के रूप हो जाते हैं। जैसेः— एषः, एतौ ऐत आदि।

यत् (जो) पुल्लिंग यो (जो)

प्रथमा—यः (जो)	यौ (जो दोनों)	ये (जो सब)
द्वितीया—यम् (जिसको)	यौ (जिन दोनों को)	यान् (जिन सबको)
तृतीया—येन (जिसके द्वारा)	याभ्याम् (जिन दो के द्वारा)	यैः (जिनके द्वारा)
चतुर्थी—यस्मै (जिसके लिये)	याभ्याम् (जिन दोनों के लिये)	येभ्यः (जिनके लिये)
पंचमी—यस्मात् (जिससे)	याभ्याम् (जिन दोनों से)	येभ्यः (जिन सबसे)

षष्ठी—	यस्य	ययोः	येषाम्
	(जिसका)	(जिन दोनों का)	(जिन सबका)
सप्तमी—	यस्मिन्	ययोः	येषु
	(जिसमें)	(जिन दोनों में)	(जिन सबमें)

यत् (जो)-स्त्रीलिंग

या	ये	याः	प्र०
याम्	ये	याः	द्वि०
यया	याभ्याम	याभिः	तृ०
यस्यै	याभ्याम्	याभ्यः	च०
यस्याः	याभ्याम	याभ्यः	पं०
यस्याः	ययोः	यासाम्	ष०
यस्याम्	ययोः	यासु	स०

यत् (जो)-नपुंसकलिंग

यत्, यद्	ये	यानि
यत्, यद्,	ये	यानि
येनः	याभ्याम्	यैः
यस्मै	याभ्याम्	येभ्यः
यस्मात्	याभ्याम्	येभ्यः
यस्य	ययोः	येषाम्
यस्मिन्	ययोः	येषु

किम् (कौन) पुलिंग

प्रथमा	कः	कौ
	(कौन)	(कौन दो)
द्वितीया	कम्	कौ
	(किसको)	(किन दो को)
तृतीया	केन	काभ्याम्
	(किसके द्वारा)	(किन दोनों के द्वारा)
चतुर्थी	कस्मै	काभ्याम्
	(किसके लिये)	(किन दो के लिये)
पंचमी	कस्मात्	काभ्याम्
	(किससे)	(किन दो से)
षष्ठी	कस्य	कयोः
	(किसका)	(किन दोनों का)
सप्तमी	कस्मिन्	कयोः
	(किसमें)	(किन दोनों में)

	के	(कौन सब)
	कान्	(किन सब को)
	कैः	(किनके द्वारा)
	केभ्यः	(किनके लिये)
	केभ्यः	(किन से)
	केषाम्	(किन सबका)
	केषु	(किनमें)

किम् (कौन) स्त्रीलिंग

का	के	काः	प्र०
काम्	के	काः	द्वि०
कया	काभ्याम्	काभिः	तृ०

किम् (कौन) नपुंसकलिंग

किम्	के	कानि
किम्	के	कानि
केन	काभ्याम्	कैः

कस्यै	काभ्याम्	काभ्यः	च०	कस्मै	काभ्याम्	केभ्यः
कस्या	काभ्याम्	काभ्यः	पं०	कस्मात्	काभ्याम्	केभ्यः
कस्याः	कयोः	कासाम्	ष०	कस्य	कयोः	केषाम्
कस्याम्	कयोः	कासु	स०	कस्मिन्	कयोः	केषु

इदम् (यह)-पुल्लिंग

प्रथम	अयम् (यह)	इमौ (ये दोनों)	इमे (ये सब)
द्वितीया	इमम् (इसको)	इमौ (इन दोनों की)	इमान् (इन सबको)
तृतीया	अनेन (इसके द्वारा)	आभ्याम् (इन दो के द्वारा)	एभिः (इन सबके द्वारा)
चतुर्थी	अस्मै (इसके लिये)	आभ्याम् (इन दो के लिये)	एभ्यः (इन सबके लिये)
पंचमी	अस्मात् (इससे)	आभ्याम् (इन दोनों से)	एभ्यः (इन सबसे)
षष्ठी	अस्य (इसका)	अनयोः (इन दोनों का)	एषाम् (इन सबका)
सप्तमी	अस्मिन् (इसमें)	अनयोः (इन दोनों में)	एषु (इनमें)

इदम् (यह) स्त्रीलिंग

इयम्	इमे	इमाः	प्र०	
इमाम्	इमे	इमाः	द्वि०	
अनया	आभ्याम्	आभिः	तृ०	
अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः	च०	
अस्या	आभ्याम्	आभ्यः	प०	
अस्या	एनयोः अनयोः	आसाम्	ष०	
अस्याम्	एनयोः अनयोः	एषु	स०	

इदम् (यह) नपुंसकलिंग

इदम्	इमे	इमानि	प्र०	
इदम्	इमे	इमानि	द्वि०	
अनेन	आभ्याम्	एभिः	तृ०	
अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः	च०	
अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः	प०	
अस्यः	अनयोः	एषाम्	ष०	
अस्मिन्	,,	एषु,	स०	

युष्मद् (तू, तुम) त लिखो

प्रथमा	त्वम् (तू या तूने)	युवाम् (तुम दोनों)	यूयम् (तुम सब)
द्वितीया	त्वाम्, त्वा (तुझको)	युवाम्, वाम् (तुम दोनों को)	युष्मान्, वः (तुम सबको)
तृतीया	त्वया (तेरे द्वारा)	युवाभ्याम् (तुम दोनों के द्वारा)	युष्माभिः (तुम सबके द्वारा)
चतुर्थी	तुभ्यम्, ते (तेरे लिए)	युवाभ्याम् (तुम दोनों के लिये)	युष्मभ्यम्, वः (तुम सबके लिए)
पंचमी	त्वत् (तुम से)	युवाभ्याम् (तुम दो से)	युष्मत् (तुम सब से)
षष्ठी	तव, ते (तेरा)	युवयोः, वाम् (तुम दो का)	युष्माकम्, वः (तुम सबका)
सप्तमी	त्वयि (तुझ में)	युवयोः (तुम दोनों में)	युष्मासु (तुम सब में)

अस्मद् (मैं हम) शब्द म

प्रथमा	अहम् (मैंने)	आवाम् (हम दोनों ने)	वयम् (हम सबने)
द्वितीया	माम्, मा (मुझको)	आवाम्, नौ, (हम दोनों को)	अस्मान्, नः (हम सबको)
तृतीया	मया (मेरे द्वारा)	आवाभ्याम् (हम दोनों के द्वारा)	अस्माभिः (हम सब के द्वारा)
चतुर्थी	मह्यम्, मे (मेरे लिये)	आवाभ्याम्, नौ, (हम दोनों के लिये)	अस्मभ्यम्, नः (हम सब के लिये)
पंचमी	मत् (मुझसे)	आवाभ्याम् (हम दोनों से)	अस्मत् (हम सब से)

षष्ठी	मम, मे (मेरा)	आवयोः, नौ (हम दोनों का)	अस्माकम्, नः (हमारा)
सप्तमी	मयि (मुझमें)	आवयोः (हम दोनों में)	अस्मासु (हम सब में)

विशेष :—अस्मद् तथा युष्मद् शब्दों के रूप तीनों लिंगों में समान होते हैं।

(३—विशेषण)

संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता प्रकट करने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। इनके लिंग अपने विशेष्यों के अनुसार होते हैं। जैसे :—सुन्दरः बालकः (पुल्लिग) सुन्दरी बालिका (स्त्रीलिंग), सुन्दर फलम् (नपुंसकलिंग) आदि। यहाँ 'सुन्दर' विशेषण हैं। जो अपने विशेष्यों बालकः, बालिका, और फलम् के अनुसार लिंग बदलता है।

संस्कृत में सर्वनामों का प्रयोग भी विशेषणों की भाँति ही होता है। जैसे :—एषः बालकः (यह लड़का) में 'एषः, सर्वनाम विशेषण की तरह आया है।

विशेषणों शब्दों के रूप प्रायः संज्ञा शब्दों के समान होते हैं। अकारान्त विशेषण—कृष्ण, श्वेत, कुशल आदि के रूप पुल्लिग में अकारान्त राम के समान तथा नपुंसकलिंग में अकारान्त फल के समान होंगे।

केवल संख्यावाचक विशेषण शब्दों के रूप स्वतन्त्र रूप से चलते हैं।

संख्यावाचक विशेषण

एक से चार तक का रूप तीनों लिंगों में चलते हैं। एक शब्द का रूप केवल एकवचन, द्वि का द्विवचन, त्रि का केवल बहुवचन में रूप चलते हैं तीन से अठारह तक संख्यावाचक शब्द केवल बहुवचन में ही होते हैं।

इक (नित्य एकवचनान्त)				द्वि (दो) शब्द		
नपुंसकलिंग	पुल्लिग	स्त्रीलिंग		पुल्लिग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
एकम्	एकः	एकोः	प्र०	द्वौ	द्वे	द्वे
"	एकं	एकाम्	द्वि०	द्वौ	द्वे	द्वे

एकेन	एकेन	एकया	तृ०	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
एकस्मै	एकस्मै	एकस्यै	च०	,,	,,	,,
एकस्मात	एकस्मात्	एकस्याः	पं०	,,	,,	,,
एकस्य	एकस्य	एकस्याः	ष०	द्वयोः	द्वयोः	द्वयोः
एकस्मिन्	एकस्मिन्	एकस्याम्	स०	द्वयोः	द्वयोः	द्वयोः

त्रि (तीन) शब्द				चतुर (चार) शब्द		
न०	पु०	स्त्री०		पु०	स्त्री०	न०
त्रयः	त्रयः	त्रीणि	प्र०	चत्वारः	चतस्रः	चत्वारि
त्रीन्	त्रीन्	,,	द्वि०	चतुर	,,	,,
त्रिभिः	त्रिभिः	त्रिभिः	तृ०	चतुर्भिः	चतसृभिः	चतुर्भिः
त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	च०	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः	चतुर्भ्यः
त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	त्रिसृभ्यः	पं०	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः	चतुर्भ्यः
त्रयाणाम्	त्रयाणाम्	त्रिसृणाम्	ष०	चतुर्णाम्	चतुसृणाम्	चतुर्णाम्
त्रिषु	त्रिषु	त्रिसृषु	स०	चतुर्षु	चतुसृषु	चतुर्षु

	पञ्चन (पाँच)	षष् (छः)	सप्तन् (सात)
प्र०	पञ्च	षट्	सप्त
द्वि०	,,	,,	,,
तृ०	पंचाभिः	षड्भिः	सप्तभिः
च०	पंचभ्यः	षड्भ्यः	सप्तभ्यः
पं०	,,	,,	,,
ष०	पंचानाम्	षण्णाम्	सप्तानाम्
सं०	पंचसु	षट्सु	सप्तसु

	अष्टन् (आठ)	नवन् (नौ)	दसन् (दस)
प्र०	अष्ट, अष्टौ	नव	दश
द्वि०	,, ,,	,,	,,
तृ०	अष्टभिः, अष्टाभिः	नवभिः	दशभिः
च०	अष्टभ्यः, अष्टाभ्यः	नवभ्यः	दशभ्यः
पं०	,, ,,	,,	,,
ष०	अष्टनाम्, अष्टानाम्	नवानाम्	दशानाम्
स०	अष्टसु, अष्टासु	नवसु	दशसु

संस्कृत की गिनती

१ एक
२ द्वि
३ त्रि
४ चतुर्
५ पञ्चन्
६ षष्
७ सप्तन्
८ अष्टन
९ नवन्
१० दशन्
११ एकादशन्
१२ द्वादशन्
१३ त्रयोदशन्
१४ चतुर्दशन्
१५ पञ्चदशन्
१६ षोडशन्
१७ सप्तदशन्
१८ अष्टादशन्
१९ नवदशन्
या
एकोनविंशति
ऊनविंशति
एकान्नविंशति
२० विंशति
२१ एकविंशति
२२ द्वाविंशति
२३ त्रयोविंशति
२४ चतुर्विंति
२५ पञ्चविंशति
२६ षड्विंशति
२७ सप्तविंशति
२८ अष्टाविंशति
२९ नवविंशति
ऊनत्रिंशत्
एकान्नत्रिंशत्
एकोनत्रिंशत्
३० त्रिंशत्
३१ एकत्रिंशत्
३२ द्वात्रिंशत्
३३ त्रयस्त्रिंशत्
३४ चतुस्त्रिंशत्
३५ पञ्चत्रिंशत्
३६ षट्त्रिंशत्
३७ सप्तत्रिंशत्
३८ अष्टात्रिंशत्
३९ नवत्रिंशत्
एकोनचत्वारिंशत्
ऊनचत्वारिंशत्
एकान्नचत्वारिंशत्
४० चत्वारिंशत्
४१ एकचत्वारिंशत्
४२ द्वाचत्वारिंशत्
या
द्विचत्वारिंशत
४३ त्रयश्चत्वारिंशत्
या
त्रिचत्वारिंशत्
४४ चतुश्चत्वारिंशत्
४५ पञ्चचत्वारिंशत्
४६ षट्चत्वारिंशत्
४७ सप्तचत्वारिंशत्
४८ अष्टाचत्वारिंशत्
या
अष्टचत्वारिंशत्
४९ नवचत्वारिंशत्
एकोनपञ्चाशत्
ऊनपञ्चाशत्
एकान्नपञ्चाशत्
५० पञ्चाशत्
५१ एकपञ्चाशत्
५२ द्वापञ्चाशत्
या
द्विपञ्चाशत्
५६ त्रय:पञ्चाशत्
या
त्रिपञ्चाशत्
५४ चतु:पञ्चाशत्
५५ पञ्चपञ्चाशत्
५६ षट्पञ्चाशत्
५७ सप्तपञ्चाशत्
५८ अष्टापञ्चाशत्

या
अष्टपञ्चाशत्
५९ नवपञ्चाशत्
या
एकोनषष्टि
ऊनषष्टि
एकान्नषष्टि
६० षष्टि
६१ एकषष्टि
६२ द्वाषष्टि
या
द्विषष्टि
६३ त्रयःषष्टि
या
त्रिषष्टि
६४ चतुष्षष्टि
६५ पञ्चषष्टि
६६ षट्षष्टि
६७ सप्तषष्टि
६८ अष्टाषष्टि
या
अष्टषष्टि
६९ नवषष्टि
एकोनसप्तति

ऊनसप्तति
एकान्नसप्तति
७० सप्तति
७१ एकसप्तति
७२ द्वासप्तति
या
द्विसप्तति
७३ त्रयस्सप्तति
या
त्रिसप्तति
७४ चतुस्सप्तति
७५ पञ्चसप्तति
७६ षट्सप्तति
७७ सप्तसप्तति
७८ अष्टासप्तति
या
अष्टसप्तति
७९ नवसप्तति
या
एकोनाशीति
ऊनाशीति
एकान्नाशीति
८० अशीति
८१ एकाशीति

या अष्टपञ्चाशत्
८२ द्वयशीति
८३ त्रयशीति
८४ चतुरशीति
८५ पञ्चाशीति
८६ षडशीति
८७ सप्ताशीति
८८ अष्टाशीति
८९ नवाशीति
एकोनवति
ऊननवनि
एकान्ननवति
९० नवति
९१ एकनवति
९२ द्विनवति
द्वानवति
९३ त्रयोनवति
त्रिनवति
९४ चतुर्नवति
९५ पञ्चनवति
९६ षण्णवति
९७ सप्तनवति
९८ अष्टानवति
अष्टनवति
९९ नवनवति

१०० शत, २०० द्विशत, ३०० त्रिशत, ४०० चतुश्शत, ५०० पञ्चशत,

१००० सहस्र, १०,००० अयुत १,००,००० लक्ष (न०पु०) या लक्षा (स्त्री०), दस लाख, प्रयुत करोड़—कोटि (स्त्री०) ।

(क्रम बोधक संख्यावाचक विशेषण)

संख्या	पुल्लिग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
१ एक	प्रथमः	प्रथमा	प्रथमम्
२ द्वि	द्वितीयः	द्वितीया	द्वितीयम
३ त्रि	तृतीयः	तृतीया	तृतीयम्
४ चतुर	चतुर्थः	चतुर्थी	चतुर्थम्
५ पञ्चन्	पञ्चमः	पञ्चमी	पञ्चममे
६ षष्	षष्ठः	षष्ठी	षष्ठम्
७ सप्तन्	सप्तमः	सप्तमी	सप्तमम्
८ अष्टन्	अष्टमः	अष्टमी	अष्टमम्
९ नव	नवमः	नवमी	नवमम्

(विशेषणों की अवस्था)

वाक्यों में विशेषण का प्रयोग तीनों रूपों में दिखाई पड़ता है, जिन्हें विशेषणों की अवस्था (Degree) कहते हैं । ये निम्न हैं :—

(१) सामान्य अवस्था :-(Positive Degree) जब विशेषण अपने सामान्य या साधारण रूप में होता है और उसकी किसी से तुलना नहीं की जाती तब वह सामान्य अवस्था में होता है । जैसे :— 'रामः सुन्दरः बालकः अस्ति' यहाँ 'सुन्दरः' विशेषण सामान्य रूप में आया है, अतः यहाँ विशेषण की सामान्य अवस्था है ।

(२) उत्तर अवस्था :—जब किसी विशेषण के द्वारा किन्हीं दो व्यक्तियों या वस्तुओं में तुलना की जाती है तब वह विशेषण तुलनात्मक अवस्था में होता है । इसे तुलनात्मक विशेषण भी कहते हैं । इन विशेषणों को बनाने के लिये तर या ईयस् प्रत्ययों का प्रयोग होता है । जैसे—कृष्णः मोहनात् सुन्दरतरः अस्ति—कृष्ण मोहन से सुन्दर है । यह विशेषण उत्तर अवस्था में है ।

सामान्य अवस्था	पुंलिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
महत्	महत्तरः	महत्तरा	महत्तरम्
लघु	लघुतरः	लघुतरा	लघुतरम
गुरु	गुरुत्तरः	गुरुतरा	गुरुतरम्
प्रिय	प्रियतरः	प्रियतरा	प्रियतरम्
श्रेष्ठः	श्रेष्ठतरः	श्रेष्ठतरा	श्रेष्ठतरम्

(३) **उत्तम अवस्था** :—जब किसी विशेषण द्वारा दो से अधिक वस्तुओं या व्यक्तियों में तुलना की जाती है तब विशेषण उत्तम अवस्था में होता है। इसे अतिशय वाचक विशेषण भी कहा जा सकता है। इन विशेषणों को बनाने के लिए 'तम' या 'इष्ठ' प्रत्यय लगाया जाता है जैसे—कृष्णः सर्वेषु बालकेषु सुन्दरतमः श्रेष्ठः वा आसीत्—कृष्ण सभी लड़को में सुन्दर या श्रेष्ठ थे। यहाँ विशेषण उत्तम अवस्था में हैं।

तमप् प्रत्यय

मूल शब्द	पुंलिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
महत्	महत्तमः	महत्तमा	महत्तमम
लघु	लघुत्तमः	लघुत्तमा	लघुतमम्
अल्प	अल्पतमः	अल्पतमा	अल्पतमम्
गुरु	गुरुतमः	गुरुतमा	गुरुतमम्
श्रेष्ठ	श्रेष्ठतमः	श्रेष्ठतमा	श्रेष्ठतमम्

सामान्य अवस्था	उत्तरावस्था (ईयस् प्रत्यय के द्वारा)	उत्तमावस्था (इष्ठत् प्रत्यय के द्वारा)
गुरुः	गरीयान्	गरिष्ठः
प्रियः	प्रेयान्	प्रेष्ठः
महत्	महीयान्	महिष्ठः

इस प्रकार दो व्यक्तियों या वस्तुओं की तुलना के लिये तर या ईयस् एवम् दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं में अन्य की अपेक्षा एक की विशेषता बतलाने के लिये तमप् या इष्ठन् प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं।

उपर्युक्त विशेषणवाची शब्दों के रूप पुल्लिग में राम,स्त्रीलिंग में रमा और नपुंसकलिंग मे पुस्तक के समान होते हैं। हलन्त शब्दों के रूप हलन्त शब्दों के समान होते हैं।

अभ्यास

शब्द रूपों का अभ्यास

१—नीचे लिखे शब्दों में से किसी एक का शब्द रूप तृतीया और दूसरे का सप्तमी में लिखिये :—दधि, मति। (हाईस्कूल १९६०)

२—निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक का रूप सब विभक्तियों में लिखिए—सरित्, राम, गुरु, गो, राजन् इदम्। (१९६१)

३—निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक का रूप सब विभक्तियों में लिखिये :—हरि, मति, सर्व दधि, युष्मद्, करिन्। (१९६२)

४–निम्नांकित शब्दों में से किसी एक का रूप द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी एवंस प्तमी विभक्तियों में लिखिये:-पितृ, रमा, नदी, भगवत्। (१९६३)

५-निम्नांकित शब्दों में से किसी एक के रूप द्वि०, प०, ष० तथा सप्तमी विभक्तियों में लिखिये :—गो, मति, युष्मद्, दधि, इदम्, (स्त्री०)। (१९६४)

६—निम्नांकित शब्दों में से किसी एक के रूप द्वि०, पं०, ष०, तथा सप्तमी विभक्तियों में लिखिये—पितृ, राजन्, किम् (स्त्री०), युष्मद्, सर्व। (१९६५)

७—निम्नांकित शब्दों में से किसी एक के रूप द्वितीय, पंचमी, षष्ठी तथा सप्तमी विभक्तियों में लिखिये :—गुरु,नदी, वाच्, मनस्, युष्मद्।(१९६६)

८—निम्नांकित शब्दों में से किसी के रूप द्वितीया, चतुर्थी तथा सप्तमी विभक्तियों में लिखिए :—गो, हरि, धेनु, पयस्, इदम् (स्त्री०) (१९६७)

९—नीचे लिखे शब्दों में से किसी एक के प्रथमा बहु०, चतुर्थी एकवचन, षष्ठी बहु० तथा सप्तमी एकवचन के रूप लिखिये। (१९६८)

भानु, धातृ, रमा, मति, सर्व, गो, वारि।

नीचे लिखे शब्दों में से किसी एक के प्रथमा बहु०, तृतीया एकवचन, चतुर्थी बहु० और पञ्चमी एकवचन के रूप लिखिए :— (१९६९)

सखि, राजन्, मधु, किम जगत्।

चतुर्थ अध्याय

क्रिया (धातु) विचार

जिस शब्द के द्वारा किसी काम का करना या होना पाया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं। संस्कृत की क्रियायें जिन मूलों से बनती हैं, उन्हें धातु कहते हैं। जैसे—"सः पुस्तकं पठति (वह पुस्तक पढ़ता है।) वाक्य में 'पठति' (पढ़ता है।) के द्वारा 'पढ़ने' का होना पाया जाता है, अतः 'पठति' क्रिया है। यह 'पठ्' मूल से बनती है, अतः 'पठ्' धातु है।

क्रिया धातुओं में प्रत्यय लगाने पर बनती है। इस आधार पर तिङन्त तथा कृदन्त दो प्रकार की क्रियायें होती हैं। जो क्रियाए तिङ् प्रत्यय अर्थात् तिप्, तस्, झि (अन्ति) आदि के संयोग से बनती हैं, उन्हें तिङन्त कहते हैं। जैसे भवति. भवतः, भवन्ति।

जो क्रिया क्त, क्तवतु आदि कृत् प्रत्ययों के संयोग से बनती हैं उन्हें कृदन्त कहते हैं। जैसे :—गतः (गया), गतवान् (गया। आदि।

(क्रिया के भेद)

क्रियायें दो प्रकार की होती हैं :—(१) सकर्मक (२) अकर्मक।

(१) **सकर्मक** :—वे क्रियायें जो अपना कर्म रखती हैं, अर्थात् जिनके व्यापार का फल कर्त्ता को छोड़कर किसी अन्य पर पड़ता है, उन्हें सकर्मक क्रियायें कहते हैं। क्रिया के आगे 'किसको' अथवा 'क्या' लगाने पर उत्तर में आने वाला शब्द 'कर्म' होता है। जैसे—सः पुस्तकं पठति (वह पुस्तक पढ़ता है।) में 'पठति' क्रिया का फल 'पुस्तक' पर पड़ रहा है, और क्या पढ़ता है ? के उत्तर में भी 'पुस्तकम्' आता है अतः 'पुस्तकम्' कर्म तथा 'पठति' सकर्मक क्रिया है।

(२) **अकर्मक** :—वे क्रियाएँ जो कर्म नहीं रखतीं, तथा जिनका फल कर्त्ता पर ही पड़ता है, वे अकर्मक क्रियायें कहलाती हैं। जैसे—सः स्वपिति (वह सोता है।) में 'स्वप्' (सोना) का फल 'सः' पर है अतः 'स्वपिति' क्रिया अकर्मक है।

(लकार)

संस्कृत भाषा में दस काल अथवा वृत्तियाँ (Tenses and Moods) होती हैं। वे इस प्रकार हैं :—

(१) लट् (वर्तमान)। (३) लिट् (भूतकाल—परोक्ष)। (३) लुट् (भविष्य)। (४) लृट् (भविष्य)। (५) लोट् (आज्ञा तथा आर्शीवाद)। (६) लङ् (भूतकाल–अनद्यतन)। (७) विधिलिङ् (विधि, प्रार्थना आदि-चाहिए के अर्थ में)। (८) आर्शीलिङ् (आर्शीवाद) (९) लुङ् (भूतकाल)। (१०) लृङ् हेतु–हेतुमद्–भूतकाल)।

लकार के भेद

लकार दो प्रकार के होते हैं– (१) सार्वधातुक (२) आर्धधातुक। लट्, लोट्, लङ् तथा विधिलिङ् को सर्वधातुक कहते हैं। शेष छः लकारों को आर्धधातुक कहते हैं।

सार्वधातुक लकारों को प्रत्ययों के जोड़ने से पहले धातुओं में परिवर्तन (विकार) कर दिया जाता है और आर्धधातुकों में यह विकार नहीं होता। जैसे :—गम् का गच्छ्, प्रच्छ् का पृच्छ् आदि।

(१) वर्तमान काल की क्रिया का प्रयोग वर्तमान समय में होने वाली वस्तु के विषय में किया जाता है, जैसे–सः गच्छति=वह जाता है।

(२) लोट् (आज्ञा) आज्ञा का प्रयोग किसी को करने की आज्ञा देने के लिए किया जाता है। जैसे :—त्वम् विद्यालयं गच्छ–तुम विद्यालय जाओ। आज्ञा बहुधा सामने उपस्थित मनुष्यों की दी जाती है, इसलिए आज्ञा का प्रयोग बहुधा मध्यम पुरुष में होता है। परन्तु कुछ ऐसे प्रयोग जैसे–मैं करूँ (अहम् करवाणि), वह करे (सः करोतु) आदि भी आवश्यकतानुसार होते हैं।

(३) विधि लिङ्—का प्रयोग किसी को आदेश देने के लिए किया जाता है यदि आज्ञा के रूप का प्रयोग हो तो नरम आदेश समझना चाहिए और यदि विधि लिङ् का प्रयोग हो तो कड़ा। विधि का प्रयोग 'चाहिए' अर्थ का बोध कराने के लिये भी होता है, जैसे—सः कुर्यात् (उसको करना चाहिये)

(४) लङ्, लिट्, लुङ्—तीन भूतकाल—संस्कृत में भूतकाल की क्रिया का बोध कराने के लिये तीन काल—अनद्यतनभूत, परोक्षभूत और सामान्यभूत हैं। इनके प्रयोग में थोड़ा अन्तर है। अनद्यतन का अर्थ है ऐसा भूतकाल जो आज न हुआ हो, अर्थात् इस काल के रूप ऐसी दशा में प्रयोग में लाये जाने चाहिए जब क्रिया आज समाप्त न हुई हो, कल या इस से पूर्व समाप्त हुई हो, जैसे – मैं आज पढ़ने गया, यहाँ गया शब्द का अनुवाद संस्कृत में अनद्यतनभूत की क्रिया से न होगा, बल्कि किसी दूसरे भूतकाल की क्रिया से होगा। परोक्षभूत का अर्थ है ऐसा अतीतकाल जो आँख के सामने न हुआ हो। यदि कोई क्रिया अपनी आँखों के सामने हुई है तो उस दशा में परोक्षभूत का प्रयोग न होगा। यहाँ जाने की क्रिया मेरे सामने हुई, इसलिए यहाँ 'गया' का अनुवाद परोक्षभूत के रूप से न करके किसी और भूतकाल के रूप से करना होगा। तीसरा भूतकाल अर्थात् सामान्यभूत सब कहीं प्रयोग में लाया जा सकता है। चाहे क्रिया आज समाप्त हुई हो अथवा बरसों पहले।

विशेष :—संस्कृत में वर्तमान काल की क्रिया के अनन्तर 'स्म' शब्द जोड़कर एक साधारण भूतकाल बनाया जाता है। यह प्राय: किस्से-कहानी में वर्णन के काम में लाया जाता है, जैसे—कश्चिद्राजा प्रतिवसति स्म (कोई राजा रहता था)।

(५) लुट्-लृट्-दोनों भविष्य काल :—भविष्यकाल की क्रिया का बोध कराने के लिए दो काल हैं : अनद्यतन भविष्य और सामान्य भविष्य। इनमें से पहले का प्रयोग ऐसी दशा में नहीं हो सकता जब क्रिया आज ही होने को हो, जैसे—मैं आज शाम को काशी जाऊँगा, इसका "अद्य सायंकाले काशीं गमिष्यामि" यह शुद्ध अनुवाद है। अगर "गमिष्यामि" न कहकर "गन्तास्मि" कह दिया जाता तो वाक्य अशुद्ध हो जाता है क्योंकि "गन्तास्मि" अनद्यतन भविष्य है। दूसरे (अर्थात् सामान्य) भविष्य का सब कहीं प्रयोग हो सकता है।

(६) आशीर्लिङ—इसका प्रयोग आशीर्वाद देने के लिये होता है, जैसे—तुम सौ वर्ष तक जियो – त्वम् जीव्याः शरदां शतम्। कभी-कभी आशीर्वाद अथवा अकांक्षा प्रकट करने के लिये आज्ञा का अथवा विधि का भी प्रयोग होता है, जैसे—त्वम् जीव शरदां शतम् जीवेम शरदां शतम् आदि।

(७) लङ्—इसका प्रयोग ऐसे अवसर पर होता है जहाँ एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया के होने पर निर्भर हो। जैसे–यदि वह आता तो मैं उसके साथ जाता (यदि सः आगमिष्यत्तर्हि अहं नूनं तेन सह अगमिष्यम्)।

पुरुष

सर्वनामों की भाँति क्रियाओं में भी प्रथमपुरुष, मध्यमपुरुष तथा उत्तमपुरुष होते हैं।

(१) प्रथमपुरुष–जिन क्रियाओं का प्रयोग प्रथमपुरुष के कर्त्ता (सः तौ, ते, कः रामः आदि) के लिये होता है, उन्हें प्रथमपुरुष कहते हैं। जैसे-रामः गच्छति—राम जाता है।

(२) मध्यमपुरुष—जिन क्रियाओं का प्रयोग मध्यमपुरुष के कर्त्ताओं (त्वम्, युवाम्, यूयम्) के साथ होता है वे मध्यमपुरुष की क्रियायें कही जाती हैं। जैसे—त्वम् गच्छसि–तुम जाते हो।

(३) उत्तमपुरुष–जिन क्रियाओं का प्रयोग उत्तमपुरुष के कर्त्ताओं (अहम, आवाम्, वयम्)के साथ होता है वे उत्तमपुरुष की क्रियाएँ कही जाती हैं। जैसे–अहम् गच्छामि–मैं जाता हूँ।

वचन

संज्ञाओं की भाँति क्रियाओं में भी एक वचन, द्विवचन और बहुवचन होते हैं। ये भी क्रियाओं के कर्त्ता के अनुसार प्रयुक्त होते हैं।

लिंग

संस्कृत में लिंग के कारण क्रियाओं में कोई अन्तर नहीं होता। जैसे—बालकः गच्छति, बालिका गच्छति, फलम् पतित (फल गिरता है।)

पद

क्रियाओं के रूप जिस सरणि के अनुसार चलते हैं, वे पद कहे जाते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं— १. परस्मैपद, २. आत्मनेपद ३. उभयपद।

पद के अनुसार धातु के भेद

पद के अनुसार धातुओं की क्रियायें तीन प्रकार की होती हैं—

१. परस्मैपदी. २. आत्मनेपदी, ३. उभयपदी।

(१) परस्मैपदी—वाक्य में जिस धातु का फल कर्त्ता को न मिले, किसी दूसरे को मिले, उसे परस्मैपदी कहते हैं। जैसे—रामः पठति, इस वाक्य में पढ़ने का फल राम को न मिलकर दूसरे को मिलता है—जिसके लिए वह पढ़ रहा है।

(२) आत्मनेपदी—वाक्य में जिस धातु का फल कर्त्ता को मिले, उसे आत्मनेपदी कहते हैं। जैसे—अहं भुञ्जे—मैं खाता हूँ, इस वाक्य में खाने का फल 'अहम्' कर्त्ता को मिल रहा है।

(३) उभयपदी—वाक्य में जिस धातु का फल कर्त्ता को और दूसरे को भी मिले, उसे उभयपदी धातु कहते हैं। जैसे—अध्यापकः कथयति कथयते वा—अध्यापक कहता है, इस वाक्य में कहने का फल अध्यापक को मिलता है और उसके लिए भी जिससे कहा गया हो।

विशेष—संस्कृत में इन धातुओं के नियम पूरी तरह लागू नहीं होते।

परस्मैपद और आत्मनेपद दोनों के प्रत्यय भिन्न-भिन्न हैं और उभयपदी धातुओं में दोनों प्रकार के प्रत्यय लगते हैं। ऐसी धातुओं का रूप दोनों पदों (परस्मैपद तथा आत्मनेपद) में चलता है।

गण

रूप रचना के अनुसार सम्पूर्ण धातुओं (क्रियाओं) को जिन विभागों में बाँटा गया है, उन्हें गण कहते हैं। ये गण (विभाग) प्रधान रूप से दस हैं। प्रत्येक गण का नाम गण की पहली धातु के नाम पर रखा गया है। ये निम्न हैं।

१—भ्वादि गण	—	जिसमें धातु के रूप 'भू' धातु के समान हों।			
२—अदादिगण	—	,,	,,	अद्	,,
३—जुहोत्यादि गण	—	,,	,,	हु	,,
४—दिवादिगण	—	,,	,,	दिव्	,,
५—स्वादि गण	—	,,	,,	सु	,,
६—तुदादि गण	—	,,	,,	तुद्	,,
७—रुधादि गण		,,	,,	रुध्	,,
८—तनादि गण	—	,,	,,	तनु	,,

९—क्रयादि गण — ,, ,, क्री ,,
१०—चुरादि गण — ,, ,, चुर् ,,

लकारों के प्रत्यय इस प्रकार हैं—

(क) लट् (वर्तमान काल)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	
प्र० पु०	ति	तस्	अन्ति	
म० पु०	थि	थस्	थ	परस्मैपद
उ० पु०	मि	वस्	मस्	
प्र० पु०	ते	इते	अन्ते	
म० पु०	से	इथे	ध्वे	आत्मनेपद
उ० पु०	इ	वहे	म	

विशेष—दूसरे, तीसरे, पाँचवे और नवें गण की धातुओं के उपरान्त आत्मनेपद में निम्नलिखित प्रत्यय लगाते हैं—

प्र० पु०	ते	आते	अन्ते	
म० पु०	से	आथे	ध्वे	आत्मनेपद
उ० पु०	ए	वहे	महे	

(ख) लोट् (आज्ञा)

प्र० पु०	तु	ताम्	अन्तु	
म० पु०	तु या तात्	तम्	त	परस्मैपद
उ० पु०	आनि	आव	आम	

विशेष—सभी गणों में ये ही प्रत्यय लगते हैं. केवल दूसरे, तीसरे, पाँचवें, सातवें, आठवें तथा नवें गण की धातुओं के म० पु० एक वचन में आ या तात् की जगह "हि" जोड़ा जाता है।

प्र० पु०	ताम्	इताम्	अन्ताम्	
म० पु०	स्व	इथाम्	ध्वम्	आत्मनेपद
उ० पु०	ऐ	आव है	आमहे	

विशेष—दूसरे, तीसरे, पाँचवें, सातवें, आठवें तथा नवें गण की धातुओं के उपरान्त आत्मने में निम्नलिखित प्रत्यय लगते हैं—

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	
प्र० पु०	ताम्	आताम्	अताम्	
म० पु०	स्व	आथाम्	ध्वम्	आत्मनेपद
उ० पु०	ऐ	आवहै	आमहै	

(ग) विधिलिङ् (इच्छा)

प्र० पु०	ईत्	ईताम्	ईयुः	
म० पु०	ईः	ईतम्	ईत	परस्मैपद
उ० पु०	ईयम्	ईव	ईम	
प्र० पु०	ईत	ईयाताम्	ईरन्	
म० पु०	ईथाः	ईयाथाम्	ईध्वम्	आत्मनेपद
उ० पु०	ईय	ईवहि	ईमहि	

विशेष—दूसरे, तीसरे, पाँचवें, सातवें, आठवें तथा नवें गण की धातुओं के उपरान्त परस्मैपद में निम्नलिखित प्रत्यय लगते हैं—

प्र० पु०	यात्	याताम्	युस्	
म० पु०	यास्	यातम्	यात	परस्मैपद
उ० पु०	याम्	याव	याम	

(च) लङ्—अनद्यतन भूत

प्र० पु०	त्	ताम्	अन्	
म० पु०	स्	तम्	त	परस्मैपद
उ० पु०	अम्	व	व	
प्र० पु०	त	इताम्	अन्त	
म० पु०	थास्	इथाम्	ध्वम्	आत्मनेपद
उ० पु०	इ	वहि	महि	

विशेष—दूसरे, तीसरे, पाँचवें सातवें, आठवें तथा नवें गण की धातुओं के उपरान्त आत्मनेपद में निम्नलिखित प्रत्यय लगते हैं—

प्र० पु०	त	आताम्	अत	
म० पु०	थास्	आथाम्	ध्वम्	आत्मनेपद
उ० पु०	ई	वहि	महि	

(ज) लृट् (सामान्य भविष्य)

	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन	
प्र० पु०	इष्यति	इष्यतः	इष्यन्ति	
म० पु०	इष्यसि	इष्यथः	इष्यथ	परस्मैपद
उ० पु०	इष्यामि	इष्यावः	इष्यामः	
प्र० पु०	इष्यते	इष्येते	इष्यन्ते	
म० पु०	इष्यसे	इष्येथे	इष्यध्वे	आत्मनेपद
उ० पु०	इष्ये	इष्यावहे	इष्यामहे	

विशेष—कुछ धातुओं में 'इष्यते' वाले रूप लगते हैं और कुछ में स्यते, स्येते, स्यन्ते आदि विना 'इ' वाले रूप लगते हैं।

(१—भ्वादिगण)

भ्वादिगण की प्रथम धातु "भू" है, इसलिए इस गण का यह नाम पड़ा। दशों गणों में यह प्रमुख है।

इस गण की धातुओं के अनन्तर (प्रत्यय लगाने के पूर्व) शय् (अ) जाड़ दिया जाता है तथा धातु की उपधा का ह्रस्व स्वर या धातु का अन्तिम स्वर गुण सन्धि को प्राप्त होता है। जैसे—भू धातु में वर्तमान के प्रत्यय जोड़ने हो तो—भ्+शय् (अ)+ति=भ्+ऊ+अ+ति=भू+ओ (गुण) +अ+ति=भू+अव्+अ+ति=भवति रूप प्रथम पुरुष के एक वचन में बनेगा। इसी प्रकार जि+शय् ति=जि+अ+ति=ज्+इ+अ+ति= ज+ए+अ+ति=ज+अय्+अ+ति=जयति। इसी प्रकार नयति आदि। उपधामत ह्रस्वस्वर का गुण, जैसे—बुध्+शय्+ति=ब्+उ+ध +अ+ति=ब्+ओ+ध्+अ+ति=बोधति। जिन धातुओं की उपधा में अथवा अन्त में अ होगा उनमें गुण सन्धि करने से अ ही रहता है,

(१-परस्मैपदी भू-होना)

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लट्	प्र० पु०	भवति	भवतः	भवन्ति

	म० पु० भवसि	भवथः	भवथ
	उ० पु० भवामि	भवावः	भवामः
लोट्	प्र० पु० भवतु	भवताम्	भवन्तु
	म० पु० भव	भवतम्	भवत
	उ० पु० भवानि	भवाव	भवाम
विधिलिङ्	प्र० पु० भवेत्	भवेताम्	भवेयुः
	म० पु० भवेः	भवेतम्	भवेत
	उ० पु० भवेयम्	भवेव	भवेम
लङ्	प्र० पु० अभवत्	अभवताम्	अभवन्
	म० पु० अभवः	अभवतम्	अभवत
	उ० पु० अभवम्	अभवाव	अभवाम
लृट्	प्र० पु० भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति
	म० पु० भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ
	उ० पु० भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः

२–परस्मैपदी—हस्—हंसना

लट्	प्र० पु० हसति	हसतः	हसन्ति
	म० पु० हससि	हसथः	हसथ
	उ० पु० हसामि	हसावः	हसामः
लोट्	प्र० पु० हसतु	हसताम्	हसन्तु
	म० पु० हस	हसतम्	हसत
	उ० पु० हसानि	हसाव	हसाम
विधिलिङ	प्र० पु० हसेत्	हसेताम्	हसेयुः
	म० पु० हसेः	हसेतम्	हसेत
	उ० पु० हसेयम्	हसेव	हसेम
लङ्	प्र० पु० अहसत्	अहसताम्	अहसन्
	म० पु० अहसः	अहसतम्	अहसत
	उ० पु० अहसम्	अहसाव	अहसाम

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लृट्	प्र, पु. हसिष्यति	हसिष्यतः	हसिष्यन्ति
	म. पु. हसिष्यसि	हसिष्यथः	हसिष्यथ
	उ. पु. हसिष्यामि	हसिष्यावः	हसिष्यामः

३—परस्मैपदी रक्ष्—बचाना

लट्	प्र. पु. रक्षति	रक्षतः	रक्षन्ति
	म. पु. रक्षसि	रक्षथः	रक्षथ
	उ. पु. रक्षामि	रक्षावः	रक्षामः
लोट्	प्र. पु. रक्षतु	रक्षताम्	रक्षन्तु
	म. पु. रक्ष	रक्षतम्	रक्षत
	उ, पु. रक्षाणि	रक्षाव	रक्षाम
विधिलिङ्	प्र. पु. रक्षेत्	रक्षेताम्	रक्षेयुः
	म. पु. रक्षः	रक्षेतम्	रक्षेत
	उ. पु. रक्षेयम्	रक्षेव	रक्षेम
लङ्	प्र. पु. अरक्षत्	अरक्षताम्	अरक्षन्
	म. पु. अरक्षः	अरक्षतम्	अरक्षतम्
	उ. पु. अरक्षम्	अरक्षाव	अरक्षाम
लृट्	प्र. पु. रक्षिष्यति	रक्षिष्यतः	रक्षिष्यन्ति
	म. पु. रक्षिष्यसि	रक्षिष्यथः	रक्षिष्यथ
	उ. पु. रक्षिष्यामि	रक्षिष्यावः	रक्षिष्यामः

५—परस्मैपदी बद्—बोलना

लट्	प्र. पु. वदति	वदतः	वदन्ति
	म. पु. वदसि	वदथः	वदथ
	उ. पु. वदामि	वदावः	वदामः
लोट्	प्र. पु. वदतु	वदताम्	वदन्तु
	म. पु. वद	वदतम्	वदत
	उ. पु. वदानि	वदाव	वदाम

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
विधिलिङ्	प्र. पु.	वदेत्	वदेताम्	वदेयुः
	म. पु.	वदेः	वदेतम्	वदेत
	उ. पु.	वदेयम्	वदेव	वदेम
लङ्	प्र. पु.	अवदत्	अवदताम्	अवदन्
	म. पु.	अवदः	अवदतम्	अवदत
	उ. पु.	अवदम्	अवदाव	अवदाम
लृट्	प्र. पु.	वदिष्यति	वदिष्यतः	वदिष्यन्ति
	म. पु.	वदिष्यसि	वदिष्यथः	वदिष्यथ
	उ. पु.	वदिष्यामि	वदिष्यावः	वदिष्यामः

६—परस्मैपदी -पठ्—पढ़ना

लट्	प्र. पु.	पठति	पठतः	पठन्ति
	म. पु.	पठसि	पठथः	पठथ
	उ. पु.	पठामि	पठावः	पठामः
लोट्	प्र. पु.	पठतु	पठताम्	पठन्तु
	म. पु.	पठ	पठतम्	पठत
	उ. पु.	पठानि	पठाव	पठाम
विधिलिङ्	प्र. पु.	पठेत्	पठेताम्	पठेयुः
	म. पु.	पठेः	पठेतम्	पठेत
	उ. पु.	पठेतम्	पठेव	पठेम
लङ्	प्र. पु.	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
	म. पु.	अपठः	अपठतम्	अपठत
	उ. पु.	अपठम्	अपठाव	अपठाम
लृट्	प्र. पु.	पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यतः
	म. पु.	पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्तथ
	उ. पु.	पठिष्यामि	पठिष्यावः	पठिष्यामः

७—परस्मैपदी नम्—झुकना, नमस्कार करना

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लट्	प्र० पु०	नमति	नमतः	नमन्ति
	म० पु०	नमसि	नमथः	नमथ
	उ० पु०	नमामि	नमावः	नमामः
लोट्	प्र० पु०	नमतु	नमताम्	नमन्तु
	म० पु०	नम	नमतम्	नमत
	उ० पु०	नमानि	नमाव	नमाम
विधिलिङ्	प्र० पु०	नमेत्	नमेताम्	नमेयुः
	म० पु०	नमेः	नमेतम्	नमेत
	उ० पु०	नमेयम्	नमेव	नमेम
लङ	प्र० पु०	अनमत्	अनमताम्	अनमन्
	म० पु०	अनमः	अनमतम्	अनमत
	उ० पु०	अनमम्	अनमाव	अनमाम
लट्	प्र० पु०	नंस्यति	नंस्यतः	नंस्यन्ति
	म० पु०	नस्यसि	नंस्यथः	नंस्यथ
	उ० पु०	नंस्यामि	नंस्यावः	नंस्यामः

८—परस्मैपदी गम् (गच्छ्)—जाना

लट्	प्र० पु०	गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
	म० पु०	गच्छसि	गच्छथः	गच्छथ
	उ० पु०	गच्छामि	गच्छावः	गच्छामः
लोट्	प्र० पु०	गच्छतु	गच्छताम्	गच्छन्तु
	म० पु०	गच्छ	गच्छम्	गच्छत
	उ० पु०	गच्छानि	गच्छाव	गच्छाम
विधिलिङ्	प्र० पु०	गच्छेत्	गच्छेताम्	गच्छेयुः
	म० पु०	गच्छेः	गच्छेतम्	गच्छेत
	उ० पु०	गच्छेयम्	गच्छेव	गच्छेम

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लङ्	प्र० पु०	अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्
	म० पु०	अगच्छः	अगच्छतम्	अगच्छत
	उ० पु०	अगच्छम्	अगच्छाव	अगच्छाम
लृट्	प्र० पु०	गमिष्यति	गमिष्यतः	गमिष्यन्ति
	म० पु०	गमिष्यसि	गमिष्यथः	गमिष्यथ
	उ० पु०	गमिष्यामि	गमिष्यावः	गमिष्यामः

९–परस्मैपदी दृश् (पश्य्)–देखना

लट्	प्र० पु०	पश्यति	पश्यतः	पश्यन्ति
	म० पु०	पश्यसि	पश्यथः	पश्यथ
	उ० पु०	पश्यामि	पश्यामः	पश्यामः
लोट्	प्र० पु०	पश्यतु	पश्यताम्	पश्यन्तु
	म० पु०	पश्य	पश्यतम्	पश्यत
	उ० पु०	पश्यानि	पश्याव	पश्याम
विधिलिङ्	प्र० पु०	पश्येत्	पश्येताम्	पश्येयुः
	म० पु०	पश्येः	पश्येतम्	पश्येत
	उ० पु०	पश्येयम्	पश्येव	पश्येम
लङ्	प्र० पु०	अपश्यत्	अपश्यताम्	अपश्यन्
	म० पु०	अपश्यः	अपश्यतम्	अपश्यत
	उ० पु०	अपश्यम्	अपश्याव	अपश्याम
लृट्	प्र० पु०	द्रक्ष्यति	द्रक्ष्यतः	द्रक्ष्यन्ति
	म० पु०	द्रक्ष्यसि	द्रक्ष्यथः	द्रक्ष्यथ
	उ० पु०	द्रक्ष्यामि	द्रक्ष्यावः	द्रक्ष्यामः

१०–परस्मैपदी सद्–बैठना, डूबना, नष्ट होना

लट्	प्र० पु०	सीदति	सीदतः	सीदन्ति
	म० पु०	सीदसि	सीदथः	सीदथ
	उ० पु०	सीदामि	सीदावः	सीदामः

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लोट्	प्र० पु०	सीदतु	सीदताम्	सीदन्तु
	म० पु०	सीद	सीदतम्	सीदत
	उ० पु०	सीदानि	सीदाव	सीदाम
विधिलिङ्	प्र० पु०	सीदेत्	सीदेताम्	सीदेयुः
	म० पु०	सीदेः	सीदेतम्	सीदेत
	उ० पु०	सीदेयम्	सीदेव	सीदेम
लङ	प्र० पु०	असीदत्	असीदताम्	असीदन्
	म० पु०	असीदः	असीदतम्	असीदत
	उ० पु०	असीदम्	असीदाव	असीदाम
लृट्	प्र० पु०	सत्स्यति	सत्स्यतः	सत्स्यन्ति
	म० पु०	सत्स्यसि	सत्स्यथः	सत्स्यथ
	उ० पु०	सत्स्यामि	सत्स्यावः	सत्स्यामः

११—परस्मैपदी—स्था (तिष्ठ्)—खडा होना, ठहरना

लृट्	प्र० पु०	तिष्ठति	तिष्ठतः	तिष्ठन्ति
	म० पु०	तिष्ठसि	तिष्ठथः	तिष्ठथ
	उ० पु०	तिष्ठामि	तिष्ठावः	तिष्ठामः
लोट्	प्र० पु०	तिष्ठतु	तिष्ठताम्	तिष्ठन्तु
	म० पु०	तिष्ठ	तिष्ठतम्	तिष्ठत
	उ० पु०	तिष्ठानि	तिष्ठाव	तिष्ठाम
विधिलिङ	प्र० पु०	तिष्ठेत्	तिष्ठेताम्	तिष्ठेयुः
	म० पु०	तिष्ठेः	तिष्ठेतम्	तिष्ठेत
	उ० पु०	तिष्ठेयम्	तिष्ठेव	तिष्ठेम
लङ्	प्र० ,,	अतिष्ठत्	अतिष्ठताम्	अतिष्ठन्
	म० ,,	अतिष्ठः	अतिष्ठतम्	अतिष्ठत
	उ० ,,	अतिष्ठम्	अतिष्ठाव	अतिष्ठाम
लृट	प्र० ,,	स्थाष्यति	स्थाष्यतः	स्थाष्यन्ति

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
	म० पु०	स्थास्यसि	स्थास्यथः	स्थास्यथ
	उ० ,,	स्थास्यामि	स्थास्यावः	स्थास्यामः

१२—परस्मैपदी—स्म—याद करना

लट्	प्र० पु०	स्मरति	स्मरतः	स्मरन्ति
	म० ,,	स्मरसि	स्मरथः	स्मरथ
	उ० ,,	स्मरामि	स्मरावः	स्मरामः
लोट्	प्र० ,,	स्मरतु	स्मरताम्	स्मरन्तु
	म० ,,	स्मर	स्मरतम्	स्मरत
	उ० ,,	स्मराणि	स्मराव	स्मराम
विधिलिङ्	प्र० ,,	स्मरेत्	स्मरेताम्	स्मरेयुः
	म० ,,	स्मरेः	स्मरेतम्	स्मरेत
	उ० ,,	स्मरेयम्	स्मरेव	स्मरेम
लङ्	प्र० ,,	अस्मरत्	अस्मरताम्	अस्मरन्
	म० ,,	अस्मरः	अस्मरतम्	अस्मरत
	उ० ,,	अस्मरम्	अस्मराव	अस्मराम
लृट्	प्र० ,,	स्मरिष्यति	स्मरिष्यतः	स्मरिष्यन्ति
	म० ,,	स्मरिष्यसि	स्मरिष्यथः	स्मरिष्यथ
	उ० ,,	स्मरिष्यामि	स्मरिष्यावः	स्मरिष्यामः

१३—परस्मैपदी—पा (पिब्)—पीना

लट्	प्र० पु०	पिबति	पिबतः	पिबन्ति
	म० ,,	पिबसि	पिबथः	पिबथ
	उ० ,,	पिबामि	पिबावः	पिबामः
लोट्	प्र० ,,	पिबतु	पिबताम्	पिबन्तु
	म० ,,	पिब	पिबतम्	पिबत
	उ० ,,	पिबानि	पिबाव	पिबाम
विधिलिङ्	प्र० ,,	पिबेत्	पिबेताम्	पिबेयुः

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
	म० पु०	पिबेः	पिबेतम्	पिबेत
	उ० ,,	पिबेयम्	पिबेव	पिबेम
लङ्	प्र० ,,	अपिबत्	अपिबताम्	अपिबन्
	म० ,,	अपिबः	अपिबतम्	अपिबत
	उ० ,,	अपिबम्	अपिबाव	अपिबाम
लृट्	प्र० ,,	पास्यति	पास्यतः	पास्यन्ति
	म० ,,	पास्यसि	पास्यथः	पास्यथ
	उ० ,,	पास्यामि	पास्यावः	पास्यामः

१४—परस्मैपदी—जि—जीतना

लट्	प्र० पु०	जयति	जयतः	जयन्ति
	म० ,,	जयसि	जयथः	जयथ
	उ० ,,	जयामि	जयावः	जयामः
	म० पु०	कथयिष्यसि	कथयिष्यथः	कथयिष्यथ

		एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
	उ० पु०	कथयिष्यामि	कथयिष्यावः	कथयिष्यामः

उभयपदी कथ् धातु के आत्मनेपदी के रूप

लट	प्र० पु०	कथयते	कथयेते	कथयन्ते
	म० पु०	कथयसे	कथयेथे	कथयध्वे
	उ० पु०	कथये	कथयावहे	कथयामहे
लोट्	प्र० पु०	कथयताम्	कथयेताम्	कथयन्ताम
	म० पु०	कथयस्व	कथयेथाम्	कथयध्वम्
	उ० पु०	कथयै	कथयावहै	कथयामहै
विधिलिङ्	प्र० पु०	कथयेत	कथयेयाताम्	कथयेरन्
	म० पु०	कथयेथाः	कथयेयाथाम्	कथयेध्वम्
	उ० पु०	कथयेय	कथयेवहि	कथयेमहि
लङ्	प्र० पु०	अकथयत	अकथयेताम्	अकथयन्त
	म० पु०	अकथययाः	अकथयेथाम्	अकथयध्वम्
	उ० पु०	अकथये	अकथयावहि	अकथयामहि
लट्	प्र० पु०	कथयिष्यते	कथयिष्येते	कथयिष्यन्ते
	म० पु०	कथयिष्यसे	कथयिष्येथे	कथयिष्यध्वे
	उ० पु०	कथयिष्ये	कथयिष्यावहे	कथयिष्यामहे

६६—उभयपदी—भक्ष्—खाना (परस्मैपदी के रूप)

लट्	प्र० पु०	भक्षयति	भक्षयतः	भक्षयन्ति
	म० पु०	भक्षयसि	भक्षयथः	भक्षयथ
	उ० पु०	भक्षयामि	भक्षयावः	भक्षयामः
लोट्	प्र० पु०	भक्षयतु	भक्षयताम्	भक्षयन्तु
	म० पु०	भक्षय	भक्षयतम्	भक्षयत
	उ० पु०	भक्षयाणि	भक्षयाव	भक्षयाम
विधिलिङ्	प्र० पु०	भक्षयेत्	भक्षयेताम्	भक्षयेयुः
	म० पु०	भक्षयेः	भक्षयेतम्	भक्षयेत
	उ० पु०	भक्षयेयम्	भक्षयेव	भक्षयेम

			एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लङ्	प्र०	पु०	अभक्षयत्	अभक्षयताम्	अभक्षयन्
	म०	पु०	अभक्षयः	अभक्षयतम्	अभक्षयत
	उ०	पु०	अभक्षयम्	अभक्षयाव	अभक्षयाम
लृट्	प्र०	पु०	भक्षयिष्यति	भक्षयिष्यतः	भक्षयिष्यन्ति
	म०	पु०	भक्षयिष्यसि	भक्षयिष्यथः	भक्षयिष्यथ
	उ०	पु०	भक्षयिष्यामि	भक्षयिष्यावः	भक्षयिष्यामः

उभयपदी भक्ष् धातु के आत्मनेपद के रूप

लट्	प्र०	पु०	भक्षयते	भक्षयेते	भक्षयन्ते
	म०	पु०	भक्षयसे	भक्षयेसे	भक्षयध्वे
	उ०	पु०	भक्षये	भक्षयावहे	भक्षयामहे
लोट्	प्र०	पु०	भक्षयताम्	भक्षयेताम्	भक्षयन्ताम्
	म०	पु०	भक्षयस्व	भक्षयेथाम्	भक्षतध्वम्
	उ०	पु०	भक्षयै	भक्षयावहै	भक्षयामहै
विधिलिङ्	प्र०	पु०	भक्षयेत	भक्षयेयाताम्	भक्षयेरन्
	म०	पु०	भक्षयेथाः	भक्षयेताथाम्	भक्षयेध्वम्
	उ०	पु०	भक्षयेय	भक्षयेवहि	भक्षयेमहि
लङ्	प्र०	पु०	अभक्षयत	अभक्षयेताम्	अभक्षयन्त
	म०	पु०	अभक्षयथाः	अभक्षयेथाम्	अभक्षध्वम
	उ०	पु०	अभक्षये	अभक्षयावहि	अभक्षयामहि
लृट्	प्र०	पु०	भक्षयिष्यते	भक्षयिष्येते	भक्षियिष्यन्ते
	म०	पु०	भक्षयिष्यसे	भक्षयिष्येथे	भक्षयिष्यध्वे
	उ०	पु०	भक्षयिष्ये	भक्षयिष्यावहे	भक्षयिष्यामहे

——

अभ्यास

१—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक का रूपलट् तथा लोट् में लिखिए— भुज, शी, भ्रम, आप् (हाई स्कूल १९६०)

२—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक का रूप लट् तथा लङ् में लिखिए— गम्, पच्, चुर्, तन् (हा० स्कूल१९६१)

३—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक का रूप लट् तथा लृट् में लिखिए— भू, अद्, नृत, दिव् । (हा० स्कूल १९६२)

४—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक का रूप विधिलिङ् तथा लङ् के प्रथम पुरुष में लिखिए— दृश पा, दा, कृ । (हा० स्कूल १९६३)

५—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक के रूप लट् लकार के उत्तम पुरुष तथा लृट् लकार के मध्यम पुरुष में लिखिए—
गम्, सह्, इ, भुज (भोजन) । (हा० स्कूल१९६४)

६—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक के रूप लोट् लकार के मध्यम पुरुष तथा लङ् लकार के उत्तम पुरुष में लिखिए—
मुद्, हन्, भी, कथ् । (हा० स्कूल१९६५)

७—निम्नलिखित में से किसी एक के रूप लट् लकार के मध्यम पुरुष तथा लोट् लकार के उत्तम पुरुष में लिखिए—
स्था, गम्, हन्, जन्, पठ्, जि । (हा० स्कूल १९६६)

८—निम्नलिखित धातुओं में से किसी एक के रूप लोट् लकार के उत्तम पुरुष तथा लृट् लकार के मध्यम पुरुष में लिखिए—
दृश्, शी, इष्, पृच्छ् । (हा० स्कूल१९६७)

९—निम्नांकित धातुओं में से किसी एक के लट् लकार मध्यम पुरुष अथवा लोट् लकार उत्तम पुरुष के रूप लिखिए—
गम्, हन्, श्रु, यज्, तन् । (हा० स्कूल१९६८)

१०—निम्ननिर्दिष्ट धातुओं में से किसी एक के लोट लकार प्रथम पुरुष अथवा लङ् लकार उत्तम पुरुष के रूप लिखिए—
जि, वद्, स्वप्, श्रो, मुद् । (हा० स्कूल १९६९)

अव्यय ऐसे शब्द को कहते हैं जिसके रूप में लिंग, विभक्ति, वचन के कारण कोई विकार न उत्पन्न हो, जो सदा एक सा रहे, वही अव्यय है।

सदृश त्रिषु लिंगेषु सर्वासु च विभक्तिषु।
वचनेषु च सर्वेसु यत्न व्योति तदव्यय ॥

जैसे—उच्चैः (ऊँचे) अमितः (चारों ओर), च, हा आदि।

अव्यय चार प्रकार के होते हैं—(१) उपसर्ग, (२) क्रिया विशेषण (३) समुच्चय बोधक शब्द तथा (४) मनोविकार सूचक शब्द।

१—उपसर्ग

धातु या धातु से बने हुए विशेषण, संज्ञा आदि शब्दों के पूर्व जो जोड़े जाते हैं उनको उपसर्ग कहते हैं। इनके द्वारा धातु का अर्थ कुछ बदल जाता है, या अर्थ में कुछ विशेशषता आ जाती है। जैसे— "हार" से पहले प्र, आ, सम्, वि, हार उपसर्ग लगाने से प्रहार, आहार, संहार, विहार, परिहार आदि शब्द बनते हैं, जो अर्थों में बिलकुल भिन्न-भिन्न हैं।

उपसर्ग के भेद—उपसर्ग २२ होते हैं। वे निम्नलिखित हैं—

प्र, परा, अप, मम्, अत्, निस्, निर, दुस्, दूर्, वि, आड, नि, आधि, अपि, अति, सु, उत्, अभि, प्रति, परि, उप।

उपसर्गों के मुख्य अर्थ और उनके कुछ उदाहरण—

प्र–अधिक, जसे तणामः–अधिक झुकना।
परा–पीछे, उल्टा, विरोध-पराजयः। पराभवः। परागतः।
अप–खराब, हीदेता, जैसे उपहारः अपशब्दः, अपवादः।
सम्–अच्छी तरह, जैसे संस्कारः, संकल्पः।
अनु–पीछे, साथ, जैसे–अनुगामनः, अनुभवः।

अत्–दूर, नीचे, जैसे-अवतारः, अवगुणः ।
निस्–बिना, बाहर, जैसे-निःसारः निःशङ्कः ।
निर्–बाहर, जैसे-निर्गम्, निर्दोसः ।
दुस्–कठिन, जैसे-दुष्करः, दुःसहः ।
दुर्–बुरा, जैसे-दुराचारः, दुर्व्यवहारः ।
वि–बिना, जैसे-विचलः, वियोगः ।
आङ्–तक, कम, जेसे-आजन्म, आमरण ।
नि–नीचे, जैले-निपत्, निकाय ।
अधि–ऊपर, जैसे-अधिकारः, अधुपति ।
अति–बहुत अधिक, जैसे-अतिक्रमः, अतिबलः ।
सु–अच्छी तरह, जैसे-सुविचारः, सुकर्य ।
उन्–ऊपर, जैसे-उद्गमः, उत्पत् ।
अफि–ओर, चारों ओर, जैसे-अभिमान, अभिज्ञानम् ।
प्रति–ओर उल्टा, जैसे- प्रतिकारः, प्रतिगतम् ।
परि–चारों ओर, जेसे- परिखा, परितापः ।
उप्–निकट, जैसे-उपासकः, उपनामः ।

कुछ शब्द एक से अधिक उपसर्गों के योग से भी बनते हैं । जैसे—दुर्व्यहारः=दुर+अव+हारः ।

क्रिया-विशेषण

क्रिया के काल, स्थान आदि विशेषताओं को बतलाने वाले शब्दों को क्रिया-विशेषण कहते हैं । कुछ क्रिया-विशेषण सर्वनामों तथा संख्यावाची शब्दों से बनते हैं । कुछ सज्ञाओं में तद्धित प्रत्यय लगाकर प्रयोग में लाये जाते हैं । नीचे कुछ प्रचलित क्रिया-विशेहण दिये जाते हैं—

(क) नीचे अकारादिक्रम से मुख्य-मुख्य प्रचलित क्रियाविशेषण दिये जाते हैं—

अकस्मात्—इकबारगी
अग्रतः—आगे
अग्रे—पहिले
अतः इसलिए
अतीव—बहुत
अत्र—यहाँ

अचिरम्—
अचिरात्—
अचिरेण— } शीघ्र

अजस्रम्—निरन्तर

अन्तर—अन्दर

अपरम्—और

अपरेद्यु:—दूसरे दिन

अधुना—अब

अनिशम्—निरन्तर

अन्तरेण—बारे में

अन्तरा—बिना

अन्तरे—बीच में

अन्यच्च—और

अन्यत्र—दूसरी जगह

अन्यथा—दूसरी तरह

अभित:—चारों ओर, पास

अभीक्ष्णम्—निरन्तर

अर्वाक्—पहले

अलम्—बस

असकृत्—कई बार

असम्प्रति—
असाम्प्रतम्— } अनुचित

इत:—यहाँ से

इतस्तत:—इधर-उधर

इति—इस प्रकार

इत्थम्—इस प्रकार

इदानीम्—इस समय

किम्—क्या ? क्यों ?

अथ—तब, फिर

अथकिम्—हाँ, तो क्या

अद्य—आज

अध:—
अधस्तात्— } नीचे

इह—यहाँ

ईषत्—कुछ, थोड़ा

उच्चै:—ऊंचे

उभयत:—दोनों ओर

ऋते—सच

ऋतम्—बिना

एकत्र—एक जगह

एकदा—एक बार

एकधा—एक प्रकार

एकपदे—एक साथ

एतर्हि—अब

एव—ही

एवम्—इस तरह

कच्चित—
कच्चन— } क्या ?

कथञ्चन—
कथञ्चित्— } किसी प्रकार

कदा—कब ?

कदाचित्—कभी, शायद

कदापि—कभी

कदापि न—कभी नहीं

किंच—और

किन्तु—लेकिन

किमुत—और कितना ?
किम्वा—या
किल—सचमुच
कुतः—कहाँ से ?
कुत्र—कहाँ ?
कुत्रचित्—कहीं
कृतम्—बस हो गया
केवलम—सिर्फ
क्व—कहाँ ?
क्वचिन्—कहीं
खलु—निश्चय कर
चरम्—देर तक
जातु—कभी भी
झटिति—जल्दी
तत्—इसलिए
ततः—फिर
तत्र—वहाँ
तदा—तब
तदानीम्—तब
तथा—उस तरह
तथाहि—जैसे (विशदरूप से वर्णन)
तस्मात्—इसलिए
परेद्युः—दूसरे दिन (कल)
पर्याप्तम—काफी
पश्चात्—पीछे
पुनः—फिर
पुरतः, पुरः—, पुरस्तात } आगे

तर्हि—तब
तावत्—तब तक
तिरः—, तिर्यक— } तिर्छे
तूष्णीम्—चुपचाप
दिवा—दिन में
दिष्ट्या—सौभाग्य से
दूरम्—दूर
दोषा—रात को
द्राक्—शीघ्र, फौरन
ध्रुवम्—निश्चय ही
नक्तम्—रात को
न—नहीं
न वरम्—परन्तु
नाना—तरह-तरह से
नाम—नाम वाला, नामी
निकषा—निकट
नीचैः—नीचे
नूनम्—निश्चित
नो—नहीं
परम्—फिर, परन्तु
परश्वः—परसों
परितः—चारों ओ
मनाक्—थोड़ा
मिथः—परस्पर
मिथ्या—झूठ
मुधा—बेकार
मुहुः—बार-बार
मृषा—झूठ बोलकर

पुरा—पहले
पूर्वेद्यु:—पहले दिन (कल)
पृथक्—अलग-अलग
प्रकामम्—यथेष्ट, बहुत
प्रतिदिनम्—हर रोज
प्रत्युत—उल्टे
प्रसह्य—जबर्दस्ती
प्राक्—पहले
प्रात:—सबेरे
प्राय:—अक्सर
प्रेत्य—मरक़र, दूसरी दुनिया में
बलात्—जबरर्दस्ती
बहि:—बाहर
बहुधा—बहुत प्रकार से
भूय:—फिर फिर, अधिक
भृशम्—बार बार, अधिकाधिक
सततम्—बराबर, सब दिन
सदा—हमेशा
सद्य:—तुरन्त
सना—सब दिन
सपदि—तुरन्त, शीघ्र
समन्तात—चारों ओर
समम्—बराबर बराबर
समया—निकर
समीचीनम्—ठीक
समीपे, समीपम्—निकट
सम्प्रति—इस समय, अभी
यत्—जो, क्योंकि
यत:—क्योंकि
यत्र—जहां
यथा—जैसे
यथातथा—जैसे तैसे
यथायथा—जैसे जैसे
यदा—जब
यावत—जब तक
युगपत्—साथ साथ, इकबारगी
विना—बिना
वृथा—बेकार
वै—निश्चय
शनै:—धीरे-धीरे
श्व:—कल (आने वाला दिन)
शश्वत—सदा
सकृत—एक बार
सर्वथा—सब प्रकार से
सर्वदा—सब दिन
सह—साथ
सहसा—इकबारगी
सहितम्—साथ
साकम्—साथ
साक्षात्—आँखों के सामने
सार्धम—साथ
सायम्—शाम को
साम्प्रतम्—अब. उचित
सुष्ठु—अच्छी तरह

सम्मुखम्—सामने, मुंह दरमुंह
सम्यक्—भली प्रकार
सर्वतः—चारों ओर
सर्वत्र—सब कहीं
स्वस्ति—(आशीर्वाद)
स्वयम्—अपने आप
हि—इसलिए
ह्यः—कल (पूर्व दिन)

३—समुच्चयबोधक अव्यय

च—और शब्द का अर्थ संस्कृत में बहुधा च शब्द से बतलाया जाता है, किन्तु जहाँ 'और' हिन्दी में दो जोड़े हुए शब्दों के बीच में आता है, जैसे—राम और गोविन्द, वहाँ संस्कृत में च शब्द दोनों के उपरान्त आता है, अथवा अलग-अलग दोनों के उपरान्त; जैसे रामो गोविन्दश्च अथवा रामश्च गोविन्दश्च। च को बहुधा अन्य समुच्चयबोधक शब्दों के अनन्तर भी जोड़ देते हैं, जैसे—अथवा परञ्च, किञ्च।

अथ—अथो, अथ च—वाक्य के आदि में आते हैं और बहुधा 'तब' का अर्थ बताते हैं। इसके पूर्व कुछ वाक्य आ चुके हुए होते हैं अथवा प्रकरण में कुछ बीत चुका होता है।

तु—तो, वाक्य के आदि में नहीं आता, स तु गतः—वह तो गया आदि। किन्तु, परन्तु, परंच—लेकिन।

वा—या के अर्थ में च की तरह इसका भी प्रयोग प्रत्येक शब्द के उपरान्त अथवा दोनों के उपरान्त होता है, जैसे रामो गोविन्दो वा—राम या गोविन्द अथवा रामो वा गोविन्दो वा।

अथवा—इसका भी प्रयोग वा की तरह, उसी अर्थ में होता है।

चेत यदि—यदि, अगर।

तथापि—तब भी।

नोचेत—नहीं तो।

यदि—यदि।

तर्हि—तो।

तत्—इसलिए।

हि—क्योंकि।

यावत्—जब तक।

त्—तब तक।

यदा—जब।

तदा—तब

इति—वाक्य के अन्त में समाप्तिसूचक, जैसे—अहम् गच्छामि इति सोऽवदत्। इससे हिन्दी की 'कि' का बोध होता है। 'कि' का बोध यत् से भी ता है, किन्तु यह वाक्य के आदि में है, जैसे—सोऽवदत यदहं गच्छमि।

४--मनोविकारसूचक

इनका वाक्य से कोई सम्बन्ध नहीं रहता। य क्रियाओं के अव्यय नीचे दिये जाते हैं—

हन्त--हर्षसूचक।

अः, हम्, हुम्—क्रोधसूचक।

हा, हाहा, हन्त—शोकसूचक।

बत—दयासूचक।

किम्, धिक्—धिक्कारसूचक।

अङ्ग, अयि, अये, अहोबत, भोः—आदर सहति बुलाने के काम में बाते हैं।

अरे, रे, रे रे—अवज्ञा से बुलाने में।

द्वितीय प्रश्न-पत्र

अनुवाद-प्रकरण

रचना प्रकरण

संस्कृत अनुवाद करने के आवश्यक नियम

एक भाषा में कही हुई बात को दूसरी भाषा में कहना "अनुवाद" कहलाता है। भाव परिवर्तन हुए बिना प्रत्येक शब्द का अनुवाद उत्तश समझा जाता है।

संस्कृत भाषा में वाक्यों में शब्द-विन्यास (शब्दों को रखने) का कोई स्थिर (व्यवस्थित) नियम नहीं हैं। किन्तु व्यवहार में सुगमता के लिए क्रमशः कर्त्ता, कर्म और तब क्रिया रखी जाती है। इसलिए किसी भी वाक्य का अनुवाद करते समय उसके कर्त्ता, कर्म, और क्रिया तथा अन्य कारकों को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए।

संस्कृत अनुवाद के कुछ आवश्यक नियम दिये जा रहे हैं :—

(१) हिन्दी में केवल एक वचन बहुवचन होते हैं, लेकिन संस्कृत में एक वचन, द्विवचन तथा बहुवचन—ये तीन वचन होते हैं।

(२) संस्कृत में हिन्दी तरह प्रथम पुरुष (अन्य पुरुष), मध्यम पुरुष तथा उत्तम पुरुष, ये तीन पुरुष होते हैं।

(३) इस प्रकार तीन वचनों के कारण तीनों पुरुषों को मिलाकर प्रत्येक क्रिया के काल (लकार) में ३ × ३ = ९ रूप होते हैं। जैसे—पठ् धातु के वर्तमान काल (लट् लकार) में—पठति, पठतः, पठन्ति। पठसि, पठथः, पठथ। पठामि, पठावः, पठामः। ये नौ रूप हैं।

(४) इसी प्रकार संस्कृत में ९ कर्त्ता भी होते हैं, जिन्हें हम इस प्रकार देख सकते हैं।

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम	सः (वह)	तौ (वे दोनों)	ते (वे सब)
मध्यम	त्वम् (तुम, तू)	युवाम् (तुम दोनों)	यूयम् (तुम सब)
उत्तम	अहम् (मैं)	आवाम् (हम दोनों)	वयम् (हम सब)

(५) संस्कृत में कारकों को विभक्ति कहा जाता है। आठवाँ कारक (सम्बोधन) दोनों ही भाषाओं में होता है।

कारक	विभक्ति	हिन्दी में चिन्ह
१. कर्त्ता	प्रथमा	ने
२. कर्म	द्वितीया	को
३. करण	तृतीया	से, द्वारा (सहायता अर्थ में)
४. सम्प्रदान	चतुर्थी	के लिए
५. अपादान	पंचमी	से (अलग होने के अर्थ में)
६ सम्बन्ध	षष्ठी	का, की, के, रा,री, रे, ना, नी, ने,
७. अधिकरण	सप्तमी	में, पर
८. सम्बोधन	सम्बोधन	हे, अरे, रे, ऐ आदि।

(६) संस्कृत में अनुवाद करते समय सबसे पहले हमें कर्त्ता और उसकी क्रिया को खोजना चाहिए। कर्तृ वाच्य वाक्य में क्रिया का प्रयोग कर्त्ता के अनुसार होता है, अर्थात् कर्त्ता जिस पुरुष और जिस वचन का होता है, क्रिया भी उसी पुरुष और वचन की होती है। इसके अतिरिक्त क्रिया जिस काल की हो, उसी काल की क्रिया का रूप लिखा जाता है। जैसे—वह पढ़ता है—यहाँ कर्त्ता "वह" प्रथम पुरुष, एक वचन का है। अतः उसके अनुसार क्रिया भी प्रथम पुरुष की होगी। 'पढ़ता है' क्रिया वर्त्तमान काल (लट्लकार) ही है, अतः पठ् धातु के वर्तमान काल का प्रयोग होगा। पठ् धातु के वर्तमान काल में प्रथम पुरुष, एक वचन का रूप होता है "पठति" अतः अनुवाद हुआ—सः पठति।

निम्न तालिका से कर्त्ता और क्रिया का प्रयोग स्पष्ट हो जायेगा—

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम	सः पठति।	तौ पठतः।	ते पठन्ति।
	(वह पढ़ता है)	(वे दोनों पढ़ते हैं)	(वे सब पढ़ते हैं)
मध्यम	त्वम् पठसि।	युवां पठथः।	यूयं पठथ।
	(तुम पढ़ते हो)	(तुम दोनों पढ़ते हो	(तुम सब पढ़ते हो)
उत्तम	अहं पठामि।	आवां पठावः।	वयं पठामः।
	(मैं पढ़ता हूं)	(हम दोनों पढ़ते हैं)	(हम सब पढ़ते हैं)

[७] ऊपर कहे गये ९ कर्त्ताओं के अतिरिक्त जितने कर्त्ता होते हैं उनके साथ सदा प्रथम पुरुष की क्रिया का प्रयोग होता है। जैसे–सा गच्छति [वह जाती है], कः गच्छति [कौन जाता है], भवान् गच्छति [आप जाते हैं], रामः गच्छति [राम जाता है], छात्रौः (दो छात्र पढ़ते हैं) आदि।

इस प्रकार कर्त्ता और क्रिया से युक्त वाक्य बनते हैं इनके अतिरिक्त वाक्य में जितने शब्द आते हैं उनका प्रयोग उनके कारकों के अनुसार होता है। जैसे– "हम दोनों गुरु जी से पुस्तक पढ़ते हैं।"

ऊपर के वाक्य में क्रिया से पहले 'कौन' ? लगाने के अन्तर में 'हम दोनों' आता है। अः यह कर्त्ता है। हमने इसकी संस्कृत "आवाम्" लिखली। कर्त्ता 'उत्तम पुरुष, द्विवचन' का है और 'क्रिया' में वर्तमान काल' (लट्) है, अतः हमने 'पठ्' धातु के वर्तमान काल उत्तम पुरुष द्विवचन का रूप 'पठावः' लिख लिया। 'गुरू जी से' में अपादान कारक (पंचमी विभक्ति) का 'एक वचन' है अतः 'गुरु' शब्द का पंचमी विभक्त एक वचन' में

गुरु-शब्द के पंचमी विभक्ति–एक वचन का रूप

विभक्ति	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	—	—	—
द्वितीया	—	—	—
तृतीया	—	—	—
चतुर्थी	—	—	—
पंचमी	"गुरौः"	गुरुभ्याम्	गुरुभ्यः

इस प्रकार 'गुरू जी से' हिन्दी वाक्यांश का अनुवाद "गुरोः" हुआ। और इसी प्रकार 'पुस्तक को' की संस्कृत 'कर्मकारक' (द्वितीया विभक्ति) का एक का रूप है –

पुस्तक--शब्द के द्वितीया विभक्ति--एक वचन का रूप

विभक्ति	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम	—	—	—
द्वितीया	पुस्तकम्		

इस प्रकार 'पुस्तक को' हिन्दी वाक्यांश का अनुवाद 'पुस्तकम्' हुआ। अतः उक्त वाक्य की संस्कृत "आवाम् गुरोः पुस्तकम् पठावः।" हुई।

अभ्यास—१

कर्त्ताकारक—लट्लकार (वर्तमान काल) प्रथम पुरुष—एक वचन

नियम १—वर्त्तमानकाल में लट्लकार का प्रयोग होता है। कर्तृ वाच्य के कर्त्ता में प्रथमा विभक्ति होती है और उसी के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है।

नियम २—सः (वह, पुं०), सा (वह, स्त्री०), भवान् (आप, पुं०), भवती (आप, स्त्री०) किसी एक पुरुष या स्त्री का नाम या अन्य एक वचन की कोई संज्ञा प्रथम पुरुष एक वचन की होती है। अतः इनके साथ क्रिया का प्रयोग प्रथम पुरुष एक वचन के रूप का होता है।

नियम ३—लिंग में भेद होने के कारण क्रिया में कोई अन्तर नहीं आता है। जैसे—वाक्य १ में पुं० तथा २ में स्त्री० होने पर भी दोनों वाक्यों में क्रिया एक ही है।

आदर्श वाक्यः—

(१) बालकः पठति	=	लड़का पढ़ता है।	(पुंलिंग)
(२) बालिका पठति	=	लड़की पढ़ती है।	(स्त्रीलिंग)
(३) फलम् पतति	=	फल गिरता है।	(नपुंसकलिंग)
(४) सः गच्छति	=	वह जाता है।	(पुंलिंग)
(५) सा गच्छति	=	वह जाती है।	(स्त्रीलिंग)
(६) भवान् गच्छति	=	आप जाते हैं।	(पुंलिंग)
(७) भवती पठति	=	आप पढ़ती हैं।	(स्त्रीलिंग)
(८) कमलम् विकसति	=	कमल खिलता है	(नपुंसकलिंग)

(क) निम्नलिखित हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मोहन जाता है। (२) राम हँसता है। (३) मोहन पढ़ता है। (४) यशपाल खाता है। (५) मन्जू नाचती है। (६) देवेन्द्र खेलता है। (७) मीरा पढ़ती है। (८) बनीता आती है। (९) आप देखते हैं। (१०) वह दौड़ता है।

सहायक शब्द—हसति=हँसती है। खादति=खाती है। नृत्यति=नाचती है। क्रीड़ति=खेलता है। आगच्छति=आती है। पश्यति=देखते हो। धावति=दौड़ता है।

अभ्यास—२

कर्त्ताकारक—लट्लकार (वर्तमानकाल) प्रथम पुरुष—द्विवचन

नियम १—दो के लिए द्विवचन का प्रयोग होता है तथा कर्त्ता द्विवचन होने के कारण क्रिया में भी द्विवचन होता है।

नियम २—जब एक वाक्य में दो कर्त्ता होते हैं तथा वे 'च' (और) से जुड़े होते हैं, तो क्रिया द्विवचन की होती है। जैसे वाक्य ४

नियम ३—जब एक वाक्य में दो कर्त्ता 'वा' (अथवा, या) से जुड़े होते हैं तो क्रिया द्विवचन की न होकर एकवचन की होती है। जैसे वाक्य ५

नियम ४—हिन्दी में "और" तथा "अथवा" जिस शब्द से पहले आते हैं संस्कृत में उसी शब्द के बाद आते हैं जैसे वाक्य ४ तथा ५

आदर्श वाक्यः—

(१) बालकौ खादतः	=	दो बालक खाते हैं।	(पुंलिंग)
(२) बालिके गच्छतः	=	दो लड़कियाँ जाती हैं।	(स्त्रीलिंग)
(३) फले पततः	=	दो फल गिरते हैं।	(नपुंसकलिंग)
(४) रामः कृष्णः च धावतः	=	राम और कृष्ण दौड़ते हैं।	(द्विवचन)
(५) रामः कृष्णः वा धावति	=	राम या कृष्ण दौड़ता है।	(एकवचन)

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिये—

(१) वे दोनों पढ़ती हैं। (२) आप दोनों खेलते हैं। (३) दो घोड़े चरते हैं। (४) दो लड़कियाँ लिखती हैं। (५) वे दोनों हँसते हैं। (६) मन्जू और मीरा पढ़ती हैं। (७) राम या श्याम देखता है। (८) दो कुत्ते चलते हैं। (९) दो छात्र खेलते हैं। (१०) श्याम तथा मोहन दौड़ते हैं।

सहायक शब्द—अश्वः=घोड़ा। कुक्करः=कुत्ता। खरः=गधा।

अभ्यास—३

कर्त्ताकारक—लट्लकार (वर्तमानकाल) प्रथम पुरुष—बहुवचन

नियम १—दो से अधिक के लिए बहुवचन आता है कर्त्ता में बहुवचन होने के कारण क्रिया भी बहुवचन की होती हैं।

नियम २—जब एक वाक्य में कर्त्ता में दो से अधिक शब्द 'च' (और) से जुड़े होते हैं। तो क्रिया बहुवचन की होती है। जैसे वाक्य ६ में 'पश्यन्ति'।

नियम ३—जब एक वाक्य में कर्त्ता में 'वा' (वा, अथवा) से जुड़ होते हैं तो क्रिया एकवचन की होती है। जैसे वाक्य ७ में 'लिखति'

नियम ४—'च' (और) 'वा' (या, अथवा) अव्यय जिनको जोड़ते हैं उनके अन्त में ही आते हैं। जैसे वाक्य ६ तथा ७

आदर्श वाक्य—

(१) ते गच्छन्ति = वे जाते हैं। (पुलिंग)
(२) ता गच्छन्ति = वे जाती हैं। (स्त्रीलिंग)
(३) तानि विकसन्ति = वे (फूल) खिलते हैं। (नपुंसकलिंग)
(४) भवत्य पठन्ति = आप पढ़ती हैं (स्त्रीलिंग)
(५) बालकाः क्रीडन्ति = लड़के खेलते हैं (पुलिंग)
(६) रामः श्यामः कृष्णः च पश्यन्ति = राम, श्याम और कृष्ण देखते हैं।
(७) मोहनः सोहनः रामः वा लिखति = मोहन, सोहन या राम लिखता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) चिड़िया बोलती हैं। (२) अध्यापक लोग आते हैं। (३) कवि लोग गाते हैं। (४) लड़के और लड़कियाँ पढ़ती हैं। (५) भँवरे गुनगुनाते हैं। (६) कुत्ते भोंकते हैं। (७) मोर नाचते हैं। (८) मीरा, बनीता, या मन्जू गाती है। (९) घोड़े हिनहिनाते हैं। (१०) वे सभी बैठते हैं।

सहायक शब्दः—चटका=चिड़िया। कूजन्ति=बोलती हैं। गायन्ति=गाते हैं। भ्रमर=भौंरा। गुञ्जन्ति=गुनगुनाते हैं। बुक्कन्ति=भौंकते हैं। लेषन्ते=हिनहिनाते हैं। तिष्ठन्ति=बैठते हैं।

अभ्यास—४ (दुहराना)

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मनुष्य सुनते हैं। (२) हिरन कूदते हैं। (३) लड़के बैठते हैं। (४) वे दोनों हँसते हैं। (५) आप जाते हैं। (६) सीता और राधा पढ़ती है। (७) सिंह दौड़ता है। (८) हरि या श्याम आता है। (९) लड़की देखती है। (१०) वे दोनों प्रवेश करते हैं।

(ख) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(१) बालकः क्रीडन्ति। (२) मनुष्याः गायति। (३) रामः वदन्ति। (४) मयूराः नृत्यति। (५) मीन तरन्ति। (६) सः लिखतः। (७) खगाः खादति। (८) जलं वर्षन्ति। (९) फलानि पतति। (१०) वृक्षः फलति।

(ग) निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:—

पुस्तकानि, फलति, नृत्यति, मयूरौ, धेनुः, भवति, सज्जनाः पश्यति

अभ्यास—५

लट् लकार (वर्तमान काल) मध्यम पुरुष–सभी वचन

कर्त्ता कारक

नियम १—संस्कृत में "तुम, तुम दोनों, तुम सब" मध्यम पुरुष के लिए "युष्मद" शब्द का प्रयोग "त्वम्, युवाम्, यूयम" होता है। इसके अतिरिक्त मध्यम पुरुष में अन्य कोई शब्द नहीं आता है।

नियम २—यदि मध्यम पुरुष के साथ प्रथम पुरुष का कर्ता हो तो क्रिया मध्यम पुरुष 'द्विवचन' की आती है। जैसे वाक्य ४

नियम ३—यदि मध्यम पुरुष के साथ प्रथम पुरुष का एक से अधिक कर्त्ता हो तो क्रिया मध्यम पुरुष 'बहुवचन' की आती है। जैसे वाक्य ५

नियम ४—यदि कई कर्त्ता 'वा' (या, अथवा) से जुड़े होते हैं, तो क्रिया अपने सबसे निकट (पास) के कर्ता के पुरुष तथा वचन के अनुसार होती है। जैसे वाक्य ६

नियम ५—मध्यम पुरुष के कर्त्ताओं तथा क्रियाओं में लिंग के कारण कोई अन्तर नहीं आता। जैसे वाक्य १, २, ३

आदर्श वाक्य—

(१) त्वम् पठसि=तुम पढ़ते हो या तुम पढ़ती हो।

(२) युवाम् गच्छथः=तुम दोनों जाते हो या जाती हो।

(३) यूयम् गच्छथ=तुम सब जाते हो या जाती हो।

(४) त्वम्, रामः च गच्छथः=तुम और राम जाते हो।

(५) युवाम्, रामः, कृष्ण च पठथ=तुम दोनों, राम और कृष्ण पढ़ते हो।

(६) त्वम्, यूयम्, अहम् वा गच्छामि=तुम, तुम सब या मैं जाता हूँ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) तुम तैरते हो। (२) तुम सब दौड़ती हो। (३) तुम दोनों नाचती हो। (४) तू देखती है। (५) हम या तुम जाते हो। (६) तुम लोग या हम लोग पढ़ते हैं। (७) श्याम और तुम खेलते हो। (८) तुम, राम और श्याम गाते हैं। (९) तुम लोग प्रवेश करते हो। (१०) तुम या मैं सुनता हूँ।

सहायक शब्द—तरसि=तैरते हो। प्रविशथ=प्रवेश करते हो। शृणुथ=सुनते हो।

अभ्यास—६

लट् लकार (वर्तमान काल) उत्तम पुरुष—सभी वचन

कर्त्ता कारक

नियम १—संस्कृत में उत्तम पुरुष "मैं, हम दोनों, हम सब" के लिए "अस्मद्" शब्द का प्रयोग "अहम्, आवाम्, वयम्" होता है। इसके अतिरिक्त उत्तम पुरुष में अन्य कोई शब्द नहीं आता है।

नियम २—यदि वाक्य में एक से अधिक, दो या तीन कर्ता हों और वे "च" (और) से जुड़े हुए हों, तथा वे प्रथम, मध्यम तथा उत्तम पुरुष के हों तो क्रिया उत्तम पुरुष बहुवचन की होती हैं। जैसे वाक्य ४

नियम ३—किन्तु यदि 'च' अव्यय से जुड़े हुए उत्तम तथा मध्यम के ही दो कर्त्ता हों तो क्रिया उत्तम पुरुष द्विवचन की होती हैं। जैसे वाक्य ५

नियम ४—यदि कई कर्त्ता 'वा' (अथवा, या) से जुड़े होते हैं, तो क्रिया अपने सबसे निकट (पास) के कर्त्ता के पुरुष तथा वचन के अनुसार होते हैं। जैसे वाक्य ६

नियम ५—उत्तम पुरुष के कर्त्ताओं तथा क्रियाओं में लिंग के कारण कोई अन्तर नहीं आता है। जैसे वाक्य १, २, ३

आदर्श वाक्य—

(१) अहम् हसामि=मैं हँसता हूँ या मैं हँसती हूँ।

(२) आवाम् पृच्छाव=हम दोनों पूछते हैं या पूछती हैं।

(३) वयम् गच्छामः=हम लोग जाते हैं या जाती हैं।

(४) त्वम्, अहम्, गोपालः च पठाथः—तुम, मैं और गोपाल पढ़ते हैं।

(५) त्वम्, वयम् च गच्छावः=तुम और हम जाते हैं।

(६) सः त्वम्, अहम् वा पठामि=वह, तुम या मैं पढ़ता हूँ।

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) हम लोग खेलते हैं। (२) मैं जाता हूँ। (३) हम दोनों सूँघते हैं। (४) राम, मैं और तुम पढ़ते हो। (५) तुम और मैं खाता हूँ। (६) तुम या राम गाता है। (७) मैं सोता हूँ। (८) हम दोनों प्रवेश करते हैं। (९) हम लोग सुनते हैं। (९०) तुम या मैं आता हूँ।

सहायक शब्द-जिघ्रावः=सूंघते हैं। शृणुमः=सुनते हैं। गायति=गाता है।

अभ्यास—७ (दुहराना)

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) वह भजन करता है। (२) तुम अनुभव करते हो। (३) मैं बैठता हूँ। (४) हम प्रवेश करते हैं। (५) आप उपदेश देती हैं। (६) तुम चलते हो। (७) हम कूदते हैं। (८) सिंह पीता है। (९) गाय, बैल और और घोड़े दोड़ते हैं। (१०) मोर या तोता बैठता है।

सहायक शब्द—भजति=भजन करता है। अनुभवसि=अनुभव करते हो। उपदिशति=उपदेश देती हो। कुर्दामः=कूदते हैं। चलसि=चलते हो।

(ख) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(१) अहम् भजथः। (२) त्वम् कथयति। (३) युवाम् गच्छामि। (४) वयम् गायामि। (५) आवाम् भजथः। (६) यूयम् पृच्छसि। (७) सा गावन्ति। (८) शुकाः नृत्यति। (९) बालकः खादामि। (१०) भवती हससि।

(ग) निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

पठावः, करोति, तिष्ठामि, वदन्ति, अहम् रक्षसि, भवत्य, वयम्. सा, आगच्छामः।

अभ्यास—८

लृट् लकार (भविष्यकाल) सभी पुरुष तथा सभी वचन

कर्त्ताकारक

नियम १—जब कोई काम आगे आने वाले समय में होता है तब वह भविष्यकाल (लृट् लकार) में होता है।

शेष सभी नियम वर्तमान काल (लट्लकार) के समान होते हैं।

आदर्श वाक्य—

(१) सः गमिष्यति	=	वह जायेगा।
(२) सा द्रक्ष्यति	=	वह देखेंगी।
(३) फलानि पतिष्यन्ति	=	फल गिरेंगे।
(४) रामः श्यामः च गमिष्यतः	=	राम और श्याम जायेंगे।
(५) सः रामः वा पठिष्यति	=	वह या राम पढ़ेगा।

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए—**

(१) तुम पढ़ोगी। (२) आप लोग जाओगे। (३) लड़के खेलेंगे। (४) मैं पूछूँगा। (५) तुम और हरि आओगे। (६) तुम उपदेश दोगे। (७) राम या श्याम जायेगा। (८) मोर नाचेंगे। (९) मीरा गायेगी। (१०) हम दोनों रहेंगे।

सहायक शब्द—प्रक्ष्यामि=पूछूँगा। स्थास्यावः=रहेंगे। उपदेक्ष्यसि=उपदेश दोगे। नर्त्स्यन्ति=नाचेंगे।

(ख) **रिक्त स्थानों में भविष्यकाल के उचित रूप लिखिए—**

(१) त्वम्·····(भज्)। (२) ते·····(प्रविश)। (३) सा····· (प्रच्छ) (४) त्वम्·····(क्रीड़्)। (५) गुरुः·····(पठ) (६) वयम्··· (दा) (७) आवाम्·····(वद्)। (८) सा·····(आगम्)। (९) सः (प्रच्छ)। (१०) तौ·····(कथ)।

अभ्यास—९

लड् लकार (भूतकाल) सभी पुरुष व सभी वचन

कर्त्ताकारक

नियम १—जो काम बीते समय में हो चुका हो, उसके काल (समय) को भूतकाल कहते हैं। भूतकाल में लड्लकार होता है।

नियम २—कभी-कभी वर्त्तमान की क्रिया में 'स्म' जोड़कर भूतकाल व्यक्त किया जाता है। यह प्रायः 'था' के लिए प्रयुक्त होता है। जैसे गच्छतिस्म=जाता था।

आदर्श वाक्य—

(१) बालकः अपठत्=लड़कों ने पढ़ा।
(२) भवान् अपश्यत्=आपने देखा।
(३) त्वम् अपठः =तुमने पढ़ा।
(४) रामः गच्छतिस्म=राम जाता था।
(५) सा पठति स्म =वह पढ़ती थी।

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए—**

(१) तुम दोनों ने खाया। (२) हमने कहा। (३) लड़के भाग गये। (४) छात्रों ने देखा। (५) कवियों ने गाया। (६) वह खाता था। (७)

उसने प्रवेश किया। (८) आप लोग चले गये। (९) कुत्ता दौड़ा। (१०) पुस्तक गिरी।

सहायक शब्द—अकथताम=कहा। अपलायत्=भाग गये। अपश्यन्=देखा।

अभ्यास—१०

अव्ययों का प्रयोग

नियम १—अव्ययों के रूप नहीं चलते, इसलिये वे वाक्य में ज्यों के त्यों लिखे जाते हैं। 'च', 'वा' आदि अव्यय हैं, इनका प्रयोग वाक्यों में जैसे का तैसा ही लिखा जाता है।

आदर्श वाक्यः—

(१) छात्राः अद्यः न पठिष्यन्ति	=	छात्र आज नहीं पढ़ेंगे।
(२) त्वम् कदा आगमिष्यसि	=	तुम कब आओगे।
(३) रामः कृष्णः वा तत्र गच्छतु	=	राम या कृष्ण वहाँ जाय।
(४) श्वः उत्सवः भविष्यति	=	कल उत्सव होगा।
(५) इदानीं ते कुत्र अगच्छन्	=	वे इस समय कहाँ गये।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मैं कल जाऊँगा। (२) यशपाल यहाँ नहीं आयेगा। (६) ईश्वर सब जगह है। (४) तुम कब उपदेश दोगे। (५) मैं शाम को प्रार्थना करता हूँ। (६) प्रातः विद्यार्थी पढ़ते हैं। (७) सूर्य सुबह निकलता है। (८) आप लोग शीघ्र जायें। (९) उसने वहाँ क्या देखा? (१०) क्या वह वहाँ गया?

सहायक शब्द—श्वः=कल। अत्र=यहाँ। सर्वत्र=सब जगह। कदा=कब। सायम्=शाम। आपि=क्या। तत्र=वहाँ। सद्यः=शीघ्र। किम्=क्या।

अभ्यास—११

सर्वनामों का प्रयोग

नियम १—तद् (वह), यद् (जो), इदम् (यह), एतत् (यह), किम् (कौन, क्या), सर्व (सब) युष्मद् (तुम), अस्मद् (मैं) आदि शब्द सर्वनाम हैं।

इनमें युष्मद् तथा अस्मद् मध्यम तथा उत्तम पुरुष के हैं। शेष सभी प्रथम पुरुष के हैं।

नियम २—सर्वनामों का प्रयोग विशेषणों की भाँति होता है, अतः इनके रूप तीनों लिंगों में चलते हैं।

नियम ३—सर्वनामों का प्रयोग विशेषणों की भाँति होता है, जहाँ ये विशेषणों की तरह काम आते हैं, वहाँ उनके लिंग, वचन, और विभक्ति अपने विशेष्य के अनुसार होते हैं।

आदर्श वाक्य—

(१) सः गच्छति = कौन जाता है ? (पुंलिंग, एकवचन)
(२) के पठन्ति = कौन पढ़ते हैं ? (पुंलिंग बहुवचन)
(३) का पश्यति = कौन देखती है ? (स्त्रीलिंग, एकवचन)
(४) सर्वे पश्यन्ति = सब देखते हैं ? (पुंलिंग, बहुवचन)
(५) अयं कः बालकः अस्ति = यह कौन बालक है ?
(६) यः चलति सः एव पतति = जो चलता है, वही गिरता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) ये लोग कहाँ जाते हैं। (२) यहाँ कौन रहता है। (३) कौन गिरा। (४) यहाँ कौन रहता था। (५) वहाँ कोई आदमी नहीं है। (६) यह फूल है। (७) कोई आदमी देखता था। (८) जो जारहा है वह कौन है। (९) ये अब पढ़ेंगे। (१०) सब जाते हैं।

अभ्यास--१२

लोट्लकार (आज्ञा, इच्छा, प्रार्थना तथा आशीर्वाद आदि) अर्थ में कर्त्ताकारक

नियम १—लोट्लकार का प्रयोग आज्ञा, प्रार्थना, अनुमति, आशीर्वाद आदि अर्थों में होता है।

नियम २—प्रथम पुरुष में इस प्रकार का प्रयोग प्रायः आज्ञा तथा इच्छा आदि अर्थों में होता है।

नियम ३—मध्यम पुरुष में इसका प्रयोग प्रायः आज्ञा, प्रार्थना तथा आशीर्वाद में होता है। प्रायः आज्ञा तथा प्रार्थना में तू या तुम कर्त्ता छिप जाता है। ऐसी दशा में छिपे हुये कर्त्ता के अनुसार मध्यम पुरुष की क्रिया ही होती है जैसे वाक्य ४, ५

नियम ४—उत्तम पुरुष में इस प्रकार का प्रयोग इच्छा और प्रश्न के अर्थ में होता है। जैसे वाक्य ६, ७

आदर्श वाक्य—

(१) भवान् आगच्छतु	=	आप आयें।	(प्रार्थना)
(२) सा आगच्छतु	=	वह आयें।	(,,)
(३) त्वम् गच्छ	=	तुम जाओ।	(आज्ञा)
(४) चिरञ्जीवी भव	=	दीर्घायु हो।	(आशीर्वाद)
(५) आगच्छत, उपविशत च	=	आइए और बैठिए	(प्रार्थना)
(६) अहम् पठानि	=	मैं पढ़ूँ	(इच्छा)
(७) किम अहम् गच्छानि	=	क्या मैं जाऊँ ?	(अनुमति, प्रश्न)

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए:—**

(१) तुम भजन करो। (२) तू दौड़। (३) तुम दोनों नमस्कार करो। (४) तुम पियो। (५) पानी बरसे। (६) मैं लिखूँ। (७) नौकर जाय। (८) उसे जाने दो। (९) वह चिरंजीव हो। (१०) अब मनुष्य खेलें।

सहायक शब्द—भज=भजन करो। नमतम्=नमस्कार करो। वर्षतु=बरसे। सेवकः=नौकर। उपविशतु=बैठे।

अभ्यास—१३

विधिलिङ् लकार (विधि, प्रश्न, इच्छा आदि) अर्थ में

कर्त्ता कारक

नियम १—किसी कार्य में लगाने के लिए प्रवृत करने के अर्थ में विधिलिङ् लकार होता है। जैसे वाक्य ५

नियम २—प्रश्न के अर्थ में विधि लिङ्लकार का प्रयोग होता है। जैसे ३।

नियम ३—इच्छा (अंग्रेजी में May के अर्थ) में इस लकार का प्रयोग होता है। जैसे वाक्य ४

नियम ४—हिन्दी में "चाहिए" से युक्त वाक्यों की संस्कृत में भी इसी लकार के द्वारा बनती है, किन्तु ऐसे वाक्यों में कर्त्ता में 'को' चिन्ह लगा होता है। इसे धोके से कर्मकारक का चिन्ह न समझना चाहिए। जैसे वाक्य ६।

नियम ५—अंग्रेजी में जहाँ (May, Might, Must, Should) का प्रयोग होता है। जैसे वाक्य १, २,

आदर्श वाक्यः--

(१) ते पठेयः = उनको पढ़ना चाहिए या वे पढ़ें ।
(२) बालकाः गच्छेयुः = लड़कों को जाना चाहिए।
(३) छात्रः किं कुर्यात् = छात्र क्या करें । (प्रश्न)
(४) सः सुखी भवेत् = वह सुखी होवे । (इच्छा)
(५) छात्रः तत्र गच्छेत् = छात्र वहाँ जाय । (विधि)
(६) रामः अद्यु ना स्वपेत = राम को अब सोना चाहिए ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिये--

(१) छात्रों को पढ़ना चाहिए । (२) हम दोनों को बोलना चाहिए । (३) तुम सुखी रहो । (४) तुम्हें नमस्कार करना चाहिए । (५) क्या वह वहाँ जाय । (६) अब हम सोच न करें । (७) मुझे सुनना चाहिए । (८) हमें शाम को प्रार्थना करनी चाहिए । (९) तुम दौड़ो । (१०) मैं लिखूँ ।

अभ्यास— १४ (दुहराना)

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) प्रातः फिर होगा । (२) वे जा रही थीं । (३) तुम्हें भागना चाहिए । (४) गुरूजी पीटेंगे । (५) माली सींचता था । (६) शत्रु नष्ट होवे । (७) चिड़िया उड़ती हैं । (८) सिंह ने मारा । (९) पक्षी उड़ेंगे । (१०) लड़कियों ने कब लिखा ।

(ख) निम्न क्रियाओं को अपने वाक्यों प्रयोग करके हिन्दी लिखो ।

उदपतन, सिञ्चेत्, स्पृशनि, अयाचत, अपृच्छन्, भविष्यति, उत्पलति, याचति, अगायन् ।

अभ्यास—१५

कर्त्ता कारक (प्रथमा विभक्ति)

नियम १—क्रिया को करने वाले को कर्त्ता कहते हैं तथा कर्तृवाच्य के कर्त्ता में प्रथमा विभक्ति होती है । इसका चिन्ह 'ने' है । यह कहीं-कहीं छिपा रहता है । जैसे कृष्णः खादति (कर्तृवाच्य) में कृष्णाः प्रथम विभक्ति का शब्द है ।

नियम २—संस्कृत में बिना विभक्ति लगाये, शब्द निरर्थक होते हैं । अतः अर्थ बताने के लिए संज्ञा शब्दों में प्रथमा विभक्ति आती है ।

जैसे—कृष्णः=कृष्ण । गज=हाथी । अश्वः=घोड़ा । आदि ।

नियम ३—पुंलिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग बनाने के लिए भी प्रथमा विभक्ति आती है । जैसे—तटः (पुं०), तटी (स्त्री०), तटम् (नपुं०) आदि ।

नियम ४—अव्ययों के साथ तथा केवल नाम के कथन में प्रथमा विभक्ति होती है । जैसे—गाँधी "बापू" इति प्रसिद्धः अस्ति—गाँधी बापू इस (नाम से) प्रसिद्ध हैं ।

आदर्श वाक्य—

(१) नेहरू नाम एक एव महापुरुषः अस्ति=नेहरु नाम के एक ही महापुरुष हैं ।
(२) त्वं मम विश्वासपात्रम् असि =तुम मेरे विश्वासपात्र हो ।
(३) गुणाः पूजास्थानं भवन्ति =गुण पूजा के स्थान होते हैं ।
(४) विद्वान श्रद्धापदं भवन्ति =विद्वान श्रद्धा के पात्र होते हैं ।

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए:—**

(१) वे चिरकाल तक जियें । (२) सब स्वस्थ हों । (३) मथुरा एक प्रसिद्ध स्थान है । (४) तुम पत्र पढ़ सकते हो । (५) वे सब धीरे-चले गये । (६) ईश्वर करे सब स्वतन्त्र हों । (७) मैं चाहता हूँ कि राम सफल हो जाय । (८) छात्र सुबह उठें । (९) हम और तुम कल आयेंगे । (१०) मैं या तुम कल जायेंगे ।

अभ्यास—१६

कर्मकारक (द्वितीय विभक्ति)

नियम १—जिस वाक्य में प्रयोग किये पदार्थों में मे कर्त्ता जिसको सब से अधिक चाहता है । उसे कर्म कहते हैं अर्थात जिस पर क्रिया का फल समाप्त होता (पड़ता है) उसे कर्म कहते हैं । जैसे—रामः विद्यालयं गच्छति= राम स्कूल जाता है ।

हिन्दी में 'कर्म का चिह्न 'को' है लेकिन यह छिपा भी रहता है जैसे—रामः पुस्तकं पठति=राम पुस्तक पढ़ता है ।

क्रिया से पहले 'किसको' अथवा 'क्या' लगाने से जो उत्तर में आता है वह कर्म होता है ।

यदि कर्म एक होता है तो उसमें एकवचन, दो हो तो द्विवचन तथा दो से अधिक हो तो बहुवचन होता है । जैसे—राम पुस्तकं पठति=राम पुस्तक पढ़ता है । ते फलानि खादन्ति=वे फल खाते हैं ।

नियम २—कर्तृ वाच्य में कर्म में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। जैसे—आवाम् सूर्यम् अपश्यावः=हम दोनों ने सूर्य देखा।

आदर्श वाक्य—

(१) सः पुस्तकं पठति = वह पुस्तक पढ़ता है।
(२) छात्रः विद्यालयं गच्छति = छात्र विद्यालय को जाता है।
(३) अहं नाटकं पश्यामि = मैं नाटक देखता हूँ।
(४) वयं गुरुं प्रणमामः = हम गुरुजी को प्रणाम करते हैं।
(५) ते फलं न खादष्यन्ति = वे फल नहीं खायेंगे।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) हम फल खाते हैं। (२) मैं पत्र लिखता हूँ। (३) आप सत्य बोलते हैं। (४) तू गीत सुनता है। (५) बालक पानी पीता है। (६) कृष्ण ने कंस मारा। (७) राजा दान देता है। (८) राम या श्याम स्कूल जायेगा। (९) किसान गाँव में रहते हैं। (१०) तुम सब पुस्तक पढ़ो।

अभ्यास—१७

कर्म कारक—द्विकर्मक धातुएँ

नियम १—संस्कृत में दुह् (दुहना), याच् (माँगना), पच् (पकाना), दण्ड् (दण्ड देना), रुध् (रोकना), प्रच्छ (पूछना), चि (बटोरना), ब्रू (बोलना), शास् (उपदेश देना), मथ् (मथना), मुष् (चुराना), नी (ले जाना), हृ (हरण करना), कृष् (खोद कर निकालना), वह (ढोना)—ये सोलह धातुएँ और इसके अर्थ वाली अन्य धातुयें द्विकर्मक (दो कर्म वाली) होती हैं। इनके योग में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—

आदर्श वाक्यः—

(१) रामः धेनुं दुग्धं दोग्धि =राम गाय से दूध दुहता है।
(२) बालकः जनकं मोदकं याचते =बालक पिता से लड्डू माँगता है।
(३) अहं तण्डुलान् ओदनं पचामि =मैं चावलों से भात पकाता हूँ।
(४) चौरः रामं शतं मुष्णाति =चोर राम के सौ रुपये चुराता है।
(५) भृत्यः ग्रामं भारं वहति =नौकर गाँव को बोझा ले जाता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) राम बकरी से दूध दुहता है। (२) मैं पिताजी से पुस्तक माँगता हूँ।

(३) वह फल घर ले जाता है। ४) पण्डित जी राम की कथा कहते हैं। (५) वह वृक्ष से फल चुनता है। ६) लोग पृथ्वी से रत्न निकालते हैं। (७) किसान अन्न को घर ले गया। (८) चोर ने किसान का धन चुराया। (९) मैं तुमसे एक प्रश्न पूछूँगा। (१०) पथिक किसान से रास्ता पूछता है।

अभ्यास—१८

कर्म कारक—उपपद विभक्ति रूप में

नियम १—जब कोई कार्य निरन्तर चलता है। तब समय वाचक शब्द में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—रामः चतुर्दश वर्षाणि वने अनिवसन्= राम चौदह वर्ष तक वन में रहे।

नियम २—शीङ् (सोना), स्था (ठहरना) तथा आस् (बैठना) धातु के पहले यदि 'अधि' उपसर्ग लगा हो, तो उनके आधार में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—रामः शिलामधि शेते=राम शिला पर सोता है।

नियम ३—यदि वस् धातु के पहले "उप, अनु, अधि, आङ्" उपसर्ग आयें तो इसके आधार में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—रामः गृहम् उपवसति= राम घर में रहता है।

अनु+वस्—रामः गृहम् अनुवसति = राम घर में रहता है।
अधि+वस्—रामः गृहम् अधिवसति = राम घर में रहता है।
आ+वस्—रामः गृहम् आवसति = राम घर में रहता है।

नियम ४—विश् धातु के पहले यदि अभि तथा नि उपसर्ग आवें, तो उसके आधार में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—रामः सन्मार्गम् अभिनिवशते= राम अच्छे मार्ग का अनुसरण करता है।

नियम ५—उभयतः (दोनों तरफ), सर्वतः (सब तरफ), धिक् (धिक्कार), उपर्युपरि (ठीक ऊपर), अधोऽधः (ठीक नीचे), अध्यधि (ठीक नीचे) शब्दों की जिसमें सन्निकटता प्रतीत होती है उसमें द्वितीया होती है। जैसे—

राजमार्गम् उभयतः वृक्षा सन्ति= सड़क के दोनों ओर पेड़ हैं।
धिक्-धिक् मूर्खम् = मूर्ख को धिक्कार है।
उपर्युपरि लोकं हरि = हरि संसार के ठीक ऊपर है।
अधोऽधः भूमिं पातालः = भूमि के नीचे पाताल है।

नियम ६—अभितः (सब तरफ), परितः (चारों तरफ), समया (निकट),

निकषा (निकट), हा तथा प्रति (की तरफ, को के लिए) के प्रयोग में द्वितीया होती है। जैसे—

ग्रामम् **अभितः परितो** वा आम्र वृक्षाः सन्ति=गाँव के सब तरफ आम के पेड़ हैं।

विद्यालयं **निकषा समया** वा नदी अस्ति=विद्यालय के पास नदी है।

व्याघः हरिणं **प्रति** अपश्यत्=वहेलिये ने हरिण की तरफ देखा।

नियम ७—अन्तरा (बीच में), अन्तरेण (बिना), विना तथा ऋते (बिना) के योग में द्वितीया होती है। जैसे—

अन्तरा त्वां मां हरिः=हरि तुम्हारे हमारे बीच में है।

त्वाम् बिना वा कः तत्र गमिष्यति=तुम्हारे बिना वहाँ कौन जायेगा।

नियम ८—क्रिया विशेषण में द्वितीया होती है। जैसे—

मृगः सत्वरं धावति=हिरन तेज दौड़ता है।

गमनार्थक धातुओं के योग में (जहाँ जाया जाता है) उसमें द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—रामः वनं गच्छति=राम वन को (में) जाता है।

आदर्श वाक्य—

(१) अहम् गृहम् अधिशये = मैं घर में सोता हूं।
(२) सः विद्यालयं प्रति गतः = वह विद्यायय की ओर चला गया।
(३) बानरः वृक्षम् अधिष्ठिति = बन्दर वृक्ष पर बैठता है।
(४) ग्रामम् उभयतः वनं अस्ति = गाँव के दोनों ओर वन हें।
(५) लक्ष्मणः रामम् अनुच्छथि = लक्ष्मण राम के पीछे जाते हैं।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) उसने पाँच वर्ष तक संस्कृत पढ़ी। (२) बालक कुर्सी पर बैठ गया। (३) ऋषि गुफा में घुस गया। (४) वे पहाड़ पर चढ़ गये। (५) कुएँ के चारों तरफ हरि घास है। (६) दुर्जन को धिक्कार (७) हरि तेज दौड़ता है। (८) साधु सन्मार्ग पर चलते हैं। (९) संसार के सब ओर ईश्वर है। (१०) बिना परिश्रम के परीक्षा पास नहीं होती।

अभ्यास—१९ (दुहराना)

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मोहन सच बोलता है। (२) राजा अपराधी को दण्ड देता है।

(६) अन्न के बिना जीव नहीं है। (४) मोहन रसोई बनाता है। (५) ग्वाला गाय को जंगल ले जाता है। (६) तुम किस गाँव मे रहते हो। (७) घोड़ा नदी तक जाता है। (८) नदी के दोनों ओर खेत हैं। (९) पृथ्वी के नीचे पानी है। (१०) काशी के निकट गंगा है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(१) छात्राः विद्यालये गच्छन्ति। (२) अस्माकम् विद्यालयः उभयतः मार्ग अस्ति। (३) मोहनः मम गृहस्य प्रति आगच्छति। (४) परपीडकाय धिक्। (५) अस्माकम् नगरस्य परितः उद्यानानि सन्ति। (३) तेषाम् ग्रामस्य अभितः कूपा सन्ति। (७) शिष्यः गुरोः अनुगच्छति। (८) अस्माकम् विद्यालयस्य सर्वतः पुष्पाणि सन्ति। (९) छात्राः विद्यालयस्य प्रति गच्छति। (१०) पुत्र पितु अनुगच्छति।

अभ्यास—२०

करण कारक (तृतीया विभक्ति)

नियम १—जिसकी सहायता से कर्त्ता अपना कार्य पूरा करता है उसे करण कहते हैं। इस कारक के चिह्न 'से' या 'के द्वारा' हैं। लेकिन अपादान का चिह्न भी 'से' है, किन्तु अपादान में 'से' के द्वारा भिन्नता और करण के 'से' के द्वारा समीपता प्रकट होती है।

आदर्श वाक्य—

(१) अहं नेत्राभ्यां पश्यामि = मैं आँखों से देखता हूँ।
(२) रामः लगुडेन सर्पम् अहन् = राम ने डन्डे से साँप को मारा।
(३) सः पादाभ्याम् चलति = वह पैरों से चलता है।
(४) बालकः लेखन्या लिखति = लड़का कलम से लिखता है।
(५) सः हस्तेन पुस्तकम् गृह्णाति = वह हाथ से पुस्तक पकड़ता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) लड़के शाम को गेंद से खेलते हैं। (२) धन से सुख होता है। (३) मैं पानी से पेड़ों को सींचता हूं। (४) अपने हाथों से कर्य करो। (५) तुम नाक से फल सूंघते हो। (६) विद्या से ज्ञान होता है। (७) धोबी पानी से कपड़े धोता है। (८) राम ने वाण के द्वारा रावण को मारा। (९) कुम्हार मिट्टी से वर्तन बनाता है। (१०) आप सब पैन से लिखते हो। (११) मैं पैदल ही स्कूल जाता हूं।

अभ्यास—२१

करण कारक—उपपद विभक्ति के रूप में

नियम १—भाव वाच्य तथा कर्म वाच्य के कर्त्ता तथा करण में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

रामेण रावणः हतः (कर्म वाच्य)=राम द्वारा रावण मारा गया।

रामेण सुप्यते (भाव वाच्य)=राम द्वारा सोया जाता है।

नियम २—जिस अंग के द्वारा शरीर में कोई विकार उत्पन्न हो जाता है उसमें तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

सः नेत्रेण काणः अस्ति=वह आँख से काना है।

नियम ३—साथ अर्थ रखने वाले "सह, समम्, साकम् तथा सार्धम्" शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति होती है। अर्थात् जिसके साथ जाया जाता है उसमें तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

पिता पुत्रेण सह गच्छति=पिता पुत्र के साथ जाता है।

नियम ४—हेतु अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

धनेन सम्मानं भवति=धन से आदर होता है।

नियम ५—पृथक्, विना, नाना शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—रामेण विना दशरथः नाजीवत्=राम के बिना दशरथ जीवित नहीं रहे।

नियम ६—तुल्य के पर्यायवाची शब्दों के योग में भी तृतीया होती है। जैसे—कृष्णेन समः कोऽपि नास्ति=कृष्ण के समान कोई नहीं है।

नियम ७—कार्य, अर्थ, प्रयोजन, अलम् (नहीं) आदि प्रकट करने वाले अन्य शब्दों के योग में वस्तु में तृतीया होती है। जैसे—

सेवकेन किं प्रयोजनम्—सेवक की क्या आवश्यकता है?

आदर्श वाक्य—

(१) सत्येन आदरः भवति = सच बोलने से आदर होता है।

(२) मम अनुजः मया सह आगच्छत्=मेरा छोटा भाई मेरे साथ आया।

(३) सः स्वभावेन नम्रः अस्ति =वह स्वभाव से नम्र है।

(४) अयम् विवादेन =बहस मत करो।

(५) सः अध्ययतेन अत्र वसति =वह पढ़ने के कारण यहाँ रहता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) राम पैर से लँगड़ा है। (२) वह गुरु जी के साथ स्कूल गया।

(३) राम स्वभाव से नम्र थे। (४) तुम लड़कों के साथ खेलो। (५) दुर्जन पुत्र से क्या लाभ। (६) मैं अपने भाई के साथ नहीं जाऊँगा। (६) हमें परिश्रम से पढ़ना चाहिए। (७) राम सीता के साथ वन गये। (८) राम के समान वीर कोई न था। (९) वे स्वभाव से धूर्त हैं। (१०) धन से सुख होता है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(१) बालकः स्वजन कस्य सार्धम् गच्छामि। (२) छात्राः अध्यापकस्य सह विद्यालयं गच्छन्ति। (३) छात्रः पठनाय अत्र निवसति। (४) वणिक् व्यापाराय नगरम् गच्छति। (५) दुष्टस्य मित्रस्य किम् प्रयोजनम् अस्ति? (६) काणस्य नेत्रस्य कः अर्थः? (७) मम सखा नेत्रस्य काणः पादस्य च खञ्जः अस्ति। (८) सा बालिका कर्णयोः बधिरा। (९) छात्राः पुस्तकम् विना पठितुम् असमर्थाः सन्ति। (१०) सः पादयोः विना कथम् चलिष्यति?

अभ्यास—२२

सम्प्रदान कारक (चतुर्थी विभक्ति)

नियम १—जिसे कोई वस्तु दी जाती है या जिसके लिए कोई काम किया जाता है उसे सम्प्रदान कहते हैं। सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है। इसके चिह्न 'के लिए' या 'को' है। जैसे—राजा विप्राय गां ददाति = राजा ब्राह्मण को गाय देता है।

नियम २—जहाँ कोई वस्तु सदा के लिए दी जाती है और देने वाले का उस पर से अधिकार समाप्त हो जाता है, वहाँ चतुर्थी होती है। इसके विपरीत जहाँ कोई वस्तु थोड़े समय के लिए दी जाती है और दाता का उस पर से अधिकार समाप्त नहीं होता, वहाँ चतुर्थी विभक्ति नहीं होती बल्कि षष्ठी होती है। जैसे— अहं रजकस्य वस्त्रं यच्छामि = मैं धोबी को कपड़ा देता हूँ।

नियम ३—जिसके लिए कोई कार्य किया जाता है, उसमें भी चतुर्थी होती है। जैसे—अहं छात्राय पुस्तकम् आनयामि = मैं विद्यार्थी के लिए पुस्तक लाता हूँ।

आदर्श वाक्य—

(१) माता पुत्राय दुग्धं यच्छति = माता पुत्र को दूध देती है।

(२) शिशुः भोजनाय मातरं याचते = बच्चा माता से भोजन के लिए कहता है।

(३) मोक्षाय हरिं भजते=मोक्षके लिए हरि का भजन करता है।
(४) श्यामः कृष्णाय पुस्तकं ददाति=श्याम कृष्ण को पुस्तक देता है।
(५) सुखाय यत्नं कुर्यात्=सुख के लिए यत्न करो।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिये--

(१) वह गरीब को धन देता है। (२) यह दूध पीने के लिए है। (३) सब छात्रों को भोजन दो। (४) राम श्याम को कलम देता है। (५) प्यासे को पानी दो। (६) हमें सुख के लिए प्रयत्न करना चाहिए। (७) तुम फूल लेने के लिए बगीचे जाते हो। (८) पिताजी के लिए पानी लाओ। (९) मैं गरीबों को अन्न दूँगा। (१०) हमें ज्ञान के लिए अध्ययन करना चाहिये।

अभ्यास—२३

सम्प्रदान कारक—उपपद विभक्ति के रूप में

नियम १—रुच् धातु (अच्छा लगना) के योग में जिसे कोई वस्तु अच्छी लगती है, उसमें चतुर्थी होती है। जैसे—कृष्णाय नवनीतम् रोचते=कृष्ण को मक्खन अच्छा लगता है।

नियम २—क्रुध् (गुस्सा होना) द्रुह (शत्रुता करना) ईर्ष्यु (डाह करना) असूय् (निन्दा करना) धातुओं तथा इनकी समानार्थक धातुओं के योग में उसके ऊपर क्रोध किया जाता है उसमें चतुर्थी होती है। जैसे—

गुरुः शिष्याय क्रुध्यति=गुरूजी शिष्य पर गुस्सा होते हैं।
रावणः रामाय द्रुह्यति=रावण राम से द्रोह करता है।

नियम ३—नमः स्वस्ति (कल्याण), स्वाहा, स्वधा, अलम् (समर्थ, अपर्याप्त) तथा वषट् के योग चतुर्थी होती है। जैसे—

रामाय नमः=राम को नमस्कार।
प्रजाभ्यः स्वस्ति=प्रजा का कल्याण हो।
अग्नये स्वाहा=अग्नि के लिए बलि है।

विशेष—परन्तु जब 'नमः' के साथ कृ धातु का प्रयोग होता तब द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे— देवम् नमस्करोमि=देवता नमस्कार करता हूँ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मीरा को आम अच्छा लगता है। (२) गुरूजी शिष्य पर गुस्सा

होते हैं। (३) दुयर्धोन भीम से ईर्ष्या करता है। (४) गणेश जी को नमस्कार है। (५) दुष्ट सज्जन से ईर्ष्या करता है। (६) यशपाल को मिठाई अच्छी नहीं लगती है। (७) सुबह का टहलना अच्छा लगता है। (८) तुम दोनों से राम ईर्ष्या करता है। (९) छात्रों को पढ़ाई अच्छी लगती है। (१०) उसे खेलना पसन्द है।

(ख) निम्नलिखत वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(१) सः ब्राह्मणः धनम् ददाति। (२) इदम् पात्रम् जलस्य अस्ति। (३) अयम् कक्षः अध्ययनस्य अस्ति। (४) माता पुत्रान् दुग्धम् ददाति। (५) अयं पशुः यागस्य नस्ति। (६) इदम् तैलम् दीपकस्य अस्ति। (७) ज्येष्ठं भ्रातरम् नमः। (८) बालकम् क्रीड़ा रोचते। (९) धनिनः निर्धन क्रुध्यन्ति। (१०) मम अध्यापकः परिभ्रमणे अलम्।

अभ्यास—२४

अपादान कारक (पंचमी विभक्ति)

नियम १—जिससे किसी वस्तु का प्रत्यक्ष अथवा कल्पित रूप से अलग होना प्रकट होता है उसे अपादान कारक कहते हैं। अपादान में पंचमी विभक्ति होती है। इसका चिह्न 'से' है। जैसे—वृक्षात् पर्णानि पतन्ति=पेड़ से पत्तियाँ गिरती हैं। इस वाक्य में वृक्ष से पत्तियाँ अलग हो रही है, अतः वृक्ष से अपादान कारक है।

आदर्श वाक्य—

(१) गंगा हिमालयान् निर्गच्छति=गंगा हिमालय से निकलती है।
(२) रामः गृहात् आगच्छति=राम घर से आता है।
(३) वृक्षांत् फलानि पतन्ति=वृक्ष से फल गिरते हैं।
(४) तत् पात्रम् भवनात् अपतत्=वह पात्र भवन से गिरा।
(५) हस्तात् पुस्तकम् अपतत्=हाथ से पुस्तक गिरी।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मैं स्कूल आता हूं। (२) तू बाजार से फल लाता है। (३) बन्दर पेड़ से गिरा। (४) घुड़सवार घोड़े से गिरा। (५) पर्वत से पत्थर गिरा। (६) मेरे हाथ से पुस्तक गिर पड़ी। (७) वह बालक सहारनपुर से आया। (८) यमुना हिमालय से निकलती हैं।

(९) मैं तालाब से पानी लाऊँगा। (१०) घर से बाहर निकल जाओ।

अभ्यास—२५

अपादान कारक उपपद विभक्ति के रूप

नियम १—जिससे डरा जाता है या रक्षा की जाती है, उसमें पंचमी विभक्ति होती है। जैसे—साधुः पापात् विभेति=साधु पाप से डरता है।

नियम २—जिससे कोई वस्तु पैदा होती है तथा जिससे कोई वस्तु हटाई जाती है एवं जिससे नियम पूर्वक पढ़ा जाता है उसमें पंचमी विभक्ति होती है। जैसे—हिमालयात् गंगा प्रभवति=हिमालय से गंगा निकलती हैं।

शिष्यः गुरोः पठति=शिष्य गुरू से पढ़ता है।

नियम ३—अन्य (सिवाय), आरात् (समीप या दूर), इतर (दूसरा), ऋते (बिना) दिशावाचक तथा कालवाचक शब्दों के योग में पंचमी होती है। जैसे—रामात् अन्यः इतरो वा मम शरणं नास्ति=राम के सिवाय कोई मेरी शरण नहीं है।

आरात्—आरात् वनात्=वन से दूर या पास।

ऋते—ज्ञानात् ऋते न मुक्तिः=ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं होती।

दिशा वाचक शब्द—ग्रामात् उत्तरं नदी वहति=गाँव के उत्तर में नदी बहती है।

कालवाचक शब्द—चैत्रात् पूर्वः फाल्गुनः=चैत से पहले फागुन होता है।

नियम ४—जब किन्हीं दो वस्तुओ में तुलना की जाती है तब उससे तुलना की जाती है उसमें पंचमी होती है जैसे—दुग्धात् घृतं श्रेष्ठतरं भवति=दूध से घी श्रेष्ठ होता है।

तुलनार्थक शब्द—सुवर्ण दानात् अन्न दानं विशिष्यते=सोने के दान से अन्न दान बढ़कर है।

आदर्श वाक्य—

(१) अहं रामं सिंहात् रक्षामि=मैं सिंह से राम की रक्षा करता है।

(२) हिमालयात् पार्वती अजायत=हिमालय से पार्वती उत्पन्न हुई।

(३) रामः मोहनात् चतुरतरः अस्ति=राम मोहन से अधिक चतुर है।

(४) अनृतात् सत्यं श्रेयः=झूठ से सत्य अच्छा है।

(५) ग्रामस्य दूरात् विद्यालयः अस्ति=गाँव से दूर विद्यालय है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) हिरन शेर से डरता है। (२) मीरा मन्जू से चतुर है। (३) गोबर से बिच्छू पैदा होता है। (४) पापों से मेरी रक्षा करो। (५) मन्दिर नगर के पास है। (६) वृक्ष से फल उत्पन्न होते हैं। (७) सूर्य बादल से निकल रहा है। (८) तुम गुरूजी से संस्कृत पढ़ो। (९) छात्रों को कक्षा से निकाल दो। (१०) हम अध्यापक से गणित पढ़ेंगे।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(१) अपराधी दण्डेन बिभेति। (२) मम् भ्राता नगरेण आगच्छति। (३) वाटिकया पुष्पाणि आनय (४)कमलम् जलेन प्रजायते। (५)शिष्यः अध्यापकस्य अधीते। (६) सा बालिका मोहनेन जेष्ठा अस्ति। (७) दुग्धेन घृतम् उत्पद्यते। (८) जलस्य विना मृत्युः भविष्यति। (९) तिलैः तैलम् प्रभवति। (१०) तव वस्त्रम् मम वस्त्रेण पटुतरम् आसीत्।

अभ्यास—२६

सम्बन्ध कारक—षष्ठी विभक्ति

नियम १—जब एक वस्तु का दूसरी वस्तु से सम्बन्ध (स्वामी—सेवक, जन्य—जनक, कार्य—कारण आदि) प्रकट हो। तब उसमें षष्ठी विभक्ति होती है, जैसे—राज्ञः पुरुषः=राजा का पुरुष।

नियम २—बराबर या समान अर्थ रखने वाले तुल्य सदृश सम आदि शब्दों के योग में जिससे तुलना की जाती है, उसमें षष्ठी या तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

तुल्य—रामस्य (रामेण) वा तुल्यः कोऽपिनास्ति=राम के समान कोई भी नहीं है।

सदृश—कृष्णस्य (कृष्णेन) वा सदृशः कोऽपि नास्ति=कृष्ण के समान कोई भी नहीं है।

नियम ३—हेतु शब्द के प्रयोग में तथा तस् प्रत्यय वाले शब्दों के योग में हेतु तथा प्रयोजन सूचक शब्द में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे—हेतु—

अध्ययनस्य हेतोः काश्या वसति=पढ़ने के निमित्त काशी में रहता है। तस् प्रत्यय—ग्रामस्य दक्षिणतः नदी प्रवाहति=गाँव के दक्षिण से नदी बहती है।

नियम ४—स्मरणार्थक धातु के योग में षष्ठी या द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—सः पितुः पितरं वा स्मरति=वह पिता का स्मरण करता है।

नियम ५—तव्य, अनीय, यत्, ण्यत्, घञ्, तृच्, ण्वुल् आदि (कृत्य) प्रत्ययों के योग में, या इनसे बनी संज्ञाओं के कर्त्ता में षष्ठी या तृतीया होती है। जैसे—मम इदं कार्य कर्तव्यम्—मुझे यह कार्य करना चाहिए।

विषस्य भोजनम्=विष का भोजन।

नियम ६—दूर, समीप आदि वाले शब्दों तथा कृते, मध्य, समक्ष आदि के योग में भी षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त होती है। जैसे—ग्रामस्य दूरम्=गाँव से दूर।

कृते—प्राणानां कृते=प्राणों के लिए।

मध्ये—एतेषां मध्ये कश्चौरः=इसमें कौन चोर है।

समक्ष—राज्ञः समक्षामेव सोऽकथयत्=राजा के सामने ही उसने कहा।

आदर्श वाक्य—

(१) रामः दशरथस्य पुत्रः आसीत्=राम दशरथ के पुत्र थे।
(२) धेनोः दुग्धं मधुरं भवति=गाय का दूध मीठा होता है।
(३) उद्यानस्य शोभां पश्य=बगीचे की शोभा को देखो।
४) वेदस्य अध्येता ब्राह्मणः अस्ति=वेद को पढ़ने वाला ब्राह्मण है।
(५) विदुषाम् आदरः सर्वतः भवति=विद्वानों का आदर सब जगह होता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए:—

(१) लक्ष्मण राम का भाई था। (२) सुदामा कृष्ण के मित्र थे। (३) भक्त ईश्वर का स्मरण करता है। (४) मैं अध्ययन हेतु विदेश जाऊँगा। (५) कुये का जल शीतल होता है। (६) ईश्वर हमारा रक्षक है। (७) सूर्य के प्रकाश को देखो। (८) वह समुद्र के समान गम्भीर है। (९) पत्तों का रंग हरा होता है। (१०) मेरा घर मथुरा में है। (११) मेरे गाँव के उत्तर में नदी बहती है।

(ख) **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए--**

(१) अयम् देवालयः शिवात् अस्ति। (२) इदम् रामाय पुस्तकम् अस्ति। (३) एतानि वृक्षे फलानि सन्ति। (४) अस्मिन् अश्वे वर्णः श्वेतः अस्ति। (५) इदम् मयि भ्रातरम् अस्ति। (६) सिंहः चतुष्पदान् श्रेष्ठः अस्ति। (७) अस्मिन् बिले मध्ये मूषकाः निवसन्ति। (८) छात्रालयम् अन्तः छात्रा निवसन्ति। (९) सिंहेन समक्षम् सर्वे विभ्यति। इदम् (१०) आम्रवृक्षः अस्ति।

अभ्यास—२७

अधिकरण कारक (सप्तमी विभक्ति)

नियम १—क्रिया के आधार को अधिकरण कहते हैं या जिस स्थान या वस्तु में कोई कार्य होता है उसे अधिकरण कहते हैं तथा अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है। इसका चिन्ह "में" या "पर" है। जैसे—

सिंहः वने निवसति=शेर वन में रहता है।

नियम २—जब किसी समुदाय में किसी वस्तु या व्यक्ति की विशेषता बतलायी जाती है, तब समुदायवाचक शब्द में सप्तमी या षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे—कविषु (कवीनां) वा कालिदासः श्रेष्ठः आसीत्=कवियों में कालिदास श्रेष्ठ थे।

नियम ३—जिसमें या जिस पर या जिस समय कोई काम किया जाय या हो, उसमें सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—प्रथमे दिवस=पहले दिन।

नियम ४—जिसके लिए स्नेह, आसक्ति, सम्मान प्रदर्शित किया जाता है, उसमें सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—

स्नेह—माता पुत्रे स्निह्यति=माता पुत्र पर स्नेह रखती है।

सम्मान—गुरौ भक्तिः कर्तव्य=गुरु में भक्ति रखनी चाहिए।

नियम ५—जब किसी कार्य के हो चुकने पर दूसरा कार्य होता है तो पहले हुए कार्य में सप्तमी होती है। जैसे—सूर्ये अस्तगते गोपाः गृहं अगच्छन्=सूर्यास्त होने पर ग्वाले घर गये।

आदर्श वाक्य—

(१) वने मयूराः नृत्यन्ति=वन में मोर नाचते हैं ।
(२) धर्मे रतिः कर्त्तव्या=धर्म में प्रेम रखना चाहिए ।
(३) सः प्रातःकाले जागति=वह सवेरे उठता है ।
(४) उद्याने पुष्पाणि सन्ति=बगीचे में फूल हैं ।
(५) मम अध्ययने इच्छास्ति=मेरी पढ़ने के बारे में इच्छा है ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) पात्र में जल है । (२) स्कूल में छात्र पढ़ते हैं । (३) पेड़ों पर चिड़िया बैठी हैं । (४) तालाब में मगर रहता है । (५) सूर्य निकलने पर हम यात्रा करेंगे । (६) राम सब से अधिक सुन्दर है । (७) पिता पुत्र पर स्नेह करता है । (८) हम लोग नदी में स्नान करते हैं । (९) लड़कों में श्याम श्रेष्ठ है । (१०) तू सब से अधिक धूर्त है ।

अभ्यास—२८

सम्बोधन

नियम १—जिसे पुकारा या आकृष्ट किया जाता है उसमें सम्बोधन कारक होता है । सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है । इसका चिन्ह, हे, अरे आदि है । ये चिन्ह शब्द के पहले लगते हैं । कभी-कभी ये छिपे भी रहते हैं । जैसे—

भो कृष्ण ! अत्रागच्छ=हे कृष्ण यहाँ आओ ।

नियम २—संस्कृत में सम्बोधन कारक के एक वचन में रूप बदलता है, शेष में कर्त्ता कारक के समान होते हैं ।

विशेष—क्रिया से सम्बन्ध न होने के कारण संस्कृत में सम्बोधन को कारक नहीं माना जाता, किन्तु सुविधा, के लिए यहाँ दिया गया है । सर्वनाम शब्दों में सम्बोधन नहीं होता ।

आदर्श वाक्यः—

(१) राम ! त्वम् कुत्र गच्छसि=राम तुम कहाँ जाते हो ।
(२) रे धूर्त ! तिष्ठ तावत्=हे धूर्त ! ठहर तो सही ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) हे गुरूजी ! पत्र में क्या लिखा है। (२) छात्रो ! परिश्रम से पढ़ो। (३) हे प्रभू ! मेरी रक्षा करो। (४) लड़कियो ! घर का काम करो। (५) लड़को ! कक्षा में शोर न करो। (६) लड़की ! तू क्या चाहती है। (७) बेटी ! प्रसन्न रहो। (८) हे राम ! तू सच बोल। (९) मोहन ! उस ग्वाले के घर से दूध लाओ। (१०) लड़कियो ! घर का काम करना चाहिए।

अभ्यास—२९ (दुहराना)

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) तुमने कल क्या लिखा। (२) मैंने कल एक पत्र पढ़ा। (३) साँप मोर से डरता है। (४) तुमने भिखारी को फल दिये। (५) हम बाजार से कपड़े लाये। (६) दमयन्ती ने नल से कहा कि मैं भी वन को चलूँगी। (७) दुष्टों के साथ बैर न करो। (८) हे गुरूजी ! क्या हम अन्दर आ सकते है। (९) मैं पढ़ने के लिए बनारस जाऊँगा। (१०) तुम गंगा में स्नान करते हो। (११) हम खेलने के लिए स्कूल जाते हैं। (१२) हम, तुम और राम पुस्तक पढ़ेंगे। (१३) राजा सिंहासन पर बैठता है। (१४) श्याम खेलने में बड़ा चतुर है। (१५) गंगा का जल पवित्र होता है। (१६) घर में पुस्तकें हैं।

अभ्यास—३०

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) राम श्याम से पुस्तक माँगता है। (२) मुझे सिनेमा अच्छा नहीं लगता है। (३) राम लड़कों के साथ घूमता है। (४) लता से पुष्प गिरे। (५) मोहन शहर से कहाँ जाय। (६) गाँव के समीप स्कूल है। धन के बिना सुख नहीं है। गंगा का पवित्र जल पीओ। (८) ताजमहल सब इमारतों में श्रेष्ठ है। पर्वत के ऊपर मेघ हैं। (१०) राम की बहुत गायें हैं। (११) तालाब के किनारे बाग है। (१२) वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं। (१३) विद्यार्थी रात में पढ़ता है। (१४) अन्न के बिना जीवन नहीं हैं। (१५) राम ने आज सिनेमा देखा।

(ख) निम्न शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

छात्रस्य, गंगायाः, कुशलः, गृहे, सयंकाले, वृक्षम्, नगरम्, हस्तेन, जलाय. पुत्रेभ्यः, पश्य, द्रक्ष्यसि, पठेयुः, देहि, पितामः ।

अभ्यास—३१

लिंग का विररण

संस्कृत के धातु रूप में लिंग के कारण कोई भेद नहीं होता है । कर्त्ता में कोई भी लिंग हो, धातु के रूप में इससे कोई अन्तर नहीं आता ।

आदर्श वाक्य—

(१) छात्राः राजमार्गे धावन्ति=विद्यार्थी सड़क पर दौड़ते हैं ।
(२) वर्षासु मेघाः गर्जन्ति=वर्षा में बादल गरजते हैं ।
(३) उद्याने वहतः वृक्षाः सन्ति=वगीचे में बहुत से वृक्ष हैं ।
(४) देवाः दैत्यानां शत्रतः आसन्=देवता लोग दैत्यों के शत्रु थे ।
(५) ईश्वरस्य सृष्टिः अति विचित्रा अस्ति=ईश्वर की सृष्टि बहुत विचित्र है ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए:—

(१) भारतवर्ष में अनेक तीर्थ स्थान हैं । (२) बन में मोर नाचते हैं । (३) कवियों में कालिदास श्रेष्ठ थे । (४) खेत में अन्न उत्पन्न होता है । (५) समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता है । (६) मथुरा में बहुत विद्यालय हैं । (७) विद्या का महत्व बल से अधिक होता है । (८) मुझे आपका आगमन बहुत अच्छा लगता है । (९) ईश्वर की महिमा बड़ी विचित्र है । (१०) बनारस सब तीर्थों में श्रेष्ठ है ।

अभ्यास—३२

वचन का विवरण

आदर्श वाक्य—

(१) मानवः कर्म करोति=मनुष्य जाति कर्म करती है ।
(२) गुणाः पूजा स्थानं भवन्ति=गुण पूजा के स्थान होते हैं ।
(३) वयं श्रोत्राभ्यां शृणुमः=हम लोग कान से सुनते हैं ।
(४) वर्षासु मेघाः गर्जन्ति=बरसात के बादल गरजते हैं ।
(५) सिकतासु तैलं न भवति=बालू में तैल नहीं होता ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिये—

(१) गुरु सदा पूजनीय होते हैं। (२) अक्षत तथा पुष्प से भगवान की पूजा करो। (३) विद्यालय में कितने छात्र पढ़ते हैं। (४) हम आँखों से देखते हैं। (५) मगध में अशोक नाम का राजा था। (६) किसान जल से पेड़ सींचता है। (७) वह चावलों से शिव पूजा करता है। (८) कवि लोग सदैव दयालु होते हैं। (९) तिल से तैल निकलता है। (१०) सिंह के डर से उसके प्राण चले गये।

अभ्यास—३३

पुरुष का विवरण

नियम १—संस्कृत में "मैं, हम दोनों, हम सब" (उत्तम पुरुष) के लिए अस्मद् "तुम दोनों, तुम सब" (मध्यम पुरुष) के लिए युष्मद् तथा वह, वे दोनों, वे सब एवं इनके अतिरिक्त सर्वत्र, प्रथम पुरुष का प्रयोग होता है। जैसे—

अहं गच्छामि, त्वं गच्छसिः सः गच्छति, बालकः गच्छति।

नियम २—सम्मान सूचक, मध्यम पुरुष के स्थान में भी प्रथम पुरुष ही आता है जैसे—गुरुदेव ! आगच्छतु=गुरुदेव ! आइए।

नियम ३—कभी-कभी आदर सूचक तुम की जगह "युष्मादृशाः" तथा मैं की जगह "मादृशः" का प्रयोग होता है। ऐसे प्रयोगों में क्रिया प्रथम पुरुष बहुवचन की होती है। जैसे—माहशास्तु न जानन्ति=हम जैसे लोग कुछ नहीं जानते।

नियम ४—यदि वाक्य में मध्यम पुरुष के साथ प्रथम पुरुष का एक कर्त्ता तो, तो क्रिया मध्यम पुरुष द्विवचन की होगी तथा यदि एक से अधिक कर्त्ता हों तो क्रिया मध्यम पुरुष बहु वचनान्त होगी। जैसे—त्वं कृष्ण च अत्रागच्छतम्=तुम और कृष्ण यहाँ आओ।

नियम ५—यदि वाक्य में एक से अधिक दो या तीन कर्त्ता हों, और वे 'च' (और) अव्यय से जुड़े हुए हों तथा उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष के हों तो क्रिया उत्तम पुरुष बहुवचन की होगी। जैसे—त्वम् अहम् रामः च अस्मिन् विद्यालये पठामः=तुम, मैं और राम इस स्कूल में पढ़ते हैं।

नियम ६—किन्तु यदि उत्तम पुरुष व मध्यम पुरुष के दो ही कर्ता हों और "च" (अव्यय) से जुड़े हुए हों तो क्रिया उत्तम पुरुष द्विवचन की होती है। जैसे—त्वम् अहं च जलं पिवावः=तुम और मैं जल पीता हूँ।

नियम ७—परन्तु यदि मध्यम पुरुष के साथ प्रथम पुरुष का एक कर्त्ता या एक से अधिक कर्त्ता "च" (और) से जुड़े हुए न होकर "वा" या "अथवा" जुड़े हुए हों, तो क्रिया में पुरुष तथा वचन सबसे अन्तिम क्रिया के अनुसार होती है। जैसे—सः वा त्वम् वा अहं वा तत्र गमिष्यामि=वह, तुम या मैं वहाँ जाऊँगा।

त्वं वा बालकाः वा तत्र गच्छन्तु=तुम या राम वहाँ जाओ।

आदर्श वाक्य—

(१) त्वं च अहं च जलं पास्यावः=तुम और मैं जल पीऊँगा।

(२) त्वं रामः श्यामः च अत्रैव तिष्ठति=तुम और कृष्ण यहाँ ठहरो।

(३) सः रामः वा खादिष्यति=वह या राम खायेगा।

(४) त्वम् रामः गोपालः च तत्र गच्छत=तुम राम और गोपाल वहाँ जाओ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) राम या श्याम इस वन में रहते हैं। (२) श्याम और मोहन अपना पाठ याद करें। (३) तुम राम और कृष्ण वहाँ जाओ। (४) हम और तुम कल वाराणसी चलेंगे। (५) कृष्ण, राम और तुम कल वहाँ अवश्य जाओगे। (६) महाराज! आइए और बैठिए। (७) मेरा जैसा ज्ञानी संसार में नहीं है। (८) राम या मोहन पुस्तक पढ़ेगा। (९) तुम या वह वहाँ जायेगा। (१०) मैं, तुम और वह अवश्य वहाँ जायेगा।

अभ्यास—३४

उपसर्ग युक्त धातुऐं

नियम १—उपसर्ग वे अव्यय हैं जो धातु के पूर्व (पहले) जुड़कर उसके अर्थ को परिवर्तित कर देते हैं। जैसे—'गम्' धातु का अर्थ जाना होता है किन्तु उसके पहले 'निर्' उपसर्ग के जुड़ जाने से "निर्+गम्" का अर्थ 'निकलना' हो जाता है। जैसे—चन्द्रः मेघाद् बहि निर्गच्छति=चन्द्रमा बादल से बाहर निकल रहा है।

आदर्श वाक्यः—

(१) जनाः वाटिकायां बिहरन्ति=मनुष्य बाग में बिहार करते हैं।

(२) भक्तः प्रसन्नताम् अनुभवति=भक्त प्रसन्नता का अनुभव करता है।

(३) लक्ष्मणः रामम् अन्वगच्छत्=लक्ष्मण राम के पीछे गया।
(४) श्यामः प्रश्नम् उदरतत्=श्याम ने प्रश्न का उत्तर दिया।
(५) गंगा हिमालयात् निर्गच्छति=गंगा हिमालय से निकलती है।
(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए—**
(१) स्वामी ने नौकर को आज्ञा दी। (२) वह ईश्वर को प्रणाम करता है। (३) छात्र कक्षा में घुसे। (४) छात्र स्कूल से घर लौटते हैं। (५) वे सब प्रसन्न होते हैं। (६) तुम बाजार से फल लाओगे। (७) उसने मुझे मूर्ख समझा। (८) वह प्रातःकाल घर से बाहर निकला। (९) अर्जुन कर्ण को जीतता है। (१०) वे कहानी सुनती हैं।

अभ्यास—३५
विशेषणों का प्रयोग

नियम १—जो शब्द संज्ञा की विशेषता बतलाता है, उसे विशेषण कहते हैं। जिसकी विशेषता प्रकट की जाती है उसे विशेष्य कहते हैं। जैसे—सुन्दरः शिशुः=सुन्दर लड़का—इसमें सुन्दर विशेषण तथा लड़का विशेष्य है।

नियम २—जो लिंग, वचन तथा कारक विशेष्य में होता है, वही वचन लिंग और कारक उसके विशेषण में भी होता है। जैसे—मनोहरं पुष्पम्=मनोहर फूल।

नियम ३—युष्मद्, अस्मद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस् (वह), किम्, सर्व आदि सर्वनाम शब्दों का प्रयोग भी विशेषण की भाँति होता है। जहाँ ये विशेषण की भाँति प्रयुक्त होते हैं, वहाँ इनके लिंग, वचन, तथा कारक अपने विशेष्य के अनुसार होते हैं। जैसे—अस्य बालकस्य=इस बालक का।

नियम ४—संस्कृत में किम् (क्या) शब्द के आगे 'चित्' जोडने से उसका अर्थ किसी हो सकता है। ऐसे स्थान पर 'किम्' का रूप उसके विशेष्य के अनुसार बनाकर 'चित्' जोड़ दिया जाता है तथा आवश्यकतानुसार वहाँ सन्धि भी करनी पडती है। जैसे—कस्यचित वनस्य=किसी वन का आदि।

नियम ५—तुम जैसा, मुझ जैसा आदि की संस्कृत बनाने के लिए इनके वाचक सर्वनाम शब्द से 'दृश' जोड़ देते हैं। ये शब्द भी अपने विशेष्य के अनुसार ही लिंग, वचन तथा विभक्ति रखते हैं। पुं० में इनके रूप 'राम'

स्त्री० में इनके रूप 'नदी' तथा नपुं० में इनके रूप 'गृह' की तरह चलते हैं। ये निम्न प्रकार बनते हैं। जैसे—

शब्द	पुं०	स्त्री०	नपुं०	अर्थ
युष्मद्	त्वादृशः	त्वादृशी	त्वादृशम्	तुम जैसा
अस्मद्	मादृशः	मादृसी	मादृशम्	मुझ जैसा
भवत्	भवादृशः	भवादृशी	भवादृशम्	आप जैसा
तत्	तादृशः	तादृशी	तादृशम्	वैसा, उस जैसा
एतत्	एतादृशः	एतादृशी	एतादृशम्	ऐसा, इस जैसा
यत्	यादृशः	यादृशी	यादृशम्	जैसा
इदम्	ईदृशः	ईदृशी	ईदृशम्	ऐसा
किम्	कीदृशः	कीदृशी	कीदृशम्	कैसा

नियम ६—संस्कृत में तुलनात्मक विशेषण भी होते हैं। इन्हें बनाने के लिए तरप्, तमप्, ईयस् और इष्ठन् प्रत्ययों का प्रयोग होता है। इनमें दो व्यक्तियों अथवा दो वस्तुओं की तुलना में तरप् और ईयसुन् तथा दो से अधिक में तमप् और इष्ठन् प्रत्यय लगते हैं। जैसे—रामः मोहनात् सुन्दरतरा अस्ति =राम मोहन से अधिक सुन्दर है।

पशुषु सिंहः बलिष्ठः अस्ति=पशुओं में सिंह बलवान होता है।

आदर्श वाक्यः—

(१) एतानि पुस्तकानि मह्यं देहि=इन पुस्तकों को मुझे दो।

(२) त्वादृशः पुरुषः असत्यं न वदति=तुम जैसा पुरुष झूठ नहीं बोलता है।

(३) तस्मिन् भवने कः वसति=उस मकान में कौन रहता है।

(४) रामः सर्वेषु बालकेषु सुन्दरतमः अस्ति=राम सब बालकों में सबसे अधिक सुन्दर है।

(५) अहम् एक सुन्दर पुरुषं पश्यामि=मैं एक सुन्दर पुरुष को देखता हूँ।

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए**—

(१) रामायण श्रेष्ठ पुस्तक है। (२) मेरे बाग के फूल सुन्दर हैं। (३) आगरा बिशाल नगर है। (४) यह नदी छोटी है। (५) मेरे जैसे पुरुष को मत मारो। (६) किसी वन में एक शेर रहता था।

(७) गंगा संसार में सब से पवित्र नदी है। (८) मीरा मन्जू से अधिक चतुर है। (९) कैसा पुरुष माननीय होता है। (१०) ऐसे घर में न रहें।

अभ्यास—३६

(संख्या वाचक विशेषण)

नियम १—संख्या वाचक शब्द (एक, द्वि, त्रि, चतुर, पंचम्) आदि शब्द विशेषण होते हैं। अतः इनके रूप अपने विशेष्य के अनुसार तीनों लिंगों में होते हैं। जैसे—एक छात्रः (एक छात्र) छात्रा एका (एक छात्रा), एकम् फलम् (एक फल) आदि।

नियम २—प्रथमः (पहला) द्वितीयः, (दूसरा), तृतीया (तीसरा) आदि क्रमबोधक संख्या वाचक विशेषण सभी लिंगों और वचनों में अपने विशेष्य के अनुसार प्रयुक्त होते हैं। जैसे—सः एका दश्याम् कक्षायां पठति=वह ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है।

नियम ३—द्विगुणाः (दुगुना), त्रिगुणाः (तिगुना), चतुर्गुणाः (चौगुना) आदि आवृत्तिबोधक संख्या वाचक विशेषण संख्या वाचक शब्दों के आगे 'गुण' शब्द जोड़कर बनाते हैं और इनके रूप भी अपने विशेष्य लिंग, विभक्ति तथा वचन के अनुसार होते हैं। जैसे—द्विगुणाः छात्राः=दुगुने छात्र।

आदर्श वाक्य—

(१) अस्यां कक्षायां विंशतिः छात्राः सन्ति=इस कक्षा में बीस छात्र हैं।
(२) अस्मिन् उद्याने पंच वृक्षाः सन्ति=इस बाग में पाँच पेड़ हैं।
(३) चतुर्थे दिवसे सः अत्रागमिष्यति=चौथे दिन वह यहाँ आयेगा।
(४) तस्मात् द्विगुणाः छात्राः अत्र पठन्ति=उससे दुगुने छात्र यहाँ पढ़ते हैं।
(५) तौ द्वौ अपि भ्रातरौ निर्धनौ स्तः=वे दोनों भाई गरीब हैं।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) इन दोनों पुस्तकों को मुझे दो। (२) राम नवीं कक्षा में पढ़ता है। (३) मेरे स्कूल में उस स्कूल में दुगुने छात्र पढ़ते हैं। (४) तुम्हारे चारों पुत्र शिक्षित हैं। वेद चार होते हैं। (६) राजा दशरथ के तीन रानियाँ थीं। (७) मेरे पास १० रुपये हैं। (८) मैं एक लड़की को देखता हूँ। (९) यशपाल के घर में पाँच पेड़ हैं। (१०) मीरा के पास मुझसे तिगुने रुपये हैं।

अभ्यास—३७

कर्मवाच्य तथा भाव वाच्य

वाच्य तीन होते हैं—(१) कर्तृवाच्य, (२) कर्मवाच्य, (३) भाव वाच्य।

नियम १—कर्म वाच्य में कर्म की ही प्रधानता होती है क्रिया का पुरुष, वचन, तथा लिंग कर्म के पुरुष, वचन तथा लिंग के अनुसार ही होते हैं। कर्म वाच्य में कर्त्ता में तृतीया तथा कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है। कर्म वाच्य सकर्मक धातुओं से ही होता है। जैसे—छात्रैः निवन्धः लिख्यते (कर्तृ०)= छात्र निबन्ध लिखते हैं।

छात्रेण निबन्धः लिख्यते (कर्म०)=छात्रों के द्वारा निबन्ध लिखा जाता है।

विशेष—क्रिया के मूल रूप में 'य' जोड़कर आत्मनेपद बना लिया जाता है। जो धातुऐं आत्मनेपद हैं उनमें भी 'य' जोड़ते हैं। जैसे—सेवते=सेव्यते।

नियम २—अकर्मक धातुओं से भाव की प्रधानता होने पर भाव वाच्य होता है इसमें कर्त्ता में तृतीया होती है तथा क्रिया सदा प्रथम पुरुष एक वचन की होती है। जैसे—कर्तृवाच्य—राम गच्छति—रामेण गम्यते—कर्मवाच्य।

आदर्श वाक्य—

(१) बालकेन त्वं दृश्यसे=लड़कों के द्वारा तुम देखे जाते हो। (कर्मवाच्य)

(२) छात्रेणः आचार्यः सेव्यते=छात्र द्वारा आचार्य की सेवा की जाती है। (कर्मवाच्य)

(३) अस्माभिः स्थीयते=हमारे द्वारा खड़ा हुआ जाता है। (भाववाच्य)

(४) बालकेन स्थीयते=बालक द्वारा रहा जाता है। (भाववाच्य)

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए**—

(१) राम के द्वारा रावण मारा गया। (२) लड़कों द्वारा दूध पिया जाता है। (३) वह नौकर द्वारा फल घर ले जाता है। (४) विद्वान हर जगह पूजा जाता है। (५) रामायण तुलसीदास के द्वारा लिखी गई। (६) राम के द्वारा साँप मारा जाता है। (७) कवि द्वारा कविता की जाती है। (८) राजा के द्वारा प्रजा की रक्षा की जाती है। (९) अध्यापक द्वारा इनाम दिया गया। (१०) मेरे द्वारा उसे पीटा गया।

अभ्यास—३८

समास का प्रयोग

नियम १—अव्ययी भाव समास का प्रयोग सदा क्रिया-विशेषण की भाँति होता है। जैसे—वाक्य १

नियम २—समासों के प्रयोग से वाक्य में सुन्दरता आ जाती है तथा रूपों को चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। जैसे—वाक्य १ में 'सूर्योदयात्' यहाँ सूर्य के उदय से की संस्कृत 'सूर्यस्य उदयात्' भी हो सकती है। लेकिन 'सूर्योदयात्' सूर्यस्य उदयात्' से अच्छी लगती है।

नियम ३—यद्यपि समासों के प्रयोग करने से रूप चलाने की कठिनता से बचा जा सकता है, किन्तु समास होने पर सन्धि अवश्य होती है, अतः समास करने से पहले इस सन्धि का ध्यान अवश्य कर लेना चाहिए। जहाँ 'स्वर' के बाद कोई 'व्यंजन' होता है वहाँ सन्धि की सम्भावना नहीं होती। अतः ऐसे स्थानों पर तो समास करना ही सरल होता है। जैसे वाक्य—३

नियम ४—द्वन्द्व समास में दो के लिए द्विवचन तथा अधिक के लिए बहुवचन होते हैं। अतएव वाक्य २ में माता पित्रोः।

नियम ५—बहुत से द्वन्द्व समास बहुतों में वाचक होने पर भी एकवचन में वे आते हैं। जैसे—पाणिपादम्।

नियम ६—'द्विगु' समास भी एकवचन में ही आता है। जैसे—पंचपात्रम्

आदर्श वाक्य—

(१) सः प्रतिदिन सूर्योदयात् पूर्वमेव जागती=वह प्रतिदिन सूर्य के उदय से पहले ही जग जाता है।

(२) माता पित्रोः (पित्रोः) आज्ञा मात्वां रामः वनम् अगच्छत्=माता और पिता की आज्ञा को मानकर राम वन को गये।

(३) चतुर पुरुषं (चतुरं पुरुषं) सर्वे नमन्ति=चतुर पुरुष को सब नमस्कार करते हैं।

(४) पाणिपादम् नित्यं प्रक्षालयेत्=हाथ पैरों को नित्य धोना चाहिए।

(५) मम गृहं पञ्चपात्रम् अस्ति=मेरे घर में पाँच बर्तन हैं।

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए**—

(१) मेरे घर में प्रतिवर्ष उत्सव होता है। (२) इस विद्यालय में पाँच कमरे हैं। (३) माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। (४) महापुरुषों

की आज्ञा का पालन करना चाहिए। (५) अच्छे विद्यार्थियों को पढ़ना चाहिए। (६) मथुरा में प्रतिवर्ष सावन में मेला होता है। (७) पती-पत्नी अपने पुत्र को देखकर प्रसन्न होते हैं। (८) समुन्द ने शिव को विष दिया। (९) भाई-बहन का प्रेम अमर है। (१०) तुम्हारी कोमलवाणी से मैं प्रसन्न हूँ।

अभ्यास—३९

प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग

जहाँ कार्य स्वयं न करके किसी दूसरे से कराया जाता है वहाँ प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग होता है। जैसे—धात्री शिशु दुग्धं पाययति।

यहाँ दूध पीने का कार्य धात्री स्वयं न करके शिशु से कराती है अतः 'पाययति' क्रिया प्रेरणार्थक है।

नियम १—प्रेरणार्थक क्रियाओं में साधारणतया जो प्रेरणा देता है या कार्य करवाता है उसमें प्रथमा विभक्ति होती है, कार्य करवाने की जिसे प्रेरणा दी जाती है या जिससे कार्य करवाया जाता है उसमें तृतीया विभक्ति होती है।

नियम २—यद्यपि नियम २ के अनुसार जिससे या जिसके द्वारा कार्य करवाया जाता है, उसमें तृतीया होती है, किन्तु निम्न अवस्थाओं में उसमें तृतीया न होकर द्वितीया होती है। जैसे—पिता पुत्रम् विद्यालयं गमयति। अतः यहाँ 'पुत्रम्' तृतीया न होकर द्वितीया ही हुई है।

आदर्श वाक्य—

(१) मात्रा पुत्रं शाययति=माता पुत्र को सुलाती है।

(२) गुरुः शिष्यं हरिं दर्शयति=गुरुजी शिष्य को भगवान को दिखाते हैं।

(३) सः रामं रायायणं श्रावयति=वह राम को रामायण सुनवाता है।

(४) माता पुत्रेण देवं नामयति=माता पुत्र से देवता को नमस्कार करवाती है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) पिता पुत्र का शास्त्र पढ़ाता है। (२) पिता ने पुत्र को कानपुर दिखवाया। (३) राम नौकरों से काम करायें। (४) राम मोहन से भोजन करवाता है। (५) माता पुत्र को सुलाती है। (६) मैं तुम्हें जमीन पर सुलाऊँगा। (७) माँ बेटी से खाना पकवाती है।

(८) अध्यापक छात्र से पुस्तक पढ़वाता है। (९) मैं तुम से लिखवाता हूँ। (१०) मैं पुस्तकें प्रकाशित करवाता हूँ।

अभ्यास—४०

कृदन्त प्रयोग

धातुओं के बाद आने वाले प्रत्यय कृत् प्रत्यय कहे जाते है तथा इनसे बनने वाले संज्ञा या अव्यय शब्द कृदन्त कहलाते हैं।

क्तवतु (क्तवतु) प्रत्यय

क्तवतु प्रत्यय का प्रयोग भूतकाल का अर्थ प्रगट करने के लिए किया जाता है। जब किसी धातु के साथ क्तवतु प्रत्यय का प्रयोग होता है, तब इसमें से केवल 'तवत्' शेष रह जाता है और उसका रूप 'भगवत्' जैसा बनता है। जैसे—भगवान, भगवन्तो, भगवन्तः। इनमें लिंग तथा वचन के अनुसार क्रिया का प्रयोग होता है।

स्त्रीलिंग कर्त्ता शब्द के साथ इस प्रत्यय के बाद 'ई' लग जाती है और 'नदी' शब्द के समान रूप बनते हैं।

आदर्श वाक्य—

(१) रामः सलिलं पीतवान्=राम ने जल पीया।

(२) छात्रा विद्यालयं गतवन्तः=छात्र विद्यालय गये।

(३) सीता रामेण सह वनं गतवती=सीता राम के साथ वन गई।

(४) श्वः रात्रौ अहं शीघ्रम् शयितवान्=कल रात मैं जल्दी सो गया।

(५) अहम् पुस्तकानि क्रीतवान्=मैंने पुस्तक खरीदी।

क्तवतु प्रत्यय के प्रयोग से बने हुऐ कुछ शब्द—

कथ=कथितवान्	गम्=गतवान्	श्रु=श्रुतवान्
अर्च्=अर्चितवान्	पठ्=पतितवान्	प्रच्छ=पृष्टवान्
त्यज्=त्यक्तवान्	दा=दत्तवान्	नी=नीतवान्
हन्=हतवान्	याच्=याचितवान	स्मृ=स्मृतवान्
हस=हसितवान्	पी=पीतवान्	क्षिप=क्षिप्तवान्

(क) **संस्कृत में अनुवाद कीजिए—**

(१) राम ने रावण को मारा। (२) मीरा ने गीत गाया। (३) मैंने अपने मित्र जो पत्र लिखा। (३) क्या छात्रों ने पुस्तकें खरीद ली।

(४) अध्यापक ने शिष्य से प्रश्न पूछा। (५) मीरा और मँजू आज बाजार को गईं। (६) तुमने पुस्तकें क्यों छुईं। (७) मैंने जंगल में दो शेर देखे। (८) क्या सन्तोष ने दूध नहीं पीया। (९) मैंने कल चार आम खाये। (१०) आज सन्तोष ने नौकर पीटा।

अभ्यास—४१

क्त प्रत्यय

क्त प्रत्यय का प्रयोग करके भी भूतकाल का अर्थ प्रकट करने के लिए किया जाता है। जब किसी धातु के साथ क्त प्रत्यय का प्रयोग होता है तब उसमें से 'त' शेष रहता है। जैसे—कृतः, पठितः, पृष्टः। किन्तु क्त प्रत्यय का प्रयोग करके अनुवाद करना कुछ कठिन होता है। इस प्रकार अनुवाद के लिए निम्न बातें आवश्यक हैं—

यह प्रत्यय सकर्मक तथा अकर्मक दोनों प्रकार की धातुओं में प्रयोग होता है। जब सकर्मक धातु के साथ क्त प्रत्यय का प्रयोग होता है तब कर्त्ता तृतीया विभक्ति में तथा कर्म प्रथमा विभक्ति में प्रयोग होता है एवं क्रिया का लिंग तथा वचन कर्म के अनुसार होता है। जैसे रामेणः पुस्तकं पठितम् = राम ने पुस्तक पढ़ी।

अकर्मक धातुओं में जब क्त प्रत्यय का प्रयोग कर्त्ता और भाव में होता है। ऐसी दशा में 'क्तान्त' शब्द कर्त्ता के अनुसार प्रथमा में होता है। जैसे—रामः ग्रामं गतः = राम ग्राम गया।

जब अकर्मक धातु में भाव में क्त प्रत्यय होता है तब क्यान्त शब्द नपुं० के एक वचन में होता है। जैसे—बालकेण तत्र शयितम् = बालक वहाँ सोया।

कुछ क्त प्रत्ययान्त शब्द—

दृश = दृष्टः	हन् = हतः	गम् = गतः
क्री = क्रीतः	शिक्ष् = शिक्षितः	लभ् = लब्धः
गै = गीतः	हस = हसितः	दण्ड् = दण्डितः
दा = दत्तः	लिख = लिखितः	जि = जितः

आदर्श वाक्य—

(१) रामेण इदम् कार्यं कृतम् =

(२) छात्रैः गुरुः सेवितः =

(३) रामेण रावणः हतः =
(४) बालकेन फलानि भुक्तानि =
(५) त्वया पुस्तके लब्धे =

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मैंने बाग में एक साँप देखा। (२) हमने सूर्योदय होने पर प्रस्थान किया। (३) मैं बाजार गया। (४) तुम क्यों हँसे। (५) तुमने पिता को पत्र लिखा। (६) मैंने मोहन को पुस्तक दी। (७) लड़कों ने गेंद फेंकी। (८) तुमने उसे क्यों मारा। (९) राम ने बोलना सीख लिया। (१०) लड़के राम को गाँव ले गये।

अभ्यास—४२

तव्यत्–प्रत्यय

तव्यत् प्रत्यय का प्रयोग 'चाहिऐ' अर्थ में होता है। जब किसी धातु में तव्यत् प्रत्यय का प्रयोग होता है तब उसमें से 'तव्य' शेष रहता है और इसका प्रयोग कर्म के अनुसार होता है। तव्यत् प्रत्यय का प्रयोग होने पर कर्त्ता में तृतीया विभक्ति, कर्म में प्रथमा विभक्ति तथा क्रिया कर्म के अनुसार होती है। अर्थात् कर्म का जो वचन और लिंग होता है वही लिंग और वचन क्रिया का होता है। जैसे—त्वया पुस्तकानि पठित व्यानि = तुम्हें पुस्तकें पढ़नी चाहिए।

तव्यत् के प्रयोग से बने कुछ रूप—

क्षम् = क्षन्तव्य	पठ् = पठितव्य	जि = जेतव्य
दृश् = द्रष्टव्य	हन् = हन्तव्य	दा = दातव्य
श्रु = श्रोतव्य	पत् = पतितव्य	प्रच्छ = प्रष्टव्य
भी = भेतव्य	शी = शयितव्य	त्यजू = त्यक्तव्य

आदर्श वाक्य—

(१) त्वया लज्जितव्यम् = तुम्हें लजाना चाहिए।
(२) मया अवश्यं गन्तव्यम् = मुझे अवश्य जाना चाहिए।
(३) बालकैः परिश्रमः कर्त्तव्यः = लड़कों को परिश्रम करना चाहिए।
(४) तेन इदम् कार्यं कर्त्तव्यम् = उसे यह कार्य करना चाहिए।
(५) कदापि असत्यं न वदितव्यम् = कभी असत्य नहीं बोलना चाहिए।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) तुम्हें पुस्तकें पढ़नी चाहिए। (२) राम को वन में जाना चाहिए। (३) मुझे यह कार्य करना चाहिए। (४) हमें गुरूजी को प्रणाम करना चाहिए। (५) दिन में नहीं सोना चाहिए। (६) यशपाल को गाँव जाना चाहिए। (७) दुष्ट बालक को दण्ड देना चाहिए। (८) तुम्हें स्वच्छ जल पीना चाहिए। (९) सज्जन पुरुषों के साथ रहना चाहिए। (१०) सदैव मेहनत करनी चाहिए।

अभ्यास—४३

अनीयर प्रत्यय—

अनीयर प्रत्यय का प्रयोग 'तस्यत्' प्रत्यय के समान चाहिए अर्थ में होता है। इसका प्रयोग होने पर 'अनीय' शेष रहता है और पठनीयः, ग्रहणीय आदि रूप बनते हैं। इस प्रत्यय का प्रयोग होने पर कर्त्ता में तृतीया विभक्ति कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है तथा क्रिया का लिंग, वचन, कर्म के अनुसार होता है तव्यत् और अनीयर प्रत्यय का प्रयोग कर्म वाच्य तथा भाव वाच्य में होता है। जैसे—त्वया ईश्वरः वन्दनीयः = तुम्हें ईश्वर की वन्दना करनी चाहिए।

अनीयर प्रत्यय के प्रयोग से बने हुए रूप—

दा = दानीय	सह = सहनीयः	श्रु = श्रवणीयः
त्यज् = त्यजनीयः	कृ = करणीयः	बु = वचनीयः
दृश् = दर्शनीयः	हृ = हरनीयः	पा = पानीयः

आदर्श वाक्य—

(१) त्वया कार्यं करणीयम् = तुम्हें काम करना चाहिए।

(२) बालकैः अत्र न स्थानीयम् = बालकों को यहाँ नहीं बैठना चाहिए।

(३) त्वया प्रतिदिनं पाठः स्मरणीयः = तुम्हें प्रतिदिन पाठ याद करना चाहिए।

(४) गोः मधुरं दुग्धं पानीयम् = गाय का मीठा दूध पीना चाहिए।

(५) बलवताः दुर्बलः रक्षणीयः = बलवान को दुर्बल की रक्षा करनी चाहिए।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) छात्रों को पुस्तक पढ़नी चाहिए। (२) पशुओं की रक्षा करनी चाहिए। (३) हमें ताजी फल खाने चाहिए। (४) सदैव सत्य बोलना चाहिए।

(५) माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। (६) सब को प्रातः उठना चाहिए। (७) प्रतिदिन रामायण पढ़नी चाहिए। (८) हमें सुबह स्नान करना चाहिए। (९) कष्टों को सहन करना चाहिए। (१०) रात को जल्दी सो जाना चाहिए।

अभ्यास—४४

शतृ प्रत्यय

हिन्दी वाक्यों में "जाता हुआ" "खाता हुआ" आदि वर्तमान काल के वृदन्त शब्दों का संस्कृत में अनुवाद करने के लिए शतृ प्रत्यय का प्रयोग होता है। शतृ में से 'अत्' शेष रह जाता है और उसका रूप गच्छन्, गच्छन्तौ, गच्छन्तः के समान बनता है। स्त्री० रूप बनाने के लिए बहुवचनान्त रूप में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग करके 'गच्छन्ती' रूप बनता है। जैसे—बालकः पठन् खादति = बालक पढ़ता हुआ खाता है।

रहा, रहे, रही, अर्थ को प्रकट करने के लिए भी शतृ प्रत्यय का प्रयोग होता है और इसका रूप भी पहले के समान पठन्, पठन्ती, पठन्तः आदि रूप बनता है। स्त्री० में इस अर्थ को प्रकट करने के लिए बहु० शब्द में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग 'नदी' शब्द के समान रूप बनते हैं। इस अर्थ में शतृ प्रत्ययान्त शब्द के अन्त में 'अस' धातु का प्रयोग होता है। जैसे—रामः विद्यालयं गच्छन् अस्ति = **राम विद्यालय जा रहा है।**

शतृ प्रत्यान्त शब्द—

धातु०	पु०	स्त्री०	नपु०
दा (देना)	ददन्	ददती	ददत्
इष् (इच्छा करना)	इच्छन्	इच्छन्ती	इच्छत्
चिन्त (सोचना)	चिन्तयन्	चिन्तयन्ती	चिन्तयत्
पश्य (देखना)	पश्यन्	पश्यन्ती	पश्यत्
रच् (बनाना)	रचयन्	रचयन्ती	रचयत्
स्था (ठहरना)	तिष्ठन्	तिष्ठन्ती	तिष्ठत्

आदर्श वाक्य—

(१) बालकाः गच्छन्तः खादन्ति = बालक जाते हुऐ खाते हैं।
(२) गच्छन्त बालकः पश्य = जाते हुऐ बालक को देखो।
(३) अहं रुदन्त बालकं अपश्यम् = मैंने रोते हुए बालक को देखा।

(४) सा ग्रामं गच्छन् आसीत् = वह ग्राम जा रही थी ।
(५) श्वः सीता लेखं लिखन् भविष्यति = कल सीता पत्र लिख रही होगी ।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिये--

(१) जल पीते हुए बालक को देखो । (२) गाँव जाता हुआ बालक रोता है । (३) मेरी माता जी भोजन बना रही थी । (४) क्या तुम पत्र लिख रहे हो । (५) वृक्ष से पत्ते गिर रहे हैं । (६) पेड़ से फल गिर रहे हैं । (७) लड़के पाठ याद कर रहे होंगे । (८) नाचते हुऐ मोर को देखो । (९) हम गाना गाते हुऐ चलते हैं । (१०) मैं रुकता हुआ आया ।

अभ्यास—४५

शानच् प्रत्यय

शानच् प्रत्यय का प्रयोग आत्मने पदी धातुओं में 'देखती हुई', 'पढ़ती हुई' अर्थ को बताने के लिए होता है । उस प्रत्यय में से " 'आन' 'मान' शेष रहता है तथा उसका प्रयोग होने पर 'आ' प्रत्यय भी लगता है जिसका रूप 'सेवमाना, कम्पमाना' होता है । शतृ और शानच् प्रत्यय के प्रयोग से बने हुऐ वे शब्द जिनका अर्थ' 'सेवा करता हुआ' आदि होता है सदा कर्त्ता के विशेषण के रूप में प्रयोग होता है । जैसा—कम्पमानः रामः अत्र आगच्छत् = कँपता हुआ राम यहाँ आया ।

शानच् प्रत्यय से बने रूप—

हृ=हरमाणः	शी=शयानः	दा=ददानः
नी=नयमानः	वन्द=बन्दमाणः	चेष्ट=चेष्टमाणः
कृ=कुर्वाणः	लभ्=लभमानः	दय=दयमाणः
ज्ञा=जानानः	सह=सहमाणः	मन्=मन्यमाणः

आदर्श वाक्य--

(१) मोदमानः बालकः गृहं गतः—
(२) गुरुम् सेवमानः अहं प्रसन्नः अस्ति—
(३) मम माता भोजनं पचमाना आसीत्—
(४) शयानः मोहनः गृहे अस्ति—
(५) पुत्रं ईक्षमानः पिता प्रसन्न भवति—

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मैं मन्दिर में बैठा हुआ था। (२) उसने जाते हुए बालक को पीटा। (३) सोता हुआ बालक डर गया। (४) हँसती हुई मीरा ने कहा। (५) सोते हुए बालक को मत जगाओ। (६) सन्तोष हँसता हुआ यहाँ आया। (७) प्रसन्न होती हुई सीता वन को गई। (८) दया करते हुऐ पुरुष को देखो। (९) मैंने सोते हुऐ पत्र लिखा। (१०) वह लड़ता हुआ गिर गया।

अभ्यास—४६

तुमुन् प्रयय

तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग 'को' के लिए अर्थ को प्रकट करने के लिए किया जाता है। इस प्रत्यय का प्रयोग होने पर 'तुम' शेष रहता है तथा यह अव्यय शब्द बन जाता है, इसी लिऐ उसके रूप में परिवर्तन नहीं होता है। जैसे—कर्तुम्, पठितुम् स्नातुम् आदि। जैसे—अहं विद्यालयं पठितुम् गच्छामि—मैं पढ़ने के लिए विद्यालय जाता हूँ।

विशेष—तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग निम्न दशाओं में भी होता है:—

(१) इच्छार्थक क्रिया के योग में। जैसे—अहं धनं प्राप्तं निच्छामि —मैं धन प्राप्त के लिए निकला हूँ।

(२) समय शब्द के योग में। जैसे—समयोऽयं विद्यालयं गन्तुम्—

(३) शक्र (सकना) ज्ञा (जानना) क्रम धातु के योग में। जैसे– बालकः चलितु शक्नोति — बालक चल सकता है।

तुमुन् प्रत्यय से बने रूप—

त्यज	त्यक्तुम्	प्रच्छ्	प्रष्टुम्	स्था	स्थतुम्
लभ्	लब्धम	मुज्	मोक्तुम्	कथ्	कथयितुम्
जि	जेतुम्	स्मृ	स्मर्तुम्	ग्रह	ग्रहीतुम्
रुद्	रोदितुम्	पा	पातुम्	श्रु	श्रोतुम्

आदर्श वाक्य

(१) छात्राः नदीं स्नातुं अगच्छन् — बालक नहाने के लिए नदी पर गये।

(२) बालकः शावितुं इच्छति — बालक सोना चाहता है।

(३) सः गृहं गन्तुम् इच्छति — वह घर जाना चाहता है।

(४) राजा दानं दातुं समर्थः अस्ति— राजा दान देने में समर्थ है।

(५) रामः रावणं हन्तु शम्तोति — राम रावण को मार सकता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) मैं आज वृन्दावन जाना चाहता हूँ। (२) तुम पुस्तक पढ़ सकते हो। (३) राम कक्षा सुनने के लिए जायेगा। (४) लड़के भोजन के लिए गये। (५) यह पढ़ने का समय है। (६) खेलने के लिए वहाँ जाओ। (७) राम यह काम कर सकता है। (८) वे अब खेलना चाहते हैं। (९) मैं आज स्कूल जाना चाहता हूँ। (१०) क्या तुम वहाँ जाने में असमर्थ हो।

अभ्यास—४७

क्त्वा—प्रत्यय (धातु + ई (९८)

'पढ़कर' 'जाकर' 'लिखकर' आदि पूर्वकालिक कृदन्त शब्दों का अनुवाद संस्कृत में 'क्त्वा' प्रत्यय का प्रयोग करके किया जाता है। जब किसी धातु में इसका प्रयोग होता है तब इसमें से 'त्वा' शेष रह जाता है। जैसे—पठित्वा (पढ़कर), लिखित्वा (लिखकर), कृत्वा (करके) आदि यह शब्द अव्यय होता है इसलिए प्रत्येक दशा में वह एक समान ही रहता है। पुरुष तथा वचन के अनुसार इसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है। जैसे—अहं भोजनं कृत्वा विद्यालयं गच्छामि = मैं भोजन करके विद्यालय जाता हूँ।

क्त्वा प्रत्यय से बने रूप—

कृ	= कृत्वा	नी	= नीत्वा	दा	= दत्वा
याँच	= याचित्वा	पच	= पक्त्वा	दृश	= दृष्ट्वा
नम्	= नत्वा	स्मृ	= स्मृत्वा	स्था	= स्थित्वा
शी	= शयित्वा	प्रच्छ	= पृष्ट्वा	घ्रा	= घ्रात्वा

आदर्श वाक्य—

(१) सः गृहं गत्वा पठति = वह घर जाकर पढ़ता है।
(२) बालकः दुग्धं पीत्वा शेते = लड़का दूध पीकर सोता है।
(३) अयं छात्रः पठित्वा गृहं गच्छति = यह छात्र पढ़कर घर जाता है।
(४) छात्राः पाठं स्मृत्वा आगच्छन् = छात्र पाठ याद करके गये।
(५) त्वं पुस्तकं गृहीत्वा पठ = तुम पुस्तक गृहण करके पढ़ो।

(क) संस्कृत मे अनुवाद कीजिए—

(१) मैं कथा सुन कर आऊँगा। (२) तुम पत्र लिखकर जाओगे। (३) छात्र पुस्तक लेकर विद्यालय गये। (४) सन्तोष पत्र पढ़कर प्रसन्न होता है।

(५) गेंद लेकर मैदान में जाओ। (६) बच्चा सोकर उठा। (७) मैं गाँव में रहकर आऊँगा। (८) राम पढ़कर विद्वान हुआ। (९) वह उठकर पढ़ने जायेगा। (१०) तुम छुट्टी में घर जाओ।

अभ्यास—४८

ल्यप् प्रत्यय

'आकर' 'लेकर' आदि कृदन्त प्रत्यान्त शब्दों का संस्कृत में अनुवाद करने के लिए कहीं पर क्त्वा के स्थान पर ल्यप् प्रत्यय का प्रयोग होता है। इसमें से 'य्' शेष रहता है किन्तु यदि 'य' ह्रस्व स्वर के बाद आता है तो इसके पूर्व 'त' लग जाता है। जैसे—आदाय (लेकर), आगत्य (आकर)

विशेष—क्त्वा के स्थान में 'ल्यप् प्रत्यय का प्रयोग उसी दशा में होता है जब धातु से पूर्व उपसर्ग का प्रयोग होता हो।

ल्यप् प्रत्यय के योग से बने कुछ रूप—

अनुभूय = अनुभव करके निर्जित्य = जीतकर अधीत्य = पढ़कर
उपलभ्य = प्राप्त करके संचिन्त्य = सोचकर अधिशय्य = सोकर
उत्थाय = उठकर प्रविश्य = प्रवेश करके समाघ्राय = सूँघकर
निपत्य = गिरकर उत्थाय = उठकर संस्थाप्य = स्थापित करके

आदर्श वाक्य—

(१) बालकाः पुस्तकं आदाय आगताः = बालक पुस्तक लेकर आये।
(२) त्वां परित्यज्य ते कुत्र गच्छन्ति ? = तुम्हें छोड़कर वे कहाँ जाते हैं।
(३) दुखं अनुभूय सुखं प्राप्स्यसि = दुःख का अनुभव करके सुख प्राप्त करोगे।
(४) व्यापारिणः वस्त्राणि विक्रीय गच्छन्ति = व्यापारी वस्त्र बेचकर जाते हैं।
(५) वृक्षं आरुह्य सः फलानि त्रोटयति = वृक्ष पर चढ़कर वह फल तोड़ता है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) संस्कृत पढ़कर बाजार जाओ। (२) गुरू को पूछकर घर गया। (३) वे पत्र लिखकर घर गये। (४) वे दोनों धन पाकर प्रसन्न हुए। (५) लड़के हँसकर बोले। (६) बालक सोकर उठा। (७) नदी में घुसकर नहाओ। (८) घोड़े पर चढ़कर मैं नगर जाऊँगा। (९) तुम्हें जल लाकर भोजन करना चाहिए। (१०) काम करके वह सो गया।

अभ्यास—४९

कुछ व्यापारिक ज्ञातव्य नियम

नियम १—प्रायः संस्कृत की प्रत्येक क्रिया के अर्थ को उस क्रिया से सम्बन्धित संज्ञा को कर्मकारक में रखकर उसके आगे 'कृ' करोति आदि धातु का आवश्यक रूप लगाकर प्रकट किया जा सकता है। जैसे—सः पठति = सः पठनं करोति। रामः रावणं व्यापादयत् = रामः रावणस्य वधम् अकरोत्।

नियम २—ऊपर कहे गये दूसरे प्रकार से अनुवाद करते समय मुख्य क्रिया का जो कर्म होता है, क्रिया को दो टुकड़ों में विभाजित करने से पहले जो कर्म होता है, जिसमें "को" चिह्न जुड़ा रहता है, उसमें षष्ठी विभक्ति हो जाती है। जैसे—पुस्तकं पठति = पुस्तकस्य पठनं करोति। इसकी दूसरी संस्कृत बनाते समय "पुस्तक" की द्वितीया की जगह 'पुस्तकस्य' षष्ठी हो गयी है।

नियम ३—आजकल रेल, मोटर, आदि सवारियाँ, आगरा, मथुरा आदि शहर, नेहरू, गाँधी, आदि पुरुष, ताजमहल आदि इमारत इत्यादि अनेक शब्द प्रचलित हैं, इसके संस्कृत में किस प्रकार रूप चलाये जायँ, इस विषय में काफी मतभेद है। अतः इनका अनुवाद करते समय सवारियों के आगे "यान" शहरों के आगे 'नगर' पुरुषों के आगे 'महोदय' इमारतों के आगे 'भवन' आदि जोड़कर उन शब्दों को संस्कृत मय बना लेना चाहिए।

नियम ४—देश का नाम केवल बहुवचन में ही आता है।

आदर्श वाक्य—

(१) आगरा नगरे "ताजमहल" नामक भवनम् अस्ति = आगरा में ताजमहल है।

(२) गाँधी जी महोदयस्य कथनम् सत्यम् अस्ति = गाँधी जी का कथन सत्य है।

(३) अहं मोटर यानेन मथुरां गमिष्यामि = मैं मोटर से मथुरा जाऊँगा।

(४) काश्मीरे श्रीनगरं प्रसिद्धम् अस्ति = काश्मीर में श्रीनगर प्रसिद्ध है।

(५) गोविन्दः मम मित्रम् अस्ति = गोविन्द मेरा मित्र है।

(क) संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) तुम सब आज पत्र लिखोगे। (२) वे मोटर से वृन्दावन गये।

(३) हम लोग आज सहारनपुर गमन करेंगे। (४) मथुरा में छपाई का काम अच्छा होता है। (५) तुम आज देहली जाओ। (६) लालबहादुर शास्त्री का स्वर्गवास इसी वर्ष हुआ। (७) भारत में दिल्ली प्रसिद्ध नगर है। (८) राम ने वाण से बालि का बध किया।

कारकों के नियम एक दृष्टि में

१—प्रथमा

(१) रामः पठति—पढ़ता है (कर्तृवाच्य)

(२) रामेण पठ्यते—राम के द्वारा पढ़ा जाता है (कर्मवाच्य)

(३) हेराम ! माँ रक्ष हे राम ! मेरी रक्षा करो—सम्बोधन में

(४) राम इति नाम चकार—राम ऐसा नाम रखा—अव्यय के साथ

(५) नलो नाम राजा आसीत्—नल नाम के राजा थे—नाम मात्र में

(६) सः मम कृपापात्रमस्ति—वह मेरा कृपा पात्र है—पात्र, आस्पद आदि के योग में।

२—द्वितीया

(१) ईश्वरः लोकान् पालयति—ईश्वर लोगों को पालता है।

(२) विद्यां विना ज्ञानं न भवति—विद्या के बिना ज्ञान नहीं होता। ऋते, अन्तरा, विना, अन्तरेण आदि के योग में।

(३) मम ग्राममभितः वनमस्ति—मेरे गाँव के चारों ओर वन हैं। अभितः परितः, उभयतः, उपरि-उपरि, समया, निकषा आदि के योग में।

(४) अनु—शिष्यः आचार्यमनुगच्छति—शिष्य गुरु के पीछे चलता है।

धिक्—पापिनं त्वां धिक्—पापी तुम्हें धिक्कार है।

प्रति—दीनं प्रति दया कुरु—दीनों पर दया करो।

(५) अधि+शी—भृत्यः शिलामधिशेते—सेवक शिला पर सोता है।

अधि+स्था—कृष्णः गृहमधितिष्ठति—कृष्ण घर में स्थित है।

अधि+आस्—राजा सिंहासनमध्यास्ते—राजा सिंहासन पर बैठते हैं।

(६) अनु+वस्—शिवः कैलाशमनुवसति—शिव कैलाश पर रहते हैं ।
अधि+वस्—शिवः काशीमधिवसतु—शिव काशी में रहे ।
आ+वस्—छात्रः विद्यालयमावसति—छात्र विद्यालय में घुसते हैं ।

३—तृतीया

(१) सः हस्तेन लिखति—वह हाथ से लिखता है । (करण)

(२) छात्रेण पुस्तकं पठयते—छात्र के द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है ।

(कर्मवाच्य)

(३) रामेणसह सीता अगच्छत—राम के साथ सीता गईं । सह, समम् आदि के योग में ।

(४) भरतेन समोऽनुजः– भरत के समान भाई । सदृश अर्थ में ।

(५) विद्या धर्मेण शोभते—विद्या धर्म से सुशोभित होती है। हेतु अर्थ में

(६) धनेन हीन जनः—धन से हीन मनुष्य । हीन अर्थ में ।

(७) सः प्रकृत्या साधुः—वह प्रकृति से साधु है । स्वभाव अर्थ में ।

(८) अलं महीपाल तव श्रमेण—हे राजन् परिश्रम मत करो । अलम् अर्थ में ।

(९) अक्षणा काणः—आँख से अन्धा । अंग विकार अर्थ में ।

(१०) प्रयोजन, फल प्राप्ति, लक्षण बोध आदि में तृतीया ।

४–चतुर्थी

(१) सः विप्रायः धनं ददाति—वह ब्राह्मण को धन देता है । सम्प्रदान अर्थ में ।

(२) विद्या ज्ञानाय भवति—विद्या ज्ञान के लिए होती है । निमित्त अर्थ ।

(३) कृष्णाय मोदकं रोचते—कृष्ण को लड्डू अच्छे लगते हैं । रुचि अर्थ

(४) श्रीगणेशाय नमः—गणेशजी को नमस्कार है । नमः स्वस्ति स्वाहा, स्वधा आदि के योग में ।

(५) पठनाय (पठितुं) गच्छति—पढ़ने के लिए जाता है । तुमुन् अर्थ में

(६) रामाय क्रुध्यति द्रुह्यति वा—राम से क्रुद्ध होता है । क्रुध, द्रुह्, ईर्ष्या असूया आदि में ।

५—पंचमी

(१) सा गृहत् गच्छति—वह घर से जाती है—अलग होने के अर्थ में।

(२) चौराद्बिभेति = चोर से डरता है। भय अर्थ में।

(३) स्नानात् पूर्वम् = नहाने से पहले। पूर्व आदि के योग में।

(४) ऋते, बिना, अन्य, आरात्, प्रभृति, काल, मार्ग, विराम आदि में पंचमी।

६—षष्टी

(१) दशरथस्य पुत्रः = दशरथ के पुत्र। सम्बन्ध अर्थ में।

(२) शिशोः शयनम्, धनस्यदानम् = बालक का सोना, धन का दान। कृदन्त कर्ता और कर्म में।

(३) अध्ययनस्य हेतोः—पढ़ने के हेतु। हेतु शब्द के प्रयोग में।

(४) कवीनां कालिदासः श्रेष्ठः = कवियों में कालिदास श्रेष्ठ हैं। निर्धारण में।

(५) अनादर अर्थ में षष्ठी।

७—सप्तमी

(१) विद्यालये पठामि = स्कूल में पढ़ाता हूँ। अधिकरण में।

(२) रामे गते नृपः प्राणांस्तत्याज = राम के जाने पर राजा ने प्राण छोड़ा। भाव अर्थ में।

(३) रुदति शिशौ माता गता = शिशु के रोते रहने पर माँ चली गई। स्नेह अनादर आदि अर्थ में।

(४) जीवेसु मानवः श्रेष्ठ = प्राणियों में मनुष्य श्रेष्ठ है। निर्धारण में।

(५) ग्रामस्य दूरे वसति = गाँव से दूर रहता है। दूर, अन्तिक आदि अर्थ में।

(५) गंगा हिमालयात प्रभवति = गगा हिमालय से निकलती है।

(६) पापान्निवारयति = पाप से दूर करता है। निवारण अर्थ मे।

(७) उपाध्यायात अधीते = गुरु से अध्ययन करता है। नियमित अध्ययन में।

(८) जननी स्वर्गादपि गरीयसी = माता स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। उत्कर्ष प्रकट करने में।

मुख्य क्रियाओं के

धातु	अर्थ	लट् (वर्तमान)	लृट् (भविष्यत्)	लङ् (भूतकाल)
भू	होना	भवति	भविष्यति	अभवन्
पठ	पढ़ना	पठति	पठिष्यति	अपठत्
गम्	जाना	गच्छति	गमिष्यति	अगच्छत्
पृच्छ	पूछना	पृच्छति	प्रक्ष्यति	अपृच्छत्
पा	पीना	पिबति	पास्यति	अपिबत्
अनु + भू	अनुभव करना	अनुभवति	अनुभविष्यति	अन्वभवत
खाद्	खाना	खादति	खादिष्यति	अखादत
धाव	दौड़ना	धवति	धाविष्यति	अधावत्
पत्	गिरना	पतति	पतिष्यति	अपतत्
नृत्	नाचना	नृत्यति	नर्तिष्यति	अनृत्यत्
हस्	हँसना	हसति	हसिष्यति	अहसत्
दृश्	देखना	पश्यति	द्रक्ष्यति	अपश्यत
क्रीड	खेलना	क्रीडति	क्रीडिष्यति	अक्रीडत्
गै	गाना	गायति	गास्यति	अगायत्
उप + दिश्	उपदेश देना	उपदिशति	उपदेक्ष्यति	उपादिशत
आ + दिश्	आज्ञा देना	आदिशति	आदेक्ष्यति	आदिशत
प्र + विश्	घुसना	प्रविशति	प्रवेक्ष्यति	प्राविशत
उप + विश्	बैठना	उपविशति	उपवेक्ष्यति	उपाविशत्
वद्	बोलना	वदति	वदिष्यति	अवदत्
चल्	चलना	चलति	चलिष्यति	अचलत्

संक्षिप्त रूप

लोट्	लिङ्	शतृ	क्त्वा	तुमुन्
भवतु	भवेत्	भवन्	भूत्वा	भवितुम्
पठतु	पठेत्	पठन्	पठित्वा	पठितुम्
गच्छतु	गच्छेत्	गच्छन्	गत्वा	प्रष्टुम्
पृच्छतु	पृच्छेत्	पृच्छन्	पृष्ट्वा	प्रष्टुम्
पिवतु	पिवेत्	पिवन्	पीत्वा	पातुम्
अनुभवतु	अनुभवेत्	अनुभवत्	अनुभूय	अनुभवितुम्
खादतु	खादेत्	खादन्	खानित्वा	खादितुम्
धावतु	धावेत्	धावन्	धावित्वा	धावितुम्
पततु	पतेत्	पतन्	पतित्वा	पतितुम्
नृत्यतु	नृत्येत्	नृत्यन्	नर्तित्वा	नर्तितुम्
हसतु	हसेत्	हसत्	हसित्वा	हसितुम्
पश्यतु	पश्येत्	पश्यन्	दृष्ट्वा	द्रष्टुम्
क्रीडतु	क्रीडेत्	क्रीडन्	क्रीडित्वा	क्रीडितुम्
गायतु	गायेत्	गायन्	गात्वा	गासुम्
उपदिशतु	उपदिशेत	उपदिशन्	उपदिश्य	उपदेष्टुम्
आदिशतु	आदिशेत	आदिशन	आदिश्य	आदेष्टुम्
प्रविशतु	प्रविशेत्	प्रविशन्	प्रविश्य	प्रवेष्टुम्
उपविशतु	उपविशेत	उपविशन्	उपविश्य	उपवेष्टुम्
वदतु	वदेत	वदन्	वदित्वा	वदितुम्
चलतु	चले	चलन्	चलित्वा	चलितुम्

धातु	अर्थ	लट्	लृट्	लङ्
स्मृ	याद करना	स्मरति	स्मरिष्यसि	अस्मत्
भज्	भजन करना	भजति	भजिष्यति	अभजत्
नम्	प्रणाम करना	नमति	नंस्यति	अनमत
वि+सद्	दुःखी होना	विषीदति	विषेत्ययि	व्यषीदत्
दह्	जलना	दहति	धक्ष्यति	अदहत्
वस्	रहना	वसति	वत्स्यति	अवसत
चुर्	चुराना	चोरयति	चोरयिष्यति	अचोरयत्
वर्ष	बरसना	वर्षति	वर्षिष्यति	अवर्षत
दा	देना	ददाति	दास्यति	अदात
घ्रा	सूँघना	जिघ्रति	घ्रास्यति	अजिघ्रत्
स्था	ठहरना	तिष्ठति	स्थास्यति	अतिष्ठत्
उत्+स्था	उठना	उत्तिष्ठति	उत्थास्यति	उदतिष्ठत
प्र+क्षाल्	धोना	प्रक्षालयति	प्रक्षालयिष्यति	प्राक्षालयत्
नश्	नाश होना	नश्यति	नशिष्यति	अनश्यत्
रक्ष	रक्षा करना	रक्षति	रक्ष्यति	अरक्षत
रच्	बनाना	रचयति	रचयिष्यति	अरचयत्
स्पृश्	छूना	स्पृशति	स्प्रक्ष्यति	अस्पृशत्
ताड्	पीटना	ताडयति	ताडयिष्यति	अताडयत्
नी	ले जाना	नयति	नेष्यति	अनयत्
आ+नी	ले आना	आनयति	आनेष्यति	आनयत्
लिख्	लिखना	लिखति	लेखिष्यति	अलिखत्

लोट	लिङ	शतृ	क्त्वा	तुमुन्
स्मरतु	स्मरेत्	स्मरन्	स्मृत्वा	स्मर्तुम्
भजतु	भजेत्	भजन्	भक्त्वा	भक्तुम्
नमतु	नमेत्	नमन्	नत्वा	नन्तुम्
विषीदतु	विषीदेत्	विषीदन्	विषीदीय	विषीदितुम्
दहतु	दहेत	दहन्	दग्ध्वा	दग्धुतुम्
वसतु	वसेत्	वसन्	उषित्वा	वसितुम्
चोरयतु	चोरयेत्	चोरयेन्	चोरयित्वा	चोरयितुम्
वर्षतु	वर्षेत्	वर्षन्	वर्षित्वा	वर्षितुम्
ददातु	दद्यात्	ददन्	दत्वा	दातुम्
जिघ्रतु	जिघ्रत	जिघ्रन	घ्रात्वा	घ्रातुम्
तिष्ठतु	विष्टेत्	तिष्ठन	स्थित्वा	स्थातुम्
उत्तिष्ठतु	उत्तिष्ठेत्	उत्तिष्ठन्	उत्थाय	उत्थातुम्
प्रक्षालयतु	प्रक्षालेयेन्	प्रक्षालयन्	प्रक्षाल्य	प्रक्षालयितुम्
नश्यतु	नश्येत	नश्यन्	नष्ट्वा	नष्टुम्
रक्षतु	रक्षेत्	रक्षन्	रक्षित्वा	रक्षितुम्
रचयतु	रचयेत्	रचयन्	रचयित्वा	रचयितुम्
स्पृशतु	स्पृशेत्	स्पृशन्	स्पृष्ट्वा	स्प्रम्ष्टुम्
ताडयतु	तडयेत्	ताडयन्	ताडयित्वा	ताडयितुम्
नयतु	नयेत्	नयन्	नीत्वा	नतुम्
आनयतु	आनयये	आनयन्	आनीय	आनेतुम्
लिखितु	लिखेत्	लिखन्	लिखित्वा	लेखितुम्

धातु	अर्थ	लट्	लृट्	लङ्
हन्	मारना	हन्ति	हनिष्यति	अहन्
निर्+गम्	निकालना	निर्गच्छति	निर्गमिष्यति	निरगच्छत्
आ+गम्	आना	आगच्छति	आगमिष्यति	आगच्छत्
अव+गम्	जानना	अवगच्छति	अवगमिष्यति	अवागच्छत्
प्रति+आ+गम्	लौटना	प्रत्यागच्छति	प्रत्यागमिष्यति	प्रत्यागच्छत्
प्र+हर्	प्रहार करना	प्रहरति	प्रहरिष्यति	प्राहरत्
वि+हर्	विहार करना	विहरति	विहरिष्यति	व्यहरत्
तृ	तैरना	तरति	तरिष्यति	अतरत्
इष्	इच्छा करना	इच्छति	एषिष्यति	ऐच्छत्
कृ	करना	करोति	करिष्यति	अकरोत्
क्री	खरीदना	क्रीणाति	क्रेष्यति	अक्रीणात्
वि+क्री	बेचना	विक्रीणाति	विक्रेष्यति	व्यक्रीणात्
त्यज्	छोड़ना	त्यजति	त्यक्ष्यति	अत्यजत्
श्रु	सुनना	श्रणोति	श्रोष्यति	अश्रृणोत्
ज्ञा	जानना	जानाति	ज्ञास्यति	अजानात्
क्रुध	क्रोध करना	क्रुध्यति	कोपिष्यति	अक्रुध्यत्
वाञ्छ	चाहना	वाञ्छति	वाञ्छिष्यति	अवाञ्छत
अस्	होना	अस्ति	भविष्यति	आसीत्

———

लोट्	लिङ्	शतृ	क्त्वा	तुमुन्
हन्तु	हन्यात्	हनन्	हत्वा	हन्तुम्
निर्गच्छतु	निर्गच्छेत्	निर्गच्छन्	निर्गत्य	निर्गन्तुस्
आगच्छतु	आगच्छेत्	आगच्छन्	आगत्य	आगन्तुम्
अवगच्छतु	अवगच्छेत्	अवगच्छन्	अवगत्य	अवगन्तुम्
प्रत्यागच्छतु	प्रत्यागच्छेत्	प्रत्यागच्छेन्	प्रत्यागत्य	प्रत्यागन्तुम्
प्रहरतु	प्रहरेत्	प्रहरन	प्रहार्य	प्रहर्तुम्
विहरतु	विहरेत्	विहरन्	विहार्य	विहर्तुम्
तरतु	तरेत्	तरन्	तीर्त्वा	तीर्तुम्
इच्छतु	इच्छेत्	इच्छन्	इष्ट्वा	इष्टुम्
करोतु	कुर्यात	कुर्वन्	कृत्वा	कर्तुम्
क्रीणातु	क्रीणीयात्	क्रीणान्	क्रीत्वा	क्रेतुम्
विक्रीणात्	विक्रीणीयात्	विक्रीणन	विक्रीय	विक्रेतुम्
त्यजतु	त्यजेत्	त्यजन	त्कत्वा	त्यक्तुम्
शृणोतु	शृणुयात्	शृण्वन्	श्रुत्वा	श्रोतुम्
जानातु	जानीयात्	जानन्	ज्ञात्वा	ज्ञातुम्
कुप्यतु	कुप्येत्	कुप्यन	कुपित्वा	कोपितुम्
वाञ्छतु	वाञ्छेत्	वाञ्छन	वाञ्छित्वा	वाञ्छितम्
अस्तु	स्यात्	भवन्	भूत्वा	भवितुम

———

उत्तर प्रदेश हाई स्कूल परीक्षा प्रश्न प्रश्न

(११)

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) सूर्यवंशी राजा भागीरथ के पूर्वज कपिल मुनि के शाप से भस्म हो गये थे। इनको तारने के लिए उन्होंने घोर तप किया और तब स्वर्ग से उतर कर गंगा जी पृथ्वी पर आयीं।

पहले पहल गंगाजी महादेव जी की जटाओं पर गिरी थीं, इसीलिए यह कहा जाता है कि गंगाजी शिव जी की जटाओं से निकली हैं।

(३) गंगाजी के विषय में हिन्दू धर्म ग्रन्थों में अनेक कथायें प्रचलित हैं। गंगाजी की उत्पत्ति की भी बड़ी मनोहर और विचित्र कथा है।

(४) यह बात निर्विवाद है कि गंगाजी का जल और नदियों के जल की अपेक्षा अधिक निर्मल एवं पवित्र है, लोगों का यह अनुभव है कि गंगाजी का जल बहुत आरोग्यवर्द्धक है। (१९४०)

सहायक शब्द—उतर कर=अवतीर्य। पहले पहल=सर्वप्रथमम्। अन्यासाम्=और

(१२)

(१) युद्ध के आरम्भ में जब अर्जुन ने देखा कि राज्य के लिए मुझे अपने सम्बन्धियों को मारना पड़ेगा, तब उनको बड़ी ग्लानि हुई। उस समय श्रीकृष्ण ने यह उपदेश देकर शत्रुओं को मारने और अपने क्षत्रिय धर्म का प्रतिपादन करने पर प्रस्तुत किया।

(२) लोग कहते हैं कि आजकल संस्कृत कहीं नहीं बोली जाती। काशी क्षेत्र में प्रतिदिन संस्कृत संभाषण की ध्वनि सुनाई देती है। समस्त भारतवर्ष में हिन्दुओं के तीर्थ स्थानों में प्रथम गणना काशीधाम की है। इसी कारण भिन्न-भिन्न प्रान्तों के असंख्य नरनारी आकर अपने जन्म को सफल करते हैं।

(३) भीष्म ने कहा—राजा की सेवा तो सब लोग करते ही हैं पर तुमने जब मेरी सेवा की, तब तुम जानती न थी कि मैं राजा हूँ। परमात्मा की

कृपा से मेरा राज्य मुझे फिर मिल गया है मेरा पहला काम यह था कि मैं तुम्हें धन्यवाद देता। अब तुम्हारा जो जी चाहे मुझसे माँग लो।

(४) भाद्रपद महीने की कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान कृष्ण चन्द्र का जन्म हुआ था। इसी कारण हिन्दू लोग इस तिथि को अत्यन्त पवित्र दिन मानते हैं। आज के दिन लोग व्रत करते हैं और कृष्ण जन्म की कथा बाँचते हैं। आज के दिन स्थान-स्थान पर उत्सव मनाया जाता है। मन्दिरों की शोभा देखने योग्य होती है। (१९४)

सहायक शब्द—वधः अनिवार्यः भविष्यत=मारना पड़ेगा। प्रार्थय=माँग लो। मन्यते=मानते हैं। पठन्ति=बाँचते हैं। दर्शनीया=देखने योग्य। हन्तुम्=मारने। कुर्वन्त्येव=कहते ही हैं। याचस्व=माँग लो।

(१)

(१) एक दिन जीमूत वाहन समुद्र के किनारे के वनों को देखने गया। वहाँ उसे शंखचूड़ नामक नाग मिला, जिसकी माता "हा पुत्र" "हा पुत्र" इस प्रकार क्रन्दन कर रही थी।

(२) कारण यह था कि सर्पों के राजा ने गरुड़ से यह निश्चय किया था कि वह प्रत्येक सर्प को न मारे। उसके भोजन के लिए प्रत्येक दिन एक साँप गरुड़ के पास जाया करेगा।

(३) उस दिन गरुड़ के पास जाने की बारी शंखचूड़ की ही थी। इसलिए उसकी माता पुत्र का अन्त निकट जानकर पुत्र शोक से व्याकुल होकर आर्त्त स्वर से विलाप कर रही थी।

(४) जीमूत वाहन ने शंखचूड़ से कहा कि "यदि ऐसा है तो दुःख मत करो, क्योंकि आज मैं तुम्हारी जगह गरुड़ के पास जाऊंगा और अपने जीवन को अर्पण करके तुम्हारी रक्षा करूंगा।" (१९४२)

सहायक शब्द—न मारयतु=न मारे। गमिष्यसि=जाया करेगा। समयः=बार। ज्ञात्वा=जानकर। व्यलपत्=विलाप करने लगी।

(१४)

(१) लड़कों को चाहिए कि अपने बड़ों का सदा आदर करें माता-पिता को साक्षात् देवता समझें। उनकी आज्ञाओं का सदा पालन करें। (२) लड़कों

को अच्छी संगति करनी चाहिए। जीवन में संगति का बड़ा प्रभाव पड़ता है, उसी तरह अच्छी पुस्तकों के पढ़ने से चरित्र सुधरता है।

(३) व्यायाम से मनुष्य स्वस्थ रहता है। प्रत्येक मनुष्य को अपनी शक्ति के अनुसार व्यायाम करना चाहिए। प्रातः और सन्ध्या व्यायाम के लिए उपयुक्त समय है।

(४) व्यायाम से शरीर में लाघव होता है। और काम करने की शक्ति बढ़ती है। जो लड़के व्यायाम नहीं करते और सदा पढ़ा ही करते हैं वे निर्बल होते हैं और उनमें कार्य करने की कम शक्ति होती है।

सहायक शब्द—श्रेष्ठं भवति=सुधरता है। यथाशक्ति=शक्ति के अनुसार। वर्धते=बढ़ती है। न्यूना, अल्पा=कम। (१९४३)

(१५)

(१) बंग देश में एक विख्यात राजा था जो अपनी प्रजा को पुत्रवत् पालता था। एक समथ उसके राज्य में अत्यन्त दुर्भिक्ष हुआ, जिससे सारी प्रजा अत्यन्त पीड़ित हुई।

(२) जो धर्मात्मा है शरणागत का त्याग नहीं करते, विपत्ति में भी धर्म में दृढ़ रहते हैं। इसी कारण उनका यश बढ़ता है। बड़ों के निरादर से मनुष्य नीच दशा को प्राप्त होता है।

(३) सूर्य की किरणों से व्याकुल होकर दो कुत्ते एक वृक्ष की छाया में बैठ गये और वार्तालाप करने लगे। एक ने कहा—"भाई! संसार में मूर्ख लोग व्यर्थ ही लड़ते हैं और दुखित होते हैं।" दूसरे ने उत्तर दिया, "मित्र! तुम सत्य कहते हो। कलह करना अनुचित है।"

(४) अपने कर्त्तव्य को प्रसन्नता से करो। उसके करने में उदास या निराश मत हो, अपने कर्तव्य को मनोरञ्जक बनाओ। इस तरह वह कार्य सुख से सिद्ध होगा। (१९४४)

सहायक शब्द—वार्तालापं कर्तुमारभत=वार्तालाप करने लगे। कलहं कुर्वन्ति=लड़ते हैं। उदासीनः=उदास।

(१६)

(१) वह योग्य बालक है जो सदा स्कूल में उपस्थित रहता है। (२) महाराज दशरथ ने विवश होकर राम को वन में भेज दिया। (३) ठीक है, बलवान और निर्बल की लड़ाई में निर्बल की हानि होती है। (४) एक-समय दो मित्रों ने साथ-साथ यात्रा की और प्रतिज्ञा की कि विपत्ति में एक दूसरे की सहायता करेंगे। (उ० प्र० १९४४)

सहायक शब्द—प्रेषयत्=भेज दिया। सत्यम् अस्ति=ठीक है।

(१७)

(१) नारद ने युधिष्ठर से कहा कि सत्य श्रेष्ठ धर्म है। (२) लड़का सो गया है, उसको जगाना ठीक नहीं है। (३) अनाथों के रक्षक दीनानाथ के सिवाय और कौन है। (४) महाराज चन्द्रगुप्त पाटिलपुत्र में निवास करते थे। (१९४६)

सहायक शब्द—सुप्तः=सो गया है। प्रबोधयितुम्=जगाना। अन्यः=सिवाय।

(१८)

